ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 22 नवम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 286 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

राजस्थान चिरंजीवी योजना भारत की सबसे... पेज 12 पर

गागर में सागर

वन विभाग की लापरवाही -करंट की चपेट में आकर पांच हाथियों की मौत

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी वन क्षेत्र के ऊपरबांधा जंगल के पास करंट लगने से पांच हाथियों की मौत हो गई। इनमें तीन शिशु हाथी, एक नर और एक मादा हाथी हैं। इनकी मौत 33,000 वोल्ट के करेंट की चपेट में आने से हुई है। घटना सोमवार रात की है। हाथियों की मौत की जानकारी तब हुई, जब कुछ ग्रामीण सूखी लकडियां और पत्ते लाने के लिए जंगल में गये। उन्होंने जंगल में मरे हुए हाथियों को देखा और उनकी तस्वीरें खींच कर लाए। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। ग्रामीणों का कहना है कि इन हाथियों की मौत वन विभाग एवं बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से हुई है।

झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक 22 नवंबर को होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सूचित किया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक 22 नवंबर को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से आज ईडी करेगी पूछताछ

रांची। साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन व परिवहन से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में गवाहों को प्रभावित करने और दबाव देने के मामले में रांची पुलिस की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। ईडी ने अबतक की जांच में जो साक्ष्य पाए हैं, उसमें साहिबगंज एसपी नौशाद आलम, रांची पुलिस के कुछ जूनियर पुलिस अफसरों के साथ साथ साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव की भूमिका सामने आयी है।

तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड को राजस्थान में स्वर्ण पदक

रांची। भरतपुर (राजस्थान) में 16 से 22 नवंबर तक आयोजित 43वें जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में मंगलवार को झारखंड जूनियर बालक इंडियन राउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीते। इस टीम में समीर बेहरा, अरविंद टुडू, सुनील कुमार, चितरंजन शामिल थे. बालिका इंडियन राउंड टीम ने कांस्य पदक हासिल किए। इस टीम में वर्षा खलखो, काजल कुमारी, मधु कुमारी, अप्रैल टुडू भी शामिल थीं।

रामगढ़ की चुटुपालू घाटी में भीषण सड़क हादसा, 3 की मौत, कई घायल

रांची। रांची-पटना रोड पर रामगढ़ की चुटुपालू घाटी में मंगलवार को एक अनियंत्रित ट्रेलर ने एक साथ तीन गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में तीन की मौत हो गयी है, जबकि आधा दर्जन से ज्यादा लोग जख्मी हैं। उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटलों में दाखिल कराया गया है। हादसे के बाद एनएच-33 बुरी तरह जाम हो गया। बताया गया कि एक ट्रैक्टर को पुलिस की पीसीआर वैन ने अचानक रोका तो पीछे से आ रहे ट्रेलर ने ट्रैक्टर सहित दो कारों को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेलर एक तरफ पलट गया, जबकि दोनों कार और ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में दो की पहचान हुई है।

आदिवासी भाई-बहनों के विकास का काम कर रही केंद्र सरकार : राष्ट्रपति

आरएनएम। ओडिशा

केंद्र सरकार आदिवासी, खासकर महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। इसका जीवंत उदाहरण मैं खुद हूं, जो ओडिशा के छोटे से गांव से निकल कर आज दिल्ली के सबसे ऊंचे पद पर बैठी हूं। मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ये बातें कहीं। अपने गृह क्षेत्र में मंगलवार को तीन नई ट्रेनों (बदामपहाड़-टाटानगर मेमू, बदामपहाड़-शालीमार साप्ताहिक व बदामपहाड़ राउरकेला साप्ताहिक एक्सप्रेस) को रवाना करने के बाद जनता को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति

मुर्मू ने कहा कि मैं ओडिशा की माटी में ही पली-बढ़ी हूं। आज भले ही ऊंचे पद पर हूं, लेकिन मैं इस माटी को कभी नहीं भूल सकती। राष्ट्रपति ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड विधानसभा : स्थापनादिवस के लिए सजधजकर तैयार

'परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों, पढ़ाई से नाता तोड़ें नहीं'

मुख्यमंत्री से विश्व बाल दिवस पर यूनिसेफ के बाल पत्रकारों ने किया संवाद

किशोरी समृद्धि योजना में अब एक परिवार की दो बच्चियां भी ले सकेंगी लाभ

अभिभावक के साथ अपनी जरूरतों, समस्याओं और परेशानियों को जरूर साझा करें

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को विश्व बाल दिवस पर यूनिसेफ, झारखंड के बाल पत्रकारों ने मुलाकात कर संवाद किया। मुख्यमंत्री से उन्होंने अपने शैक्षणिक अनुभवों और गतिविधियों को साझा किया तथा कई सवाल भी किए। मुख्यमंत्री ने बच्चों को विश्व बाल दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि आपसे मिलकर काफी अच्छा लगता है और मुझे भी काफी कुछ जानने-समझने-सीखने का मौका मिलता है। उन्होंने बच्चे-बच्चियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि

विभिन्न सरकारी विद्यालयों के बाल पत्रकार भी आये थे

विश्व बाल दिवस पर मुख्यमंत्री से संवाद करने के लिए रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों के छह सरकारी विद्यालयों के 20 बाल पत्रकार आए थे। इन बाल पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से संवाद करने के साथ सवाल भी किए। उन्होंने मुख्यमंत्री को बाल पत्रकारों द्वारा संचालित गतिविधियों से भी अवगत कराया। मौके पर बच्चों ने अपने द्वारा बनाई गई ग्रीटिंग कार्ड भी मुख्यमंत्री को भेंट की।

परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, पढ़ाई से नाता नहीं तोड़ें। पढ़ाई से ही बेहतर भविष्य का रास्ता तय होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चियों के सशक्तिकरण और उनको पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए सरकार ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा बच्चियों को मिले, इसलिए इसमें एक ही परिवार से अधिकतम दो बच्चियों को लाभ देने की बाध्यता खत्म की जाएगी। इस योजना से एक ही परिवार में सभी बच्चियों को जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बच्चे -बच्चियों से कहा कि हर किसी के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। आप यदि पढ़े-लिखे होंगे तो उचित-अनुचित का अंतर समझ सकेंगे। आप पर कोई बेवजह का दबाव नहीं बनाएगा। आपकी सोच का दायरा बढ़ेगा और उचित निर्णय ले सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर जिस तरह का माहौल बन रहा है, उसमें बच्चे तनाव में आ जा रहे हैं। इस तनाव के कारण कई बच्चे डिप्रेशन में भी चले जाते हैं। यह हमारे समाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है। बच्चों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता, अभिभावक और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हर मुद्दे पर खुलकर बात करें। संवाद में विषयों को लेकर झिझक नहीं होनी चाहिए। अच्छे ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

जानकारी ही है बचाव

चोरी या गुम मोबाइल को खुद करें ब्लॉक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मोबाइल गुम होने पर या फिर चोरी हो जाने पर आप घर बैठे अपने मोबाइल के आईएमआई नम्बर और सिम कार्ड दोनो को ब्लॉक कर सकते है। मोबाइल मिलने के बाद आप उसे फिर अनलॉक भी कर सकते हैं। सीईआईआर की मदद से हो जाएगा आईएमआई ब्लॉक। मोबाइल गुम होने की स्थिति या फिर मोबाइल चोरी होने की स्थिति में आपकी मदद के लिए सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (ceir) नाम का एप एमएचए की तरफ से तैयार किया गया है। इस ऐप का इस्तेमाल महानगरों में जमकर हो रहा है क्योंकि वहां बड़ी तादात में मोबाइल चोरी की घटनाएं होती हैं। दरअसल सीईआईआर को लेकर लोगों के बीच जानकारी ना होना ही सबसे बड़ी समस्या है।सीईआईआर के बारे में अगर आपको सही जानकारी होगी तो आप मात्र कुछ क्लिक करने के बाद ही अपने चोरी हुए या फिर गुम गए मोबाइल के बारे में पोर्टल को जानकारी देकर मोबाइल का ईएमआई नंबर ब्लॉक करवा सकते हैं। सबसे अच्छी बात तो यह है कि अगर आपका मोबाइल मिल जाता है तो आप उसे दोबारा पोर्टल के माध्यम से ही जरूरी जानकारियां देकर अनब्लॉक भी करवा सकते हैं। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

ceir.gov.in का प्रचार प्रसार शुरू

ceir.gov.in पोर्टल के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जानकारी मिले इसके लिए पुलिस के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। साइबर थाने, पुलिस स्टेशन के अलावा ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया के जरिए भी इस वेबसाइट के बारे में लोगों को जानकारियां दी जा रही है, ताकि लोग जागरुक हो सके और समय रहते अपने मोबाइल फोन को ब्लॉक करवा कर उसके जरिए होने वाले अपराध और फ्रॉड की घटनाओं पर ब्रेक लगा सकते हैं।

डीआईजी अनूप बिरथरे, रांची।

झारखंड लोस के संभावित उम्मीदवारों का हो रहा सर्वे

क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों के पास आएंगे फोन कॉल

आरएनएम। रांची

लोकसभा चुनाव के लिए योग्यतम उम्मीदवारों के चयन को लेकर भाजपा सर्वे करा रही है। सर्वे का काम एक कई स्तर पर हो रहा है। दिसंबर में पांच राज्यों के चुनाव हो जाने के बाद लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जायेगा। राज्यों की चुनाव समिति की अनुशंसाओं के बाद पार्टी का पार्लियामेंट्री बोर्ड उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगाएगा। झारखंड की 14 लोकसभा सीट के लिए चुनाव जीतने में कौन उम्मीदवार जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं की नजर में सबसे योग्य हो सकता है, इसे लेकर सर्वे कराया जा रहा है। विभिन्न स्रोतों से यह पता किया जा रहा है कि किसकी जनता तक नियमित पहुंच है। कौन उम्मीदवार क्षेत्र में कितना सक्रिय है। भाजपा के वर्तमान लोकसभा प्रतिनिधियों के कामकाज, आमलोगों के बीच उनकी पकड़, समस्याओं को लेकर उनकी संजीदगी, उनके निराकरण की दिशा में उनके प्रयास, कार्यकर्ताओं के साथ उनका व्यवहार, क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को लेकर आंकड़े जुटाए गए हैं।

वर्तमान सांसदों के उनके कार्यकाल की कई दृष्टिकोण से स्कैनिंग हो रही है। रॅंडम संपल सर्वे भी कराया जा रहा है हर लोकसभा क्षेत्र में संभावित उम्मीदवारों की पूरी कुंडली तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जा रही है। केंद्रीय नेतृत्व के अधीन भाजपा की एक कोर टीम हर सर्वे रिपोर्ट की समीक्षा और विश्लेषण करती है और आलाकमान के पास इसे सौंपती है।

जिन सीटों पर भाजपा पिछला चुनाव नहीं जीत ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

अंबानी बंगाल में करेंगे बड़ा निवेश

आप सच में अग्निकन्या हैं...

रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने की ममता बनर्जी की तारीफ

आरएनएम। कोलकत्ता

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने मंगलवार को कहा कि उनकी कंपनी पश्चिम बंगाल में अगले तीन साल में 20,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी। यह निवेश खुदरा, दूरसंचार और जैव ऊर्जा क्षेत्र में किया जाएगा। अंबानी ने यहां चल रहे सातवें बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि हमारी अगले तीन साल में 20,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की योजना है। यह निवेश दूरसंचार, खुदरा और बायो एनर्जी सेक्टर में किया जाएगा। रिलायंस बंगाल के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुकेश अंबानी के इस ऐलान को सुनकर मंच पर मौजूद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी खुश हो गईं और उन्होंने तालियां बजाकर अभिवादन किया। केश अंबानी ने कहा कि रिलायंस बंगाल के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। रिलायंस ने अब तक बंगाल में करीब 45,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

मामला : धार्मिक स्थल में तोड़फोड़

5 दिन बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर, ह्यूमन इंटेलिजेंस के भरोसे पुलिस

एसआईटी के हाथ अब तक खाली

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा गांव में एक ही रात में पांच धार्मिक स्थलों में हुई तोड़फोड़ मामले के गुनहगार चार दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कानून के शिकंजे से बाहर है। मांडर और उसके आस पास के दर्जनों गांव अंदर ही अंदर सुलग भी रहे हैं। कोई पुलिस का दावा है कि जल्द से जल्द आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। सूत्रों के अनुसार तकनीकी सेल इसपर तेजी से काम कर रही है।

रांची के मांडर थाना क्षेत्र में हुए धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ के पीछे किन आपराधिक तत्वों का हाथ है इसका पता लगाने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन लाख प्रयास के बावजूद पुलिस को अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। जिन धार्मिक स्थलों के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

जल्द गिरफ्तारी नही हुई तो फिर होगा आंदोलन

मांडर के मुड़मा गांव में 16 नवंबर की रात धार्मिक स्थलों की प्रतिमाओं को खंडित किया गया था। आंदोलन कर रहे ग्रामीणों को पुलिस नया भरोसा दिलाया था की छठ से पूर्व सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं इसकी वजह से ग्रामीणों का आक्रोश अंदर ही अंदर बढ़ रहा है। सूचना के अनुसार अगर जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो ग्रामीण एक बार फिर से सड़क पर उतर सकते हैं, इसकी सूचना पुलिस को भी है।

संभावनाएं अनंत पर झारखंड में पर्यटन उद्योग क्यों नहीं बन पा रहा?

सुनील बादल

झारखंड के बारे में सदियों से एक कहावत प्रचलित है कि यह प्राकृतिक सौन्दर्य और खनिज संपदा से संपन्न सबसे धनी पर सबसे गरीब राज्य है जहां के लोग रोजी रोटी के लिए असम, भूटान से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जाते रहे हैं और आज भी जाते हैं। दूसरी ओर जो पहली बार झारखंड आता है वह यहां के जंगल, पहाड़ों, निश्छल निवासियों और सुहावने मौसम में ऐसा खो जाता है कि उसकी दिली इच्छा होती है कि वह एक जमीन का टुकड़ा खरीदकर यहीं बस जाए। देश विदेश के पर्यटक यहां आते हैं पर जो नहीं आते उनके मन में झारखंड की छवि एक असुरक्षित राज्य की ही रही है।

सरकार के प्रयास और सोशल मीडिया, फिल्मों से लेकर पत्र-पत्रिकाओं और टीवी से बदल रही छवि और अछूते,अनूठे आकर्षण से पर्यटन स्थलों में भीड़ तो बढ़ी पर चमक नहीं बढ़ी और अपार संभावनाओं के बाद भी पर्यटन उद्योग का रूप नहीं ले पाया। हिमाचल, कश्मीर, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु जैसे राज्यों ने अतिथि देवो भवः को मूल मंत्र मानकर हर संभव प्रयास किया जिससे उनकी अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बहुत बड़ा योगदान है। हिमाचल और कश्मीर की तो अर्थव्यवस्था ही पर्यटन पर टिकी है क्योंकि वहां उद्योग धंधे नहीं के बराबर हैं।

झारखंड में जैन धर्मावलंबियों का सबसे पवित्र तीर्थस्थल सम्मेद शिखरजी है जहां पूरी दुनिया के जैन धर्मावलंबी कम-से-कम एक बार जरूर आना चाहते हैं। इसी प्रकार सनातनियों का विश्वस्तर पर चर्चित बाबाधाम देवघर है,सूर्योदय और सूर्यास्त के दुर्लभ दृश्यों वाला नेतरहाट है जहां पड़ोसी राज्य बंगाल से हजारों पर्यटक आते हैं। राजधानी रांची को झीलों का शहर कहा जाता है जिसके आसपास और दूर दराज में प्रकृति की गोद में अनेक जल प्रपात हैं।

अब सवाल यह है कि ग्रामीण-जनजातीय सांस्कृतिक, खनिज, प्राकृतिक, धार्मिक और न जाने कितने नए पुराने एटिहासिक स्थलों-धरोहरों से सजा झारखंड इसे उद्योग के रूप में विकसित क्यों नहीं कर पा रहा? एक अध्ययन के अनुसार महिलाएं कहती हैं कि अभी तो शहरों में ही नाइट टूरिज्म सुरक्षित नहीं है। पर्यटन में पिछड़ने के लिए उच्च शिक्षित पिछले 23 वर्षों की सरकारों को और नक्सलवाद को जिम्मेदार मानते हैं। एक सकारात्मक लक्षण ये जरूर है कि पर्यटकों में युवाओं की संख्या अधिक है जो एडवेंचर पसंद करते हैं। युवा मानते हैं कि राज्य में पर्यटन आगे बढ़ा है। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

▸▸ झारखंड की नयी पर्यटन नीति

4 जुलाई, 2022 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नयी दिल्ली में झारखंड की नयी टूरिज्म पॉलिसी लागू की थी। नयी टूरिज्म पॉलिसी के तहत निवेशकों को स्पेशल पैकेज उपलब्ध कराए जाने की बात की गई थी जिसके तहत राज्य सरकार निवेशकों को प्रथम को प्राथमिकता के आधार पर स्पेशल पैकेज की व्यवस्था थी।

साथ ही निवेशकों को कई तरह के प्रोत्साहन भी दिये जा रहे हैं -

- पूंजी निवेश पर 10 करोड़ की सीमा तक 20-25% सब्सिडी दी जा रही है। 5 वर्षों तक नेट एसजीएसटी का 75% की छूट, 5 वर्षों तक स्टांप शुल्क और एलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी नहीं लगेगी।
- महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं दिव्यांगों के लिये नीति में विशेष व्यवस्था की गई है।
- निवेश और प्रोत्साहन के लिये एकछत तले सारी सुविधाएं स्थल बनाया गया है।
- सीएम ने कहा कि नयी टूरिज्म पॉलिसी के तहत धार्मिक पर्यटन स्थलों देवघर, पारसनाथ, मधुबन और इटखोरी जैसे धार्मिक स्थलों में नागरिक सुविधाएं प्रदान किये जाने के अलावा उनका सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु पर्यटन गतिविधियों को प्रकृति के साथ जोड़ते हुए लातेहार-नेतरहाट-बेतला, चांडिल-दलमा-मिचैर्या-गेटेलसुद इको-सर्किट के विकास का कार्य प्रगति पर है। इन जगहों पर पर्यटकों के रहने के लिये रेस्ट हाउस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
- राज्य की वैभवशाली संस्कृति का अनुभव राज्य की जीवंत और विविध संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिये फूड फेस्टिवल, इंटर स्टेट कल्चरल प्रोग्राम आयोजित करने पर जोर दिया जा रहा है। ग्रामीण पर्यटन की क्षमता को बढ़ाने के लिये चिह्नित गाँवों का सौंदर्यीकरण, स्थानीय व्यंजनों तथा ग्रामीण जन जीवन को बढ़ावा देना शामिल हैं। इस संबंध में ग्राम पर्यटन समितियों (वीटीसी) और ग्रामीण पर्यटन उपसमिति का गठन किया जाएगा। राज्य की पर्यटन पॉलिसी में राज्य की खनिज संपदा को प्रदर्शित करने और खनन पर्यटन के जरिये संभावनाओं को तलाशा जाएगा।
- नयी पर्यटन नीति में एडवेंचर टूरिज्म की गतिविधियों जैसे पैराग्लाइडिंग, वाटर स्पोर्ट्स, रॉक क्लाईबिंग, ग्लाइडिंग आदि को बढ़ावा देना जैसे कार्य शामिल होंगे। वाटर स्पोर्ट्स के लिये तिलैया, मसनजोर, चांडिल, पतरातू, गेतालसूद, केलाघघ, कांके, हटिया जैसे डैम को विकसित करने की योजना है।

गागर में सागर

एडीजी अभियान सड़क सुरक्षा को लेकर 24 नवंबर को करेंगे समीक्षा बैठक

रांची। झारखंड एडीजी अभियान सड़क सुरक्षा को लेकर 24 नवंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। समीक्षा बैठक में सभी जिलों के एसएसपी और एसपी भी मौजद रहेंगे। इस दौरान जिलावार चिन्हित कर उपलब्ध कराये ब्लैक स्पॉट, एमवी एक्ट के तहत की गयी कार्रवाई, थाना में कितने फर्स्ट ऐड किट उपलब्ध कराये गये, प्रशिक्षित किये गये कर्मियों की संख्या, जीपीएस मैप कैमरा लाइट इंस्टॉल, क्यूआर कोड की जिलावार स्थिति और सड़क दुर्घटना की स्थिति व आंकड़ों पर चर्चा की जायेगी।

सिल्ली के छाता टांड़ में पंच परगना झूमर महोत्सव का आयोजन कल

सिल्ली। सिल्ली छताटांड़ स्कूल परिसर में बुधवार को पंच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान पूर्वाह्न 11 बजे से पंच परगना झूमर महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम से पुर्व पुर्वाह्न 10 बजे ग्राम विकास स्कूल के समीप से कार्यक्रम स्थल छाताटांड़ तक एक सोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें पंच परगना क्षेत्र के सभी कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारी पुरी कर ली गई है। सिल्ली प्रखंड समिति के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने इसकी जानकारी देते हुए आम लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

झाड़ू-पोछा के विवाद ने घर को लगाई आग

रांची। बरियातू हाउसिंग कॉलोनी में झाड़ू-पोछा को लेकर हुए विवाद में दो पड़ोसी भिड़ गए। आरोपियों ने रामजी राम का लाठी से सिर फोड़ दिया। घायल को लेकर परिजन अस्पताल गए। इस दौरान आरोपियों ने उनके घर को भी आग के हवाले कर दिया। घटना में टीवी, फ्रिज समेत अन्य सामान राख हो गए। इस मामले में पीड़िता आशा देवी ने कुसुम देवी, मनोज कुमार, मीष कुमार, जूही समेत अन्य के खिलाफ बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने आरोपियों के घर पर छापेमारी भी की, लेकिन सभी फरार मिले।पीड़िता आशा देवी ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को घर के बाहर झाड़ू-पोछा लगा रही थी। इसी बीच पड़ोसी कुसुम देवी भी अपने घर का कचड़ा उनके बरामदे में लाकर रख दिया। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद होने लगा। परिवार वाले भी आपस में उलझ गए। रामजी राम के सिर पर लाठी से मार दिया। उन्हें आनन-फानन में रिम्स ले जाया गया। उस वक्त रामजी के घर पर कोई नहीं था। तभी घर में आग लगा दी गई।

रांची के भगवान जगन्नाथपुर मंदिर में चोरी

रांची। धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथ मंदिर में चोरी का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। जगन्नाथपुर मंदिर परिसर के भीतर ही पुजारी का कमरा बना हुआ है। सोमवार की देर रात मंदिर परिसर स्थित पुजारी के कमरे से 20 हजार रुपये नगद, पेन ड्राइव, मंदिर के सजावट के सामान और साउंड सिस्टम को गायब कर दिया गया है। मंदिर में चोरी की घटना के बाद मामले की जानकारी धुर्वा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान में जुटी हुई है। चोर खिड़की के ग्रिल को काटकर पुजारी के कमरे में प्रवेश किया और फिर कमरे के अंदर रखें सामान लेकर फरार हो गए। धुर्वा थाना प्रभारी विमल नंदन सिन्हा ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

अमर बाउरी ने एनएचएआई की इंजीनियरिंग पर उठाये सवाल

रांची। झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की की इंजीनियरिंग पर सवाल उठाये हैं। रांची-हजारीबाग एनएच पर रामगढ़ के चुटुपालू में हुए भीषण सड़क हादसे के बाद उन्होंने बयान दिया कि सड़कों की खराब इंजीनियरिंग के कारण हादसे होते हैं। केंद्र सरकार की एजेंसी एनएचएआई ने इस सड़क का निर्माण किया है। अपने बयान से बाउरी ने अपनी ही भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों के बाद संवेदना संदेशों और छोटी मुआवजा राशि देकर इतिश्री नहीं की जानी चाहिए, बल्कि हादसों को रोकने के लिए ठोस रूपरेखा बननी चाहिए। इसके लिए यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि सड़कों को दोषपूर्ण डिजाइन से मुक्ति मिले।

रेल परियोजनाओं के लिए जमीन मुहैया कराएं मुख्यमंत्री : अश्विनी वैष्णव

रांची। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेल परियोजनाओं के लिए जमीन सहज रूप से मुहैया कराएं क्योंकि रेलवे ट्रैक या रेलवे स्टेशन बनाने में परेशानी होती है। चुटिया के पावर हाउस के पास रेलवे अंडरपास बनाने के लिए प्रपोजल आने के 40 दिनों के अंदर काम की स्वीकृति देने की बात कही। अश्विनी वैष्णव मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि झारखंड में 57 रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने की मंजूरी दी गई है। रेल मंत्री ने स्पेशल ट्रेन और अन्य कई ट्रेन लेट चलने के मामले में कहा कि पटरियों की कमी होने की वजह से ट्रेन लेट चल रही है। उन्होंने पत्रकारों को मिलने वाली सुविधाओं पर कहा कि अब भी 55 प्रतिशत सब्सिडी रेल मंत्रालय दे रहा है।राज्य में ईडी की कार्र वाई के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ऐसा काम ही क्यों करते हैं। मौके पर रांची के सांसद संजय सेठ,और हटिया के विधायक नवीन जायसवाल सहित रेलवे के अधिकारी मौजूद थे।

गोपाष्टमी व आवला नवमी के सुअवसर पर भंडारे के प्रसाद का किया वितरण

प्रसाद ग्रहण कर भक्तों ने सुख व समृद्धि की प्रार्थना की

नवीन मेल संवाददाता। रांची
एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची के संस्थापक और संरक्षक परमहंस श्रीश्री 1008 संत शिरोमणी स्वामी सदानंद जी महाराज के जनसेवा को समर्पित (51) स्वर्णिम (वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 120 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों को श्री कृष्ण प्रणामी निःशुल्क भंडारे का वितरण करते हुए 120 सप्ताह हो गया हं। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे में प्रत्येक रविवार को लगभग 1000 से 1500 सौ भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किय गया। आज का 120 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी भंडारा संस्था के सदस्यों के सौजन्य से छठ महापर्व, गोपाष्टमी एवं आवला नवमी के सुअवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1100 से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण प्रणामी

अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में संस्था के सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से अपने-अपने पूर्वजों की स्मृति में श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, नन्द किशोर चौधरी, ज्ञान प्रकाश शर्मा के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में आये हुए भक्त प्रेमियों,राहगीरों एवं छोटे-छोटे बच्चों के बीच छठ एवं आवला नवमी के सुअवसर पर 120 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यो ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहां उपस्थित महिला और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन टिका कर के भजन संकीर्तन कर मंदिर में उपस्थित ब्राह्मणों को भोजन कराकर 120 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया। आस्था के पर्व छठ महापर्व, गोपाष्टमी होने के कारण मंगलवार आवला नवमी के दिन भंडारे का आयोजन रविवार की जगह मंगलवार को सुबह से ही भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओ में उत्साह बना हुआ था उत्साह में कोई कमी नही थी। दोपहर 12 बजे से ही मंदिर परिसर मे श्रद्धालुओं का प्रसाद ग्रहण करने के लिए आना शुरू हो गया था।आज लगभग 1100 से ज्यादा श्रद्धालुओ, राहगीरों एव जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद मे पुड़ी,भेजिटेबल पुलाव,आलु टमाटर मिश्रित सब्जी एव केसरीया खीर का वितरण कर सेवा की गई।

ऑनर किलिंग -गढ़वा में पिता ने बेटी की गोली मारकर हत्या की

रांची। गढ़वा में एक पंद्रह वषीर्या किशोरी की हत्या की पिता ने की जो दूसरे समुदाय के एक लड़के के साथ उसके प्रेम प्रसंग से नाराज थे। उन्होंने बेटी को गोली मार दी और शव को घर में लाकर रख दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। जिस बंदूक से किशोरी को गोली मारी गई, उसे भी बरामद कर लिया गया है। वारदात रंका थाना क्षेत्र के नगारी गांव की है।

बताया गया कि सोमवार की रात करीब आठ बजे किशोरी अपने प्रेमी से मिलने निकली थी। इस बीच उसके पिता संजय सिंह को यह बात पता चली तो वह बंदूक लेकर बेटी की तलाश में निकले। घर से थोड़ी से दूर पर किशोरी अपने ब्वॉय फ्रेंड के साथ बात कर रही थी। संजय सिंह ने उन्हें देखते ही बंदूक से गोली चलाई, जो उनकी ही बेटी को लगी। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दूसरी तरफ लड़का मौके से भाग खड़ा हुआ। इसके बाद वह बेटी के शव को घर ले आए।

बेड़ो में करोड़ों खर्च के बाद भी लोगों के हलकसूखे

जलापूर्ति योजनाओं के नाम पर हो रही है खानापूर्ति

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल को लेकर गांव-गांव में योजना है फिर भी प्यास से लोगों का हलक सूख रहे हैं। जलापूर्ति की योजनाओं के नाम पर जमकर लूट हुई ज्यादातर योजनाएं ठप है। पेयजल को लेकर कागजों में सब कुछ ठीक दिखाई देता है लेकिन धरातल पर योजनाएं पानी मांग रही है।प्रखंड के सत्रह पंचायत के 84 गांवों में पानी के नाम पर संचालित योजनाएं दम तोड़ रहे हैं। हाल यह है कि 14वीं 15वीं वित्त से बनी नल जल योजना के बाद ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। जबकि सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है, नल जल योजना के जरिए सरकार ग्रामीण क्षेत्र में घर घर नल से पहुंचाने की कोशिश में है, लेकिन सरकार की इस योजना पर जिम्मेदार लापरवाही कर पलीता लगाते नजर आ रहे हैं।जिसके कारण सरकार की नल जल योजना का लाभ लोगों तक नहीं

पहुंच रहा है। गांवों में सरकार ने योजना के तहत नल तो लगा दिए हैं, लोगों का कहना है कि पता नहीं पानी कब आएगा। इस योजना में लूट खसोट का आलम यह है कि कमीशन के चक्कर में विभागीय अधिकारियों द्वारा स्थल के निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति की जाती है और आम लोग कल की तरह आज भी शुद्ध पेयजल मिलने की उम्मीद में टकटकी लगाए बैठे हैं। नल जल योजना का शुरूआत किया गया तब ग्रामीणों को लगा कि अब वे लोग भी कुआं का पानी नहीं पीकर स्वच्छ पानी पिया करेंगे। लेकिन योजना ने दम तोड़ दिया और वे लोग एक बार फिर कुआं का पानी पीने को मजबूर हो गए। ग्रामीणों ने बताया इसकी शिकायत विभाग के जेई व बीडीओ से कई बार किया गया कितु मामला जस का तस बना रहा। प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश गांव में हर घर नल का जल एक सपना बन कर रह गया है। सरकार ने जिस तेजी से गांव में नल जल योजना की शुरूआत किया उससे लगा कि अब शुद्ध जल की समस्या से निजात मिल जाएगा मगर ऐसा नही हुआ। सड़क के किनारे घर तक पाइप लाया गया उसके साथ साथ नल भी लगाया गया। लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं हो पायी है। वही अंदर के घरों तक तो योजना कागज पर ही सिमट गई है। प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी खुराहटोली के तेजू मुंडा ने कहा की लगभग एक वर्षो से पानी नहीं आ रहा है और कोई पूछने वाला भी नही है। नल तो लगा दिया है लेकिन पानी का अब तक कोई पता नहीं है।

बाबूलाल ने टनल में फंसे मजदूरों के परिजनों से गडकरी की कराई बात



नवीन मेल संवाददाता। रांची
उत्तराखंड के टनल में झारखंड के 15 मजदूर फंसे हुए हैं। इसे लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड से बड़े पैमाने पर मजदूर बाहर के राज्यों में मजदूरी करने जाते हैं। ऐसे हादसों से परिजनों के साथ बाहर जाकर कमाने वाले मजदूरों के परिजनों की चिंता बढ़ जाती है। टनल में फंसे कई ऐसे मजदूर हैं जिनके माता-पिता दिव्यांग हैं। घर में उनके सिवा कोई कमाने वाला नहीं है। ऐसे माता-पिता और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मजदूरों के घरों में इस साल दिवाली और छठ जैसे त्योहार नहीं मनाये गये। बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर भाजपा के गिरिडीह जिलाध्यक्ष महादेव दुबे ने बिरनी प्रखंड के सिमराधाब गांव पहुंच कर टनल में फंसे सुबोध शर्मा के माता-पिता से नितिन गड़करी की बात कराई। केंद्रीय मंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाया और बेटे की सकुशल वापसी का भरोसा दिया।

उर्दू शिक्षक बहाली पर आमया संगठन ने की बैठक

उर्दू के साथ सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : नौशाद आलम

नवीन मेल संवाददाता। रातू
प्रखंड के हुरहुरी में आमया संगठन के केंद्रीय सचिव नौशाद आलम के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के उपरन्त उर्दू के साथ सौतेला व्यवहार को लेकर पोस्टर जारी किया गया। श्री आलम ने कहा की 23 वर्षों से 4401 उर्दू शिक्षक के पद जो बिहार सरकार के समय से पद सृजित है जिसे नया से सृजित करने की आवश्यकता नहीं है।3712 पद अभी तक खाली पड़े हैं जिसका सुध लेने वाला कोई नहीं है। शिक्षक नहीं होने के कारण विद्यालयों में उर्दू भाषी छात्र उर्दू विषय के पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं वहीं उनको उर्दू

लिपि में किताबें भी नहीं दी जा रही है जो उर्दू के साथ सरासर ना इंसाफी है। महागठबंधन सरकार ने चुनावी वादा भी किया था की उर्दू शिक्षक के पदों पर बहाली की जायेगी। परन्तु चार वर्ष पूर्ण होने को है लेकिन अब तक प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। जिसके विरोध में और बहाली प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग को लेकर 28 नवंबर को राजभवन के समक्ष आमया संगठन द्वारा महाधरना का आयोजन किया जाएगा। मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष आफताब आलम, झारखंड छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल बारीक ने कहा कि महाधरना को लेकर तैयारी जोरों पर है। धरना में रांची के अलावा अन्य जिलों से भी संगठन के लो शामिल होंगे। बैठक में फिरोज अंसारी, इरशाद अंसारी, हाफिज जान मोहम्मद, आसिफ कलाम, शाहनवाज (सोनू), कासिम अंसारी, नसीम अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूंटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–PMAAGY-4/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी
2 परिमाण विपत्र की बिक्र की तिथि :– 28.11.2023 (5.00 बजे अपराहन तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 29.11.2023(3.00 बजे अपराहन तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.11.2023(3:30 बजे अपराहन)
6. परिमाण विपत्र बिक्री का सीन :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी
7 निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :–

ग्रुप सं०	योजना का नाम	ग्राम	प्रखंड	प्राक्कलित राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	Construction of Boulder Masonry Drain 235 Feet	Tirla	तोरपा	9.99016	0.01250	0.20	45 दिन
	Construction of Boulder Masonry Drain 235 Feet	Tirla					
	Construction of Boulder Masonry Drain 233.8 Feet	Satal					
	Construction of Boulder Masonry Drain 235 Feet 235 Feet	Sundari					
2.	Construction of Boulder Masonry Drain 225.4 Feet	Urikel	तोरपा	9.99387	0.01250	0.20	45 दिन
	Construction of Boulder Masonry Drain 225.4 Feet	Urikel					
	Construction of Boulder Masonry Drain 225.4 Feet	Urikel					
	Construction of Boulder Masonry Drain 225.4 Feet	Urikel					
3.	Construction of Boulder Masonry Drain 280.8 Feet	Okra	तोरपा	9.00	0.01250	0.18	45 दिन
	Construction of Boulder Masonry Drain 275.07 Feet	Pyra					
	Construction of Boulder Masonry Drain 278.8 Feet	Raisimla					
4.	Construction of Boulder Masonry Drain 271 Feet	Lohajimi	तोरपा	9.00	0.01250	0.18	45 दिन
	Construction of Boulder Masonry Drain 270 Feet	Phatka					
	Construction of Boulder Masonry Drain 270 Feet	Phatka					
5.	Construction of Boulder Masonry Drain 274 Feet	Manmani	तोरपा	8.50	0.01250	0.17	45 दिन
	Construction of Boulder Masonry Drain 271 Feet	Nichitpur					
	Construction of Boulder Masonry Drain 226 Feet	Balakhel	रनियाँ				
6.	Construction of Boulder Masonry Drain 717 Feet	Chaldanru	कर्रा	7.20	0.01250	0.15	45 दिन
7.	Construction of Boulder Masonry Drain 196.7 Feet	Bamraza	कर्रा	7.08	0.01250	0.15	45 दिन
	Construction of Boulder Masonry Drain 288.84 Feet	Sarwadag					
	Construction of Boulder Masonry Drain 214 Feet	Sarwadag					
8.	Construction of Boulder Masonry Drain 416 Feet	Dhanamunji	कर्रा	6.20	0.01250	0.13	45 दिन
	Construction of Boulder Masonry Drain 198.2 Feet	Bingaon					
9.	Construction of Boulder Masonry Drain 401 Feet	Doriya	अड़की	8.70	0.01250	0.18	45 दिन
	Construction of Boulder Masonry Drain 401 Feet	Sonpur					
10.	Construction of Boulder Masonry Drain 350.56 Feet	Madhatu	अड़की	4.00	0.00750	0.08	30 दिन
11.	Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet	Kalamati	खूँटी	4.00	0.00750	0.08	30 दिन
	Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet	Fudi					
12.	Construction of Boulder Masonry Drain 357 Feet	Hethgoa	मुरहू	9.60	0.01250	0.20	45 दिन
	Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet	Jamri	खूँटी				
	Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet	Poseya					
	Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet	Saridkel					
13.	Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet	Jojohatu	खूँटी	6.00	0.01250	0.12	45 दिन
	Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet	Kujram					
	Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet	Sandasom					

निविदा की शर्त www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
PR.NO.311689 Minor Irrigation(23-24):D
कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी।

सैलानियों से गुलजार होने लगे हैं खूंटी के पर्यटन स्थल

झरने व पहाड़ की वादियां सैलानियों को कर रहा आकर्षित

नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी
दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के बीत जाने के बाद खूंटी क्षेत्र में वनभोज उत्सव की शुरूआत हो गई है। जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पेरवांघाघ, पंचघाघ, लतरातू जलाशय, लटरजंग डैम, रानी फॉल, उलूंग जल प्रपात, सप्तधारा सहित अन्य पर्यटन स्थल नवंबर महीने के अंतिम सप्ताह से सैलानियों से गुलजार होने लगे हैं। भगवान बिरसा मुंडा जैसे अमर शहीद, मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जैसे खिलाड़ियों की धरती खूंटी हमेशा से ही सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती रही है। प्रकृति ने खूंटी जिले को पेरवाघाघ जल प्रपात पंचघाघ, रानी फॉल, दशम फॉल, रिमिक्स फाल, उलूंग जलप्रपात, सप्तधारा, पाड़ी पुड़िंग, जैसे अनुपम पर्यटन स्थल दिये हैं, तो बाबा आम्रेश्वर धाम, नकटी देवी, सोनमेर मात मंदिर, पाट पहाड़ कर्रा जैसे कई विख्यात धार्मिक स्थल प्रदान किये हैं, जो सैलानियों और धार्मिक अस्था वाले लोगों को बरबस ही अपनी ओर खींच लाते हैं। इन स्थलों में आकर सैलानी अपने को प्रकृति के निकट महसूस करते हैं। इनके अलावा कर्रा प्रखंड को लतरातू जलाशय, खूंटी का लटरजंग डैम, पेलौल डैम जैसे मानव निर्मित पर्यटन स्थल भी इन दिनों पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। हर साल अंतिम वर्ष की विदाई और नववर्ष के स्वागत में दूर-दूर से सैलानी इन स्थलों में पहुंचते है और प्रकृति के अनुपम उपहार और सौंदर्य को निहारते है। वैसे तो सालों भर इन पर्यटन और धार्मिक स्थलों में लोगों का आवगमन होता रहता है, पर नवंबर से फरवरी महीने तक हर दिन इन क्षेत्रों में सैलानियों की भारी भीड़ जुटती है। प्रकृति की अनमोल

सुंदरता वाले दर्शनीय स्थल, पहाड़ी वादियों के बीच से बहती नदियों को निहारना काफी मनमोहक लगता है। जरूरत है इन मनमोहक स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक उपाय करने के साथ इनको विकसित करने की।

नहीं हो सका पर्यटन स्थलों का अपेक्षित विकास : इन पर्यटक स्थलों के समग्र विकास को लेकर सरकार और स्थानीय प्रशासन द्वारा कुछ खास नहीं किया जा सका है। इस ओर से प्रशासनिक रवैया लगभग उदासीन ही रहा है। खूंटी जिले के पर्यटन स्थलों की चर्चा तो खूब होती है, पर धरातल पर कोई पहल होती नहीं दिखाई देती है। जिले के पर्यटन स्थलों में कहीं भी सैलानियों के ठहरने के लिए किसी प्रकार का कोई इंतजाम नहीं है। इतना ही नहीं, सैलानियों के खाने-पीने और अन्य सुविधाओं की भी पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कों की स्थिति को भी अब तक

गागर में सागर

मुख्यमंत्री से मिला लुगुबुरु घंटाबाड़ी का प्रतिनिधिमंडल, दिया निमंत्रण

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़, लालपनियां, गोमिया, बोकारो के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 26-27 नवंबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस महासम्मेलन में देश -विदेश से हजारों सरना धर्मावलम्बी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में लुगुबुरु घंटाबाड़ी के अध्यक्ष बबली सोरेन, देश परगना बैजू मुर्मू, जयराम हांसदा, बबलू हेंब्रम, दासमाथ हांसदा, दुर्गा चरण मुर्मू, सीता मुर्मू और सविता टुडू शामिल थीं।

अब इमाम भी जा सकेंगे उमरा पर

रांची। हर मुसलमान की ख्वाहिश होती है कि एक बार हज और उमरा के लिए जरूर मक्का जाएं, इसके लिए लोग पैसे बचा कर रखते हैं ताकि एक बार उमरा में जा सकें। जी हां अब रांचीवासियों के लिए खुशखबरी है कि कम खर्चे में अल असरा ट्रेवल्स उमरा में भेज रहा है। इसका ऑफिस अंजुमन प्लाजा रांची के दूसरे तल्ले पर है। ऑफिस हेड सरफराज अहमद ने बताया कि हमारे यहां से लोगों को पूरा विश्वास है कि यहां से अच्छी सेवा मिलती है। मक्का जाने वाले अकीदतमंदों को हर सुविधा दी जाती है। मक्का के नजदीक होटल में ठहराया जाता है। ऑफिस हेड सरफराज ने बताया कि जायरीन को इबादत करने में आसानी हो इसके लिए होटल के नजदीक कराया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जायरीन को पैकेज में एयरलाइंस की टिकट, वीजा , इंश्योरेंस के साथ ट्रांसपोर्ट, नाश्ता, खाना, लॉन्ड्री की सुविधा दी जाएगी। कई जगहों का जियारत भी करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि अल असरा ट्रैवल इमाम और मोअजीन को मुनासिब पैसे लेकर उमरा में भेज रहा है। सरफराज ने बताया कि हाजियों के साथ एक हाजी भी साथ में जाते हैं ताकि उनकी पूरी देखरेख हो सके। उनको कभी भी कोई परेशानी ना हो।

चोरी के दो आरोपियों को जेल

रांची। राजधानी की मुरी थाना पुलिस ने हिंडाल्को क्वार्टर कॉलोनी में घुसकर चोरी का प्रयास करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में इम्तियाज उर्फ इम्तियाज आलम और साहिल खान शामिल हैं। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने मंगलवार को बताया कि दोनों को चोरी करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

फ्रेंड्स कॉलोनी में भाई की गला रेत कर हत्या, एक गिरफ्तार और अन्य फरार

रांची। रांची के लालपुर थाना क्षेत्र के फ्रेंड्स कॉलोनी में एक युवक को पीटने के बाद गला रेत कर हत्या कर दी गई। इस वारदात को सगे भाई समेत अन्य परिजनों ने ही अंजाम दिया है। घटना रविवार की रात की बतायी जा रही है। मंगलवार की सुबह लालपुर पुलिस ने युवक का शव उसके मां के कमरे का दरवाजा तोड़कर बरामद किया है। मृतक का नाम नितेश लाहा है और फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित घटना स्थल से कुछ दूरी पर ही रहता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में संपत्ति विवाद में हत्या की बात सामने आयी है। पुलिस के अनुसार नितेश आपराधिक छवि का था और उस पर कई मामले भी दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि नितेश की बहन मोनी ने सोमवार को पुलिस को अपने भाई नितेश के लापता होने की सूचना दी। पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी हुई थी। इसी बीच पुलिस को पता चला कि नितेश की मां के कमरे में ताला लटका हुआ है और वह दो दिन से गायब है। काफी तलाश के बाद जब उसकी मां का पता नहीं चला, तब मंगलवार की सुबह लालपुर पुलिस नितेश की मां के घर पर पहुंची। उसके कमरे के दरवाजे में लगा ताला तोड़कर जब पुलिस घुसी तो देखा कि फर्श पर खून बिखरा पड़ा है और खून से लथपथ नितेश जमीन पर पड़ा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। वहीं पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने मामले में मृतक के भाई आरोपी विवेक उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। मां, भाई और जीजा के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी बहन मोनी देवी के बयान पर मां नीना देवी, भाई विवेक उर्फ विक्की और जीजा रंजीत कुमार के खिलाफ लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में तीनों पर नितेश लाहा की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। बहन ने पुलिस को बताया कि संपत्ति को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था।

झारखंड में 39 बीडीओ बदले, अधिसूचना जारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने बीडीओ स्तर के 39 अधिकारियों का तबादला किया है। ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव संजीव कुमार ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक निखिल गौरव को चतरा जिले के हंटरगंज का बीडीओ बनाया गया है। वे पदस्थापन की प्रतीक्षा में थे। पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे हरि उरांव को देवघर जिले के करों प्रखंड का नया बीडीओ बनाया गया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत राजेश कुमार सिन्हा को धनबाद के बलियापुर का बीडीओ बनाया गया है। हजाराबीग सदर की बीडीओ गुंजन कुमारी सिन्हा, गिरिडीह के सरिया की बीडीओ पायल राज, सर्ड के व्याख्याता रोहित सिंह की सेवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग (झारखंड) को वापस कर दी गयी है। गढ़वा जिले के रमकंडा के बीडीओ पुष्कर सिंह मुंडा का तबादला कर दिया गया है। इन्हें पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। संजय कुमार को गढ़वा जिले के रमना प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। वे पदस्थापन की प्रतीक्षा में थे। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत रवींद्र कुमार को गढ़वा जिले के खरौंदी प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। सुदेश कुमार को गढ़वा जिले के डंडई का बीडीओ (प्रखंड विकास पदाधिकारी) बनाया गया है। कोडरमा के मरकच्चो के बीडीओ पप्पू रजक को ट्रांसफर करते हुए गिरिडीह के सरिया का बीडीओ बनाया गया है। निशांत अंजुम को गिरिडीह के गांडेय प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत संजय कुमार सिन्हा को गोड्डा के महागामा का नया बीडीओ बनाया गया है। अनु प्रिया को हजारीबाग का नया बीडीओ बनाया गया है। ये पदस्थापन की प्रतीक्षा में थीं। निधि रजवार को हजारीबाग के चलकुशा का बीडीओ बनाया गया है। नुपूर कुमारी को जामताड़ा के करमाटांड़-विद्यासागर का बीडीओ बनाया गया है। कनक को कोडरमा जिले के चंदवारा प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। ये भी पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत थीं पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मनोज कुमार तिवारी को लातेहार सदर का बीडीओ बनाया गया है। अजय कुमार तिर्की को लोहरदगा के पेशरार प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। पाकुड़ के हिरणपुर के नए बीडीओ पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मनोज कुमार तिवारी को लातेहार सदर का बीडीओ बनाया गया है। अजय कुमार तिर्की को लोहरदगा के पेशरार प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। पाकुड़ के हिरणपुर के नए बीडीओ टुडू दिलीप बनाए गए हैं। गढ़वा के मझिआंव के बीडीओ नितेश भाष्कर का ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्हें पलामू जिले के चैनपुर का बीडीओ बनाया गया है। ठाकुर गौरी शंकर शर्मा सर्ड में व्याख्याता के पद पर थे। उन्हें ट्रांसफर करते हुए सिमडेगा के कुरडेग का बीडीओ बनाया गया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत सुचित्रा मिंज सर्ड की व्याख्याता बनायी गयी हैं।

इनकी सेवा कार्मिक विभाग को वापस की गई : हजाराबीग सदर की बीडीओ गुंजन कुमारी सिन्हा, गिरिडीह के सरिया की बीडीओ पायल राज, सर्ड के व्याख्याता रोहित सिंह की सेवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग (झारखंड) को वापस कर दी गयी है।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल की छात्राओं का 'स्पीक आउट-2023' में उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की छात्राओं ने अमृतसर में आयोजित ऑनलाइन एनुअल इंटर स्कूल लिटरेरी इवेंट 'स्पीक आउट-2023' में एक बार फिर बाजी मारी। इस अंतरराष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में 46 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। कक्षा 10वीं की निश्का राज को रचनात्मक लेखन श्रेणी के लिए सर्वश्रेष्ठ लेखक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हमारे विद्यालय को स्लैम पोएट्री श्रेणी के लिए ओवरऑल बेस्ट डेलिगेशन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया जिसमें कक्षा 11वीं के अतिशय सिंह एवं कक्षा 10वीं की प्रज्ञाश्री होता ने भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विजेताओं, शिक्षकों और अभिभावकों को उनके समर्पित प्रयासों के लिए बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने सभी को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है।

झारखंड विस के स्थापना दिवस पर 22 को सजेगी महफिल

उत्कृष्ट विधायक और कर्मी होंगे सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस बुधवार को है। दो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर विधानसभा की ओर से तैयारी पूरी कर ली गयी है। 23 नवंबर को शाम छह बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय कलाकारों के लोक गायन और संगीत से होगी। कार्यक्रम में सिंगर जावेद अली और गजल गायक कुमार सत्यम के गजलों का लोग लुत्फ उठायेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के क्रम हास्य कलाकार रविंद्र जॉनी के व्यंग्य के तीर भी चलेंगे। 22 नवंबर को स्थापना दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक नलिन सोरेन समेत मंत्री और सत्ता पक्ष व विपक्ष के विधायक मौजूद रहेंगे। इस साल मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक के रूप में चुना गया है। इन्हें बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इन्हें मुख्यमंत्री के हाथों 51 हजार रुपये प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। रामचंद्र सिंह कांग्रेस विधायक हैं। वे मनिका विधानसभा से तीसरी बार विधायक चुने गये हैं। समारोह में उत्कृष्ट विधायक के साथ छह कर्मियों को भी सम्मानित किया जायेगा। इन कर्मियों को 21 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो दिया जायेगा। सम्मानित होने वाले कर्मियों में संयुक्त सचिव मिथिलेश कुमार मिश्रा, अवर सचिव विष्णु पासवान, प्रशाखा पदाधिकारी निलेश कुमार सिंह और नियाज अहमद, वरीय सचिवालय सहायक तापस कुमार यादव और अनुसेवक माइकल लकड़ा हैं। समारोह में नक्सली घटनाओं में मारे गये राज्य के शहीद जवानों के परिजनों, 10 वीं व 12 वीं के टॉपर, उत्कृष्ट खिलाड़ियों और चंद्रयान मिशन से जुड़े झारखंड के वैज्ञानिकों को विशेष तौर पर सम्मानित किया जायेगा।

सिविल सर्जन ने अस्पताल/क्लीनिक के नये निबंधन को लेकर की बैठक

सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक का निरीक्षण करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ. प्रभात कुमार द्वारा जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक की अध्यक्षता की गई। जिला सलाहकार समिति के बैठक में उपाधीक्षक सदर अस्पताल रांची, डॉ. एके खैतान, सहायक नोडल पदाधिकारी पीसी एंड पीएनडीटी रांची, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची, डॉ. प्रभात शंकर, पीसी एंड पीएनडीटी कोर्डिनेटर राकेश कुमार राय एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में पीसी एंड पीएनडीटी की सलाहकार समिति द्वारा निम्न निर्णय लिए गए

- नया निबंधन हेतु 07 अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक का स्वीकृती दी गई।
- नवीकरण के लिए 09 अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक को स्वीकृती दी गई।
- सिविल सर्जन (सदर) रांची द्वारा वैसे क्लिनिक जो अन रजिस्टर्ड है और कोई अन क्वालीफाइड पर्सन अल्ट्रासाउण्ड का कार्य कर रहा है उस पर कारवाई करने के निर्देश दिया गया।
- मुखबरी योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया।
- सिविल सर्जन (सदर) रांची द्वारा सभी अल्ट्रासाउण्ड संस्थान का सख़्ती से निरीक्षण करने का निर्देश सम्बंधित सभी अधिकारियों को दिया गया।
- डॉक्टर योगदान के लिए प्राप्त अभ्यावेदन में समिति द्वारा सर्वसम्मति से डॉक्टर योगदान की स्वीकृति दी गई
- समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की जिन यूजीसी संस्थान का नवीकरण के लिए स्वीकृति प्रदान नही की दी गई है, उनके संस्थान को फॉर्म-उ निर्गत की जाए।

रांची से बलरामपुर के लिए 24 को एक ट्रिप चलेगी छठ स्पेशल ट्रेन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08628- 08627 रांची- बलरामपुर - रांची छठ स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। मंगलवार को रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ट्रेन संख्या 08628 रांची - बलरामपुर छठ स्पेशल 24 नवम्बर (शुक्रवार को) रांची से चलेगी। यह केवल एक ट्रिप चलेगी। ट्रेन रांची से 21:45 बजे खुलेगी, जो मुरी, बोकारो स्टील सिटी, धनबाद, जसीडीह, झाझा, किउल, बख्तियारपुर, पटना, गोरखपुर होते हुए बलरामपुर शाम 18:30 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में जनरेटर कार का एक कोच, एसएलआरडी का एक कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के चार कोच, वातानुकूलित 3-टियर (इकोनोमी) के पांच कोच और वातानुकूलित 3-टियर के आठ कोच कुल 19 कोच होंगे। यही ट्रेन (नंबर 08627) बलरामपुर से रांची के लिए 25 नवम्बर (शनिवार) को चलेगी। यह भी केवल एक ट्रिप चलेगी। ट्रेन बलरामपुर से 23:30 बजे खुलेगी ।

मिड डे मील घोटाला मामले के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने मंगलवार को 100 करोड़ मिड डे मील घोटाला मामले में आरोपित संजय तिवारी की जमानत याचिका खारिज कर दी । इस मामले में आरोपित संजय तिवारी 22 नवम्बर 2021 से जेल में बंद है। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में आरोपित हैं। यह मामला मिड डे मील के करीब 100 करोड़ रुपये से जुडा है। 100 करोड़ रुपये एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से ट्रांसफर कर दिया गया था। इसे लेकर धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी।

रांची हिंसा मामले की होगी अगली सुनवाई 19 दिसंबर को

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को रांची में 10 जून, 2022 को हुई हिंसा मामले की एनआईए जांच को लेकर दायर जनहित याचिका की आंशिक सुनवाई को हुई। याचिकाकर्ता की अधिवक्ता के आग्रह पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा था कि वह कैसे इस केस को एनआईए को ट्रांसफर करने की मांग कर रहे हैं। क्या इसका कोई साक्ष्य है कि यह घटना शेड्यूल ऑफेंस के तहत आ रही है। एनआईए और राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया था कि यह मामला शेड्यूल ऑफेंस के दायरे में नहीं आता है। रांची हिंसा मामले में दायर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआईए, ईडी को प्रतिवादी बनाया है। अदालत से मामले की एनआईए जांच कराकर झारखंड संपत्ति विनाश और क्षति निवारण विधेयक 2016 के अनुसार आरोपितों के घर को तोड़ने का आदेश देने का आग्रह किया है। याचिका में रांची की घटना को प्रायोजित बताते हुए एनआईए से जांच करके यह पता लगाने का आग्रह किया है कि किस संगठन ने फंडिंग कर घटना को अंजाम दिया।

झारखण्ड में खादी वस्त्रों और क्राफ्ट की मची धूम

150 रूपए से 2000 हजार रूपए तक के उत्पाद उपलब्ध

नवीन मेल संवाददाता। रांची/ नई दिल्ली
एक तरफ खादी वस्त्रों की दमक तो दूसरी तरफ खादी उत्पादों की धूम। झारखण्ड पवेलियन में झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की तरफ से लगाए गए स्टॉल पर बिलकुल ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। दर्शकों को भी ये उत्पाद खासे पसंद आ रहे हैं। प्रगति मैदान में जारी 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड पवेलियन में झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री राखाल चंद्र बेसरा ने हॉल का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि इस बार पवेलियन में खादी सिल्क, खादी कॉटन, ऊनी जैकेट, सिल्क जैकेट, सिल्क शॉल, सूती डिजाइनर शर्ट्स, ज्यूलरी डोगरा क्राफ्ट, हर्बल उत्पाद, हर्बल शैम्पू आदि उत्पाद पेश किये गए हैं। उन्होंने बताया की हमारे उत्पादों की कीमत 150 रूपए से लेकर 2000 रूपए तक रखी गई है। इस से यहाँ आने वाले तमाम दर्शक आसानी से इन उत्पादों को खरीद रहे हैं। युवाओं और बड़ों को खादी जैकेट्स काफी पसंद आ रही हैं। साथ ही मेले में हमने विशेष रूप से खादी वस्त्रों पर 20 प्रतिशत और खादी रेडी मेड गारमेंट पर 25 प्रतिशत की छूट मुहैया कराई है।

एनवायरमेंटल क्लीयरेंस मिलने पर ही वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का होगा निर्माण : हाई कोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में गढ़वा के रिहायशी इलाके में कचरा डंपिंग यार्ड बनाने का विरोध करने वाली रामलाल भुईंया की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को निष्पादित करते हुए निर्देश दिया कि जब तक स्टेट इंवायरमेंटल असेस्मेंट अथॉरिटी (सिया) से एनवायरमेंटल क्लीयरेंस नहीं दिया जाएगा तब तक प्रस्तावित जगह पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि जब भी राज्य सरकार या गढ़वा नगर परिषद के द्वारा सिया के पास कचरा डंपिंग यार्ड बनाने के संदर्भ में एनवायरमेंटल क्लीयरेंस के लिए आवेदन डाला जाएगा, तो सिया याचिकाकर्ता एवं प्रभावित लोगों को नोटिस जारी करेगी और उनसे आपत्ति मांगेगी। आपत्ति के निष्पादन के बाद ही सिया कचरा डंपिंग यार्ड निर्माण के लिए एनवायरमेंटल क्लीयरेंस देने पर कानून के अनुसार निर्णय लेगी।

इंदिरा नगर कुष्ठ कॉलोनी में मतदाता पंजीकरण का किया भौतिक निरीक्षण

निर्वाचन प्रक्रिया को समावेशी बनाना हमारी पहली प्राथमिकता : सीईओ

नवीन मेल संवाददाता। रांची
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय के वरीय पदाधिकारियों ने रांची जिले की निर्वाचन टीम के साथ जगन्नाथपुर स्थित इंदिरा कुष्ठ कॉलोनी में घर-घर जाकर कुष्ठ रोगी परिवारों के सदस्यों के मतदाता पंजीकरण की भौतिक स्थिति जानी। इस दौरान अधिकारियों ने घर-घर जाकर यह जानने का प्रयास किया कि कोई पात्र मतदाता छूट तो नहीं रहा है। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारियों गीता चौबे, देवदास दत्ता व श्री संजय कुमार ने बीएलओ, सुपरवाइजर तथा एईआरओ द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कुछ युवा मतदाताओं को मौके पर ही वोटर हेल्पलाइन एप भी इंस्टॉल करवाया गया।

28 नवंबर से 3 दिसंबर तक अभियान : अधिकारियों ने बताया कि समाज के विभिन्न मार्जिनल वर्गों के मतदाताओं जैसे आदिम जनजाति, दिव्यांग जनों, आश्रय हीन, बुजुर्ग मतदाताओं आदि के लिए 28 नवंबर से लेकर 3 दिसंबर तक कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इस सघन अभियान के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी जिलों के उपायुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारी भी अपने अपने स्तर पर इस अभियान में हिस्सा लेंगे। इस स्थानीय भ्रमण के क्रम में रांची जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, पर्यवेक्षक श्री अनिल कुमार, बीएलओ दिव्या एक्का, रवि कुमार भगत, त्रिभुवन कुमार सिंह, मुरली गोस्वामी, निर्मला ठाकुर, उमा मंडल, राधेश्याम प्रमाणिक, चंचला दास, सकीना देवी, प्रिया कुमारी ठाकुर, रिया कुमारी आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

चाईबासा में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। सारंडा विकास समिति एवं सारंडा महिला विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में और टाटा स्टील लौंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीएसएलपीएल) के सहयोग से तीन दिवसीय फुटबॉल व अन्य खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन 20 नवम्बर से शुरू हो गया है. यह प्रतियोगिता सारंडा के गंगदा पंचायत अन्तर्गत दुईया फुटबॉल मैदान में 22 नवम्बर तक आयोजित होगा. इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ टीएसएलपीएल के खदान प्रबंधक एनकेएस राव, विशिष्ट अतिथि खदान के सीएसआर अधिकारी एके सोनी एवं मुखिया राजू सांडिल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. इस प्रतियोगिता में गंगदा, छोटानागरा एवं बुंडू पंचायत के 18 गांव शामिल हो रहे हैं. प्रतियोगिता में जामकुंडिया, लेम्ब्रे, दुईया, पेचा, रोवाम, घाटकुडी, गंगदा, अगरवां, चुर्गी, ममार, दोदारी, सलाई, बुंडू, कदालसोकवा, हाकाहाटा, हिनुआ, कुम्बिया एवं छोटा जामकुंडिया गांव के खिलाड़ी शामिल हैं. समिति के अध्यक्ष सह गंगदा पंचायत के मुखिया राजू सांडिल एवं समिति के सचिव सह सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम ने बताया कि 20 और 21 नवम्बर को 18 गांवों की फुटबॉल टीमों के बीच मुकाबला होगा. 22 नवम्बर को महिला व पुरुषों की अलग-अलग दौड़, साइकिल रेस, मेढक रेस, जलेबी रेस, चम्मच-गोटी, तीर-धनुष, जीके, म्यूजिकल चेयर आदि प्रतियोगिताएं होंगी. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों व खिलाड़ियों से कोई प्रवेश शुल्क नहीं लिया जायेगा. प्रतियोगिता के विजेता को आकर्षक पुरस्कार देने के अलावे 22 नवम्बर की शाम खिलाड़ियों के विशेष मनोरंजन हेतु दुईया में आर्केस्ट्रा प्रोगाम का आयोजन किया जाएगा. इसमें झारखण्ड, ओडिशा व बंगाल के कलाकार शामिल होंगे. इस दौरान समिति के अध्यक्ष सह मुखिया सुखराम उर्फ राजू सांडिल, सचिव लागुड़ा देवगम, कोषाध्यक्ष मंगल कुम्हार, पंसस रामेश्वर चाम्पिया, मुंडा बिरसा चाम्पिया, मुंडा बुधराम सिद्धू, भोंज चाम्पिया, कुदा चाम्पिया, मोहनलाल चौवे, भीमसेन गोप, मुंडा कुसो देवगम, महिला समिति की अध्यक्ष सुनीता देवी, सचिव नीलमणी सांडिल, कोषाध्यक्ष सुनीता बारीक, निशा तांती, श्रीमति कुम्हार, विमला देवी, गीता देवी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे.

गोमो : पुराने विवाद में मारपीट सेवानिवृत्त रेलकर्मी समेत 3 घायल

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। गोमो के हरिहरपुर थाना क्षेत्र के सिकलाइन मोहल्ले में मंगलवार की सुबह पुराने विवाद में दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हुई. घटना में तीन लोग घायल हुए हैं. सेवानिवृत्त रेलकर्मी प्रताप तामंग गंभीर रूप से घायल हैं. उनका सिर फट गया है. वहीं, दूसरे पक्ष के भुवनेश्वर मंडल का पुत्र सुनील मंडल को भी चोट लगी है. पुलिस ने सभी घायलों को तोपचांची सीएचसी में प्राथमिक उपचार कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेजवाया. मिली जानकारी अनुसार, गोमो के मोहल्ला निवासी सेवानिवृत्त रेलकर्मी प्रताप तमांग सुबह करीब दस बजे गली से गुजर रहे थे. इसी बीच उनकी भुवनेश्वर मंडल के साथ तू-तू, मैं-मैं के बाद मारपीट होने लगी. जमकर लाठी-डंडे चले. घटना में प्रताप तमांग बुरी तरह घायल हो गए. वहीं, भुवनेश्वर मंडल का पुत्र सुनील मंडल की कनपटी में चोट है. प्रताप तामंग का पुत्र प्रकाश तामंग भी घायल हुआ है. सभी घायल लहू-लुहान होकर हरिहरपुर थाना पहुंचे. पुलिस ने तात्काल उन्हें उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया. प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया. प्रताप तामंग ने भुवनेश्वर मंडल पर तलवार से हमला करने का आरोप लगाया है.

गागर में सागर

सीएम हेमंत सोरेन 25 को आएंगे पाकुड़, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

पाकुड़। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 25 नवंबर के आगमन को लेकर झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख ने की. बैठक में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर चर्चा की गई. विभिन्न पंचायतों से आये अध्यक्ष सचिव व कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने की चर्चा की गई. मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कई निर्णय लिये गए. बैठक में मुख्य रूप से अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हबीबुर रहमान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, मजदूर मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज चौबे, सचिव सुशीला देवी, संगठन सचिव महमूद आलम, प्रखंड सचिव राजेश सरकार आदि उपस्थित थे.

जमशेदपुर : चोरी की नौ बाइक के साथ गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

जमशेदपुर। साकची पुलिस ने शातिर वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए नौ चोरी की बाइक को जब्त किया हैं. पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को भी पकड़ने में सफलता हासिल की. गिरफ्तार आरोपियों में परसुडीह लोको कॉलोनी निवासी विजय मुखी और कदमा भाटिया बस्ती निवासी सोनू करुआ शामिल है. उक्त जानकारी एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने कहा कि यह गिरोह शातिर अंदाज में चोरी की बाइक को शहरी क्षेत्र में खपाता हैं. पूरा गिरोह पैसों की खातिर चोरी की बाइक को सूद पर पैसा लगाने वालों को बंधक बनाकर छोड़ देता हैं. फिर जब तक मामला का खुलासा होता आरोपी जगह बदल देते हैं. एसएसपी ने बताया कि साकची पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था. इस दौरान पुलिस को सड़क किनारे एक नंबर की दो बाइक दिखी. पुलिस ने रोक कर जांच की, तो सही और दूसरा फर्जी नंबर पाया. फिर मामले की गहनता से जांच करने पर खुलासा हुआ कि विजय मुखी पैसों की खातिर बाइक को बंधक रखकर 30 हजार रुपये लिया था. इसके बाद पुलिस ने विजय को पकड़ा तो पूरे मामले का खुलासा हुआ है.

तीन युवकों पर जबरन शारीरिक संबंध व अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप

गिरिडीह। तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में दो नाबालिग किशोरियों के साथ तीन युवकों द्वारा जबरन शारीरिक संबंध बनाने व अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। आरोप उसी गांव के युवकों पर लगा है। मामले को लेकर पीड़ित परिजनों ने तिसरी थाने में लिखित शिकायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों नाबालिग किशोरियाँ सोमवार की शाम चार बजे पत्ता तोड़ने के लिए गांव से कुछ दूरी पर स्थित जंगल की ओर गई थीं। तभी मामले के आरोपित तीनों युवक वहां आ पहुंचे। जैसा आरोप है उसके मुताबिक उन युवकों ने दोनों किशोरियों को जान से मारने का भय दिखाकर उनको अपने कब्जे में ले लिया। जिसके बाद उनमें से दो युवकों ने दोनों किशोरियों के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। वहीं तीसरे युवक ने इन सभी घटनाक्रम का अश्लील वीडियो बना लिया। जिसमें से कुछ वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर भी वायरल करने की बात सामने आ रही है।

गिरिडीह में 9 साइबर अपराधी गिरफ्तार, कई सामान बरामद

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस को फिर से बड़ी कामयाबी मिली है. जिला पुलिस की टीम ने छापेमारी कर अलग-अलग जगहों से नौ साइबर अपराधी को दबोचा है. गिरफ्तार साइबर अपराधियों में गांडेय के जोकटियाबाद निवासी मुकेश कुमार तिवारी, बेंगाबाद के देवातांड़ निवासी टार्जन अंसारी, महबूब अंसारी, मो. साबिर, गांडेय के मंडरडीह निवासी ताज हुसैन, खुर्शीद अंसारी, अनीस अंसारी और मुफ्फसिल थाना क्षेत्र ने केलाटांड बिरनी निवासी विशाल मंडल और गोविंद कुमार मंडल शामिल है. उक्त जानकारी गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने कहा कि गिरफ्तार साइबर अपराधी के पास से पुलिस को 17 मोबाइल फोन समेत अन्य कई सामान भी बरामद किए हैं. एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी अलग-अलग तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाकर ठगी करते थे.

झारखंड का गिरिडीह बन रहा 'नया जामताड़ा' 60 दिन में 51 साइबर क्रिमिनल गिरफ्तार

गिरिडीह। जामताड़ा की तरह अब गिरिडीह के गांव-गांव में साइबर क्रिमिनल्स के गिरोह सक्रिय हैं। पिछले दो महीने के दौरान जिले में 51 साइबर क्रिमिनल्स गिरफ्तार किए गए हैं। मंगलवार को पुलिस ने एक साथ नौ साइबर क्रिमिनल को गिरफ्तार किया। डॉक्टर्स का अपॉइंटमेंट बुक करने के नाम पर इन्होंने फर्जी ऐप बना रखा था। इसके अलावा सर्च इंजन गूगल में उन्होंने अपने कई नंबरों को डॉक्टर्स के नाम पर फीड कर रखा था। लोग गूगल पर डॉक्टरों के नंबर की तलाश करते हुए इनके ट्रैप में फंस जाते थे।

ठगी के लिए बना रखे थे मित्रा नामक फर्जी ऐप: गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधी जिले के गांडेय, बिरनी और बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनके पास से 17 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गांडेय का जोकटियाबाद निवासी मुकेश तिवारी इस गिरोह का मास्टरमाइंड है। उसने डॉक्टरों का अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए मित्रा नामक फर्जी ऐप बना रखा था। इसके अलावा फर्जी तौर पर एयरटेल पेमेंट बैंक के लिंक भेजकर भी ठगी की जाती थी।

कैसे बचें इन ठगों से ? : साइबर विशेषज्ञ लगातार बता रहे हैं कि किसी को ओटीपी न बताएं,कोई संदिग्ध एप डाउननलोड न करें और किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें ।

घर से डेढ़ लाख कैश और लाखों के गहने ले उड़े चोर

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। गोविंदपुर थाना अंतर्गत छोटा गोविंदपुर साई मंदिर के पास 92/2/2 में रहने वाली और पशुपालन विभाग में पशुधन सहायक के पद पर कार्यरत रामा सिन्हा के घर से चोरों ने नकद डेढ़ लाख रुपए और लाखों के आभूषणों की चोरी कर ली. चोर छत का ग्रिल काट कर भीतर घुसे और आसानी से घटना को अंजाम दे कर फरार हो गए. मंगलवार की सुबह नींद खुलने पर इसकी सूचना परिवार के सदस्यों ने पुलिस को दी. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन कर आगे की कार्रवाई कर रही है. जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह भी मौके पर पहुंचे और परिवार वालों से बात की. घटना मंगलवार तड़के 3 से 5 बजे की बीच की है. रामा सिन्हा ने बताया कि उनके तीन बेटे है. दो बेटा अभिषेक कुमार, अमन आकाश उनके साथ रहते है, जबकि एक पुत्र अमित कुमार एग्रिको में रहता है. सोमवार रात एक बजे तक सभी जागे हुए थे, इसके बाद सभी सो गए. अगले दिन मंगलवार सुबह 6 से 6.30 के बजे के बीच सभी की नींद खुली तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी टूटी हुई थी. अमूमन परिवार के सभी सदस्य रोजाना सुबह 4 से 5 बजे के बीच उठ जाते हैं, लेकिन मंगलवार को सभी की नींद काफी देर से खुली. सभी सदस्यों के सिर में दर्द था, इसलिए अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरों ने चोरी करने से पहले बेहोशी के स्प्रे इस्तेमाल किया है. उन्होंने बताया कि उनकी शादी के समय के गहने जिनकी कीमत 10 से 15 लाख के आसपास है और गांव में जमीन बेच कर रखे एक से डेढ़ लाख रुपए नकद की चोरी हुई है कुर्सी लगाकर कर रहे थे निगरानी चोर घर की छत का ग्रिल काटकर घर में घुसे. ग्रिल को तोड़ने में किसी लोहे के रॉड का इस्तेमाल हुआ है. चोरों ने सबसे पहले छत में बने कमरे का ताला तोड़ कर उसमें रखे कंटेनर की तलाशी ली.

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

गिरिडीह। तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी खिजुरी मुख्य मार्ग पर थंभाचक्क में सोमवार देर रात सड़क हादसा हो गया. इस हादसे में एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी. मृतक की पहचान गांवा थाना क्षेत्र के अमझर निवासी नरेश हेमब्रम (26 वर्षीय) के रूप में हुई है. मौके पर पटलावती सेवा सदन के डायरेक्टर प्रमोद कुमार सहित कई स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गये और तिसरी पुलिस को घटना की जानकारी दी. सूचना पाकर पुलिस इंस्पेक्टर बिरेंद्र टोप्पो, थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव और बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी. आज मंगलवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया.

जमीन विवाद में मारपीट, एक घायल

जमशेदपुर। जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना अंतर्गत भुइंयाडीह ग्वाला बस्ती में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई. इस घटना में एक पक्ष के बैजू यादव घायल हो गए. घटना सोमवार रात की है. मंगलवार सुबह बैजू अपने ही घर के पास बेहोशी की हालत में मिले. इसके बाद उन्हें इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायल की पत्नी रिंकी देवी ने बताया कि एक साल से श्यामलाल के साथ जमीन विवाद चला आ रहा है. उनके पति ऑटो चलाते हैं. सोमवार रात वे घर आ रहे थे तभी रास्ते में श्यामलाल और उसके परिवार वालों में बैजू को रोका और मारपीट कर दी. सुबह किसी ने सूचना दी कि उनके पति घर के पास ही बेहोशी की हालत में पड़े हुए हैं. इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया.

जानलेवा हमला करने का आरोपी गया जेल

चाईबासा। मुगार्पाड़ा हाटिंग निवासी अनाथ बच्चा कार्तिक दास उर्फ टिकलु (11 वर्ष), पिता स्व. मंगल सिंह दास पर जानलेवा हमला करने के आरोपी पड़ोसी संजय करुवा उर्फ बोका को किरीबुरु पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. घटना के बाबत बताया जा रहा है कि 12 नवम्बर को संजय करुवा ने लोहे की दाउली से टिकलु की गर्दन, शरीर व अन्य हिस्से पर कई प्रहार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था. गंभीर रुप से घायल टिकलु को घटना के बाद तत्काल सेल अस्पताल किरीबुरु ले जाया गया था. वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु क्योंझर भेजा गया. घटना के बाबत टिकलु के चाचा गणेश चन्द्र दास ने बताया था कि टिकलु जब घर में लुडो खेल रहा था तभी बोका करुवा उसे हाथ पकड़ खींच कर बाहर ले गया।

गांडेय में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। जिले के गांडेय प्रखंड के कस्तूरबा गांधी मैदान में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ. इस दो दिवसीय टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक व अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने गेंद को किक मारकर किया. प्रतियोगिता में प्रखंड की 26 पंचायतों की टीमें भाग ले रही हैं. पहला मुकाबल दासडीह व चंपापुर पंचायत के बीच खेला गया. दासडीह पंचायत की टीम ने चंपापुर पंचायत पर दो गोल से जीत दर्ज की. इसे पूर्व प्रखंड प्रमुख व सीओ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया. उल्लेखनीय है कि खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. इसके तहत झारखंड की हरेक पंचायत में प्रतियोगिता हो चुकी. पंचायतों से चुनी गई टीमों को प्रखंड स्तर पर खेलना है. प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक ने कहा कि झारखंड सरकार युवाओं के प्रति गंभीर है. मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष ध्रुवदेव पंडित, सांसद प्रतिनिधि रघुनाथ यादव, मुखिया अकबर अंसारी, सिदो कान्हु कल्ब के अध्यक्ष बसंत देव हसंदा, मुखिया प्रतिनिधि जीतेंद्र मंडल, पंचायत समिति सदस्य भैरो वर्मा, श्याम पाठक, मिठू पाठक, रामजीत मुर्मू, विकास पाठक आदि मौजूद थे.

पिछले एक वर्ष में 5260 किमी. नए ट्रैक का हुआ निर्माण : रेल मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। टाटानगर स्टेशन को वर्ल्ड क्लास स्तर का स्टेशन बनाया जाएगा. आने वाले 50 वर्षों को ध्यान में रखते हुए टाटानगर स्टेशन में क्या-क्या जरूरतें होनी चाहिए इसे लेकर शहरवासी अपने-अपने सुझाव स्थानीय सांसद के माध्यम से रेलवे को भेज सकते हैं. उक्त बातें केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने टाटानगर स्टेशन पहुंचने पर कही. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में कई सारे नए रेलवे ट्रैक बनाए जा रहे हैं. पिछले साढ़े नौ वर्षों में करीब 21 हजार किलोमीटर नए ट्रैक बनाए गए हैं. पिछले एक वर्ष में 5260 किलोमीटर नए ट्रैक का निर्माण हुआ है. रेलवे में हर प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है, जो एक यज्ञ के समान है.

सुरक्षा पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

सुरक्षा पर रेल मंत्री ने कहा कि इस पर काफी ज्यादा काम हुआ है. वर्ष 2014 से पहले एक साल में अमूमन 170 के आसपास दुर्घटनाएं होती थी. लेकिन अब वह संख्या घट कर 47 के आसपास आ गई है. सुरक्षा को लेकर और भी बेहतर किए जाने की आवश्यकता है. पिछले साढ़े नौ वर्षों में पांच लाख नौकरियां युवाओं को दी गई है, अभी फिर से डेढ़ लाख नौकरियां के लिए प्रक्रिया पूरी हुई है. भविष्य में और भी बहाली निकाली जाएगी. लगातार इस दिशा में कार्य हो रहा है. इससे पूर्व टाटा नगर पहुंचने पर भाजपा, सीजीपीसी, चैंबर समेत विभिन्न संगठनों ने रेल मंत्री का स्वागत किया. पुष्प गुच्छ देने के साथ अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया. इस मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो, पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो और भाजपा के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

मामला

कारामाटी स्कूल में बच्चों को नहीं मिला मिड डे मील, नहीं बना खाना

बच्चों को समोसे खिलाए गए थे : सचिव

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। इचाक प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय में मंगलवार को बच्चों को मिड डे मील नहीं मिला. जबकि सरकार का साफ निर्देश है कि किसी भी सूरत में विद्यालय में बच्चों का भोजन बंद नहीं होना चाहिए. बता दें कि यह स्कूल पहले भी विवाद में रह चुका है. कुछ माह पहले प्रबंधन समिति के द्वारा स्कूल के भोजन पकाने की सामग्री और गैस सिलेंडर का आपस में बंटवारा कर लिया गया था. मामला जब मीडिया में आया तो शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए स्कूल सचिव का तबादला कर दिया था और प्रबंधन समिति को भंग कर दिया गया. बाद में तय हुआ कि सीआरपी और संजोजिका की देखरेख में भोजन पकाया जायेगा. एक सप्ताह के बाद जब मंगलवार को स्कूल खुला तो स्कूल में ना तो सीआरपी थे और ना ही सचिव. रसोईया को भी छुट्टी दे दी गई. लंच का समय हुआ तो बच्चे भोजन का इंतजार करते रहे. लेकिन बच्चों को खाना नहीं मिला. इस संबंध में स्कूल सचिव निराला ने बताया कि स्कूल में आज बच्चे कम थे, इसलिए उन्हें भोजन नहीं दिया गया. उन्होंने सफाई देते हुए कहा बीआरसी कार्यालय स्कूल का ड्रेस लेने के लिए गए थे और शिक्षक को कह गए थे अगर बच्चों की संख्या बढ़ती है तो भोजन पकाना जरूरी है. अगर बच्चों की संख्या कम हुई तो उन्हें रेडीमेड भोजन कराना है. सरकार की दी गई राशि कम होने के कारण बच्चों की भोजन नहीं बनवा पाये. जब इस बात की सूचना मीडिया को हुई तो निराला ने दावा किया कि बच्चों को समोसा और कचरी खिलाया गया. इस संबंध में सीआरपी ओमप्रकाश ने बताया कि आज हम स्कूल नहीं गए थे और मुझे जानकारी इस बात की नहीं थी कि स्कूल में भोजन नहीं पकाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि अब 4 बज चुके हैं. स्कूल में छुट्टी हो गई है तो खाना कहां से बनाना संभव है. जबकि सरकार का आदेश के है कि बच्चों की संख्या भले ही कम हो लेकिन भोजन मिलना जरूरी है.

अक्षय नवमी पर महिलाओं ने आंवला के पेड़ के नीचे की पूजा-अर्चना

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो । कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष मंगलवार को अक्षय नवमी की पूजा श्रद्धा के साथ की गई. महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा की और पेड़ के नीचे खाना बनाकर खाया. इस व्रत के संबंध में ऐसी मान्यता है कि आंवला पेड़ के नीचे विधि पूर्वक पूजन करने एवं खाना बनाकर खाने से पूरे परिवार को मोक्ष की प्राप्ति होती है और जन्मों जन्म तक होने वाले कष्ट से छुटकारा मिलता है. बोकारो शहर के वनभोज स्थल सहित कई मंदिरों के पास श्रद्धा के साथ अक्षय नवमी की पूजा की गई. अक्षय नवमी का शास्त्रों में इसका काफी महत्व बताया गया है, शास्त्रों के अनुसार अक्षय नवमी के दिन किया गया पुण्य का कार्य कभी समाप्त नहीं होता है. इस दिन शुभ कार्य जैसे दान, पूजा, भक्ति, सेवा की जाती है. उसका पुण्य कई-कई जन्मों तक प्राप्त होता है. कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी को आंवले के पेड़ की पूजा होने से इसे आंवला नवमी के नाम से भी पुकारते हैं. नवमी से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु का आंवले के पेड़ पर वास रहता है. संतान प्राप्ति के लिए इस दिन आंवले के पेड़ की विधि विधान से पूजा व्रत करना फलदायी होता है. इसके अलावा आंवले के पेड़ के नीचे पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण करना और आंवला चखना शुभ है.

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत डीसी ने की समीक्षा बैठक

लंबित आवेदनों को निष्पादित करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चल रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत अब तक किए गए कार्यों की जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त सहित अन्य को दी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रारूप 7 के लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। वहीं, इसके लिए उपायुक्त ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में पंचायत सचिव के माध्यम से कार्य पूर्ण करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रारूप 6 के तहत प्राप्त हुए शत प्रतिशत आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके क्षेत्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु विद्यालयों से प्राप्त हुए प्रीफिल्ड प्रारूपों को निष्पादित करने एवं होम टू रोल सर्वे के तहत जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाना है अथवा जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है का नाम पंजी में संधारित करने को लेकर आवश्यक जानकारियां दी। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों सह अंचल अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

चितरंजन यादव की पुण्यतिथि आज, कई दिग्गज होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। विधायक अमित कुमार यादव ने अपने बरकट्ठा स्थित कार्यालय आवास में प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि उनके पिता पूर्व विधायक स्वर्गीय चितरंजन यादव की 22 नवंबर दिन बुधवार को 14वीं पुण्यतिथि है। इसमें शामिल होने के लिए समस्त बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्रवासियों से उन्होंने अनुरोध किया है। विधायक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति 22 नवंबर को मेरे पैतृक गांव चलकुसा प्रखंड के ग्राम चटकरी में प्रतिमा के समक्ष 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सुबह 11 बजे किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सह प्रदेश अध्यक्ष भाजपा के बाबुलाल मरांडी, केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद, कोडरमा अन्नपूर्णा देवी,चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह,पूर्व सांसद कोडरमा से डॉ. रविन्द्र कुमार राय पूर्व विधायक,बरही मनोज कुमार यादव समेत अन्य लोग शामिल होंगे। विधायक ने कहा कि उनके पिता स्व. चितरंजन यादव अपने राजनीतिक जीवन में अलग पहचान बनाई। उन्होंने किसानों के हितों के लिए कार्य करते हुए अपना जीवन विधानसभा क्षेत्रवासियों की सेवा में समर्पित किया। वे मेरे लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणा का स्त्रोत रहेंगे और उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए वो जी-जान से जुटे हुए हैं।

गागर में सागर

पीएम कर्मयोगी योजना के लिए कोनरा पंचायत भवन में कार्यशाला आयोजित

बरही। बुधवार को कोनरा पंचायत भवन में चालीस वीएलई ऊर्फ प्रज्ञा केंद्र संचालकों के लिए प्रधानत्री कर्मयोगी योजना से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है. उक्त जानकारी जिला समन्वयक रौशन मेहता ने दी. उन्होंने बताया कि यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है. जिसके तहत जिले के कुल 1200 वीएलई को प्रशिक्षित किया जाना है. इसके लिए चालीस वीएलई का समूह निर्धारित किया गया है. बरही में यह पहला बैच है. जिसका प्रशिक्षण कोनरा पंचायत भवन में पूर्वाहन दस बजे से अपराह्न चार बजे तक दिया जायेगा. जिसमे प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रत्येक वीएलई के द्वारा जनता को दिए जाने वाले सेवाओं को सरल और सुविधा जनक कैसे बनाए जाए आदि संबंधित जानकारियां दी जायेगी. कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक स्टेट और जिला की टीम शामिल रहेंगी. कार्यशाला के माध्यम से सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को विभिन्न सेवाओं की जानकारी के साथ कार्य करने के सरल तरीके भी बताए जायेंगे. जिससे उनके आय में वृद्धि हो सके. इसके लिए अलग अलग मॉड्यूल पर आधारित सेशन निर्धारित किए गए है. प्रशिक्षण में शामिल होंने वाले सभी वीएलई को सुबह साढ़े नौ बजे तक कार्यशाला स्थल पर पहुंचना अनिवार्य है.

राजभवन में राज्यपाल से मिले हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा

हजारीबाग। सांसद जयंत सिन्हा ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की. उन्होंने राज्यपाल को हजारीबाग में सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया. सांसद ने कहा कि झारखंड की आदिवासी संस्कृति व परम्पराओं को संजोने और उन पर शोध करने के लिए हजारीबाग में सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज का निर्माण करवाया गया है. इस भवन का डिजाइन झारखंड के पहाड़ों के स्वरूप से लिया गया है. यहां विशाल संग्रहालय समेत प्रशासनिक भवन इत्यादि भी होंगे. साथ ही क्षेत्रीय व लोक कलाओं पर रिसर्च कर उनका संरक्षण व प्रचार-प्रसार किया जाएगा. जयंत सिन्हा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति के संरक्षण व विस्तार की दृष्टि से यह हजारीबाग समेत झारखंड के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है. अगले 1-2 माह में निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा. जयंत सिन्हा ने इसके साथ ही हजारीबाग में इनोवेशन पार्क सह नॉलेज सिटी का निर्माण करवाने पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि कंपनियों व बीपीओ को लाकर बड़ी संख्या में युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाया जा सकता है. साथ ही इसके माध्यम से युवाओं में कौशल विकास को भी बढ़ावा मिलेगा. इसके लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय व मेडिकल कॉलेज के मध्य 50 एकड़ की जमीन उपलब्ध है. 2 शिक्षा संस्थानों के बीच इस परियोजना की नींव रखना सबसे उपयुक्त होगा. यह झारखंड की पहली परियोजना होगी और अन्य राज्यों के लिए एक मिसाल बनेगी.

उप प्रमुख ने सड़क व नाली निर्माण के लिए सांसद को सौंपा मांग पत्र

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सड़कों की मरम्मत, निर्माण तथा नाली निर्माण की मांग को लेकर कोडरमा सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी को उप प्रमुख सुरजी देवी ने मांग पत्र सौंपा है। इस निमित्त उन्होंने ग्राम तुइयों में बंडासिंगा नदी पुल से लेकर पंचायत भवन होते हुए नईटांड़ आरआईओ रोड तक कालीकरण एवं मरम्मत, तुईयो पीडब्लडी रोड सलैयाटांड़ डीहटोला होते हुए आरआईओ रोड शिव मंदिर नई टांड़ तक पीसीसी सह नाली निर्माण मांग की है। उन्होंने सांसद का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लिखा है कि प्रखंड के किसानों को बीज व सब्जी रखने के लिए जल्द कोल्ड स्टोर का निर्माण कराया जाए। इस निमित्त सांसद ने आश्वासन दिया है कि मैं शीघ्र इन कार्यों को पूरा कराने का प्रयास करूंगी।

कार्तिक एकादशी उद्यापन के लिए निकाली कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। श्री श्री 108 श्री कार्तिक एकादशी उद्यापन को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में कलश यात्रा निकाली गई। इस निमित बरकट्ठा उत्तरी के ग्राम डाकडीह निवासी व्यास अर्जुन राम, गंगपांचो के डोमन प्रजापति,बासुदेव महतो, हिरालाल महतो, दुखी महतो तथा ग्राम ढोढ़ीया के मुकेश प्रसाद के द्वारा उद्यापन हेतु कलशयात्रा निकली गई।मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कलशयात्रा का विधिवत फीता काटकर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। कलशयात्रा में 251 कुवांरी कन्या व माता ने अपने माथे पर कलश लेकर दोमनिया उत्तरवाहिनी नदी एवम बरदबोही नदी बरकट्ठा से यज्ञाचार्यों के द्वारा मंत्रोचारण के साथ कलश में जल लेकर यज्ञ मंडप में कलश को स्थापित किया। कलश यात्रा में कुमकुम देवी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, विससूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, दयानंद उर्फ पन्नू चौधरी, प्रकाश पंडित, उमेश पंडित, चेतलाल पंडित, राजेंद्र पण्डित, किशोरी चौधरी, सुरेन्द्र प्रसाद, कृष्णदेव प्रसाद, रामदुलार प्रसाद, बसंत राम, वकील राजेन्द्र प्रसाद , प्रकाश प्रसाद, जितेंद्र राणा, विजय यादव, सुरेश राम, संजय राम, प्रकाश राम, मनोज प्रसाद, राजू प्रसाद, संतोष प्रसाद, बलदेव यादव, अनिल यादव, भोला साव, मुनिलाल प्रसाद, राजू प्रसाद, कामेश्वर नायक, प्रकाश प्रसाद, दामोदर नायक, हिरालाल प्रसाद, राजू नायक, संजय प्रसाद, भुनेश्वर महतो, केदार नायक, नारायण प्रसाद समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

संगठन की नीति और सिद्धांत के प्रचार प्रसार का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़ । झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई के नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नम्बर 27 में कमेटी विस्तार को लेकर मंगलवार को पटेल डीएवी स्कूल गोबरदरहा में आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता धरमनाथ महतो तथा संचालन रोहित कुमार ने किया। बैठक में जिला के पदाधिकारी देवानंद महतो, पनेशवर महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, लीलावती महतो व प्रखंड कोर कमेटी के संयोजक मंडली सदस्य पवन कुमार महतो, सतेंद्र महतो, देवेंद्र महतो, गुलटेन , कोलेश्वर महतो व अन्य सदस्य उपस्थित हुए । बैठक में वार्ड नम्बर 27 के समुदायों के लोग उपस्थिति हुए। बताया गया की नगर परिषद क्षेत्र में संगठन विस्तार को लेकर पवन कुमार महतो का महत्वपूर्ण योगदान है । सभी ने अपने स्तर से गांव, टोला मोहल्ला, कस्बा में जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही। कहा की झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। बैठक में वार्ड नं 27 के संरक्षक पद के लिए धरमनाथ महतो, हरिनाथ महतो अध्यक्ष बसंत कुमार महतो,सदस्य रण विजय महतो, छोटेलाल महतो, प्रेम महतो, अमित महतो, करण महतो, बिट्टू कुमार, छट्टू महतो को सर्वसम्मति से चुना गया । सभी ने अपना दायित्व बखूबी से निभाने की बात कही। बैठक में पणेश्वर महतो,देवानंद महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, लक्षमण महतो, तुलेश्वर महतो, लीलावती महतो, भारती कुशवाहा, देवेंद्र कुमार, पवन कुमार महतो, जितेन्द्र महतो, दिलीप महतो, गुलटेन महतो, खिरोधर महतो, सत्येंद्र कुमार, डबलू महतो, कुंजलाल महतो, अमित महतो, हरिनाथ महतो, पन्नू मुंडा, छोटेलाल महतो, कुलेश्वर महतो, विनय कुमार, प्रेम महतो, बसंत महतो, ऋषि कुमार, बिट्टू कुमार, परहलाद कुमार आदि मौजूद थे।

झारखंड आंदोलनकारियों ने निकाला विरोध मार्च

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक आयोजित की गई। संचालन गैड़ा मुखिया प्रतिनिधि श्याम प्रसाद ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी के सदस्य पुष्कर महतो और भुवनेश्वर केवट उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड राज्य खनिज संपदा से भरा हुआ है। फिर भी यहां के आंदोलनकारी की स्थिति काफी दयनीय है।सरकार को झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित कर पेंशन यथाशीघ्र लागू करना चाहिए। वहीं झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के भुवनेश्वर केवट ने कहा कि झारखंड सरकार हम लोगों के साथ घोर अन्याय कर रही है। आंदोलनकारियों के साथ दोहरी नीति अपना रही है। पेंशन देने के नाम पर खानापूर्ति की गई। यदि हम लोगों को पेंशन नहीं मिला तो मजबूरन हम लोग आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। वहीं सरकार के खिलाफ वंचित आंदोलनकारियों ने विरोध मार्च किया जो प्रखंड मुख्यालय परिसर से निकालकर जीटी बरकट्ठा चौक से वापसी करते हुए प्रखंड मुख्यालय परिसर में विरोध मार्च का समापन किया गया। कार्यक्रम में ध्रुवनरायण पासवान, जगदीश मांझी, निरंजन प्रसाद, हीरालाल महतो, चिन्तामणी पासवान, भुनेश्वर नायक,बबुनी चौधरी,मनी महतो, गंगाधर रजक आदि उपस्थित थे।

बेल पर रिहा मुजरिम को देखते ही भड़के ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

बरही। रोहित पंडित हत्याकांड में जेल गए मुजरिम को वापस चतरो गांव में देखते ही गांव वाले आक्रोशित हो गए. मिली जानकारी के अनुसार हत्याकांड मामले में जेल भेजे गए तीन मुजरिम सेवा पंडित, सीताराम पंडित और उनकी पत्नी को सप्ताह दिन पहले कोर्ट ने बेल पर रिहा किया था. गांव वाले के डर से सभी मुजरिम बाहर रह रहे थे. मंगलवार को पुलिस को सूचना देते हुए सभी अपने गांव चतरो पहुंचे. जिन्हे देखते ही गांव वाले आक्रोशित हो गए. सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित महिला पुरुष वाहन को क्षतिग्रस्त कर मुजरिम को वापस जाने और पुलिसिया कारवाई का विरोध करने लगे. सूचना मिलते ही बरही थाना भी पहुंचकर गांव वालों को समझाने का प्रयास किया. परंतु लोगों ने एक नहीं सुनी और पुलिस को भी घंटों बंदी बना लिया. लोगों का कहना था कि मामले में छह अभियुक्त आरोपी है, जिसमें तीन अभी भी फरार है. पुलिस हत्याकांड को सड़क दुर्घटना का रूप देकर कार्रवाई कर रही है. पुलिसिया कार्रवाई का लोग विरोध करते हुए उचित न्याय की मांग कर मुजरिम को वापस जेल भेजने की बात कर रहे है. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह के घंटों प्रयास के बाद ग्रामीण माने और पुलिस को छोड़ा. देर संध्या में पुलिस अपने साथ सभी मुजरिम को वापस लेकर चली गई.

बरही : टायर ब्लास्ट होने से चार घायल, तीन रेफर

बरही । प्रखंड के बरसोत पंचायत अंतर्गत श्रीनगर मोड़ के समीप एक बोलेरो के टायर ब्लास्ट होने से चार लोग घायल हो गए. घायलो को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया. प्राथमिक इलाज के बाद तीन को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया. जानकारी के अनुसार वाहन पर सवार लोग बरकट्ठा के गंगपाचो से हजारीबाग जा रहे थे. घायलों में बाबूलाल महतो, कौशल्या देवी, दुर्गा देवी और कंचन देवी शामिल है. बाबूलाल महतो को प्राथमिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया.

बसरिया पंचायत भवन में विशेष शिविर आज

बरही । पंचमाधव उर्फ बसरिया पंचायत भवन में बुधवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर विस्थापितों की समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित किया गया है. जो पूर्वाहन 10 बजे से प्रारंभ होगा. शिविर में डीवीसी द्वारा प्राप्त पचार्धारी वाले विस्थापितों से अपने कागजातो के साथ उपस्थित होने की अपील किया गया है.

आस्था

गुरु नानक देव के 555वें जन्मोत्सव पर चौथे दिन भी निकाली गई प्रभात फेरी

लख खुशियां पातशाहियां जे सतगुरु नदर करे...

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़ । सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के 555 वें प्रकाशोत्सव को लेकर 21 नवम्बर को उत्साह के साथ निकाली गई चौथे दिन की प्रभात फेरी। प्रभात फेरी के चौथे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला और पुरुष उत्साह के साथ शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत शबद गाते माहौल को भक्तिमय बनाते चल रहे थे। चौथे दिन की प्रभात फेरी में सबसे आगे सरदार त्रिलोचन सिंह हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। प्रभात फेरी के दौरान साध-संगत ऐसा नाम निरंजन हाई, खुशखबरी खुशखबरी, खूब तेरी पगड़ी मीठे तेरे बोल, लख खुशियां पातशाहियां जे सतगुरु नदर करें, ऐसी प्रीत करो मन मेरे आदि शब्दों के गायन से फिजा को भक्तिमय बनाते चल रहे थे । चौथे दिन की प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा साहिब से आरम्भ होकर किला मंदिर,लोहार टोला,चट्टी बाजार,झंडा चौक रोड से होकर अप्सरा टेक्सटाइल की गली से होते हुए पंजाबी मोहल्ला पहुंची। जहां सरदार रणजीत सिंह जस्सल ,सरदार राजेंद्र सिंह जस्सल के घर पहुंची। वहां साध संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार अरविंदर सिंह आनंद ने सरदार हरदेव सिंह जस्सल को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साध संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया। मौके पर चौथे दिन की प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह अरोड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी,इंद्रजीत जस्सल , जगजीत सिंह सोनी, इंद्रजीत सिंह कोहली, जिगर छाबड़ा,कवलजीत सिंह लांबा, हरजाप सिंह, दलजीत सिंह गुल्लू आनंद, तेजिंदर सिंह सोनी, कुलवंत मारवाह, कुलजीत सिंह कालरा, पपींदर सिंह खंबे,अनमोल आनंद, जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, जगजीत सिंह, प्रसिद्ध शबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, इंद्रजीत सिंह कालरा,बबलू, कमल जस्सल,विंसी कोहली, गुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, लकी मेहरा, पलविंदर सिंह बल, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जससल, राजी गांधी, नरेंद्र सिंह गुजराल,बुग्गी जस्सल ब्रदर, देवेंद्र अरोड़ा, प्रीतम सिंह, त्रिलोचन सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, नरेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह , रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, जसमीत कौर सोनी, विमला जस्साल, रानी जसल , रोमा छाबड़ा,मनप्रीत सैनी नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा,सुमी जोली, गुरबख्श कौर सैनी, , मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर शामिल हुए।

सिमडेगा : विधायक भूषण बाड़ा ने किया रामरेखा धाम में अतिथिशाला का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा ने रामरेखाधाम में लगने वाले वाले से पूर्व भक्तों को अतिथिशाला भवन का तोहफा दिया है। मंगलवार को विधायक मद से बने अतिथिशाला का विधायक भूषण बाड़ा ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उदघाटन कार्यक्रम रामरेखाधाम के दोनों महंत की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मौके पर विधायक ने कहा कि उनका प्रयास है कि रामरेखाधाम को धार्मिक एवं पर्यटक स्थल के रूप में पहचान दिलाया जाय। इसी के तहत काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास से बीरू से रामरेखाधाम तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। कृषि का कार्य रहने के कारण थोड़ा विलम्ब हुआ। लेकिन बहुत जल्द इस सड़क का निर्माण पूरा हो जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व की रामरेखाधाम को भगवान श्रीराम ने खुद अपने हाथों से सजाया है। रामरेखाधाम की पहचान विश्व स्तर पर हो इसके लिए प्रयास

किया जा रहा है। इसी कड़ी धाम के विकास की रफ्तार तेज कर दी गई है। अतिथिशाला के बाद धाम में डाक बंगला भवन का निर्माण भी जारी है। आने वाले दिनों और भी बहुत कुछ योजनाएं धाम में लाने की योजना है। धाम का विकास कराने, रामरेखा के पहाड़ी में रोपवे निर्माण कराने की भी मांग कर चुके हैं। मौके पर विधायक ने रामरेखाधाम में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले के सम्बंध में भी जानकारी ली। उन्होंने धाम के महंत एवं समिति के सदस्यों से इस सम्बंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कार्तिक पूर्णिमा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को पूजा से पूर्व रामरेखा धाम में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल,प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख रजत लकड़ा,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश सिंह,जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि सह पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी,विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की,विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन,ए सी मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनू नायक ,जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,पूर्व सिमडेगा वार्ड पार्षद शशि गुड़िया, कृष्णा सिंह, देवस्नान माझी,प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, नीला नाग,ज्योति लुगुन, निम्मी नाग, कृष्णा मांझी, बिहारी साहू, राकेश सिंह, रमेश सिंह, विकास कुमार, भूषण राम, रघुबीर प्रधान, बिराज नायक, लखन प्रसाद गुप्ता,अमृत चिराग तिर्की, विजय बड़ाइक, डा जे के सिंह, शिव केशरी,रामरेखा धाम के सचिव ओम प्रकाश साहू, विष्णु वेद, मानी भूषण साहा, श्रीलाल साहू, मोती अग्रवाल, राकेश सिंह, बिनोद अग्रवाल आदि आदि उपस्थित थे।

भू-अर्जन व राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की

राजस्व की 100 फीसदी वसूली कर लक्ष्य पूरा करें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को भू-अर्जन एवं राजस्व विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने सिमडेगा जिला अंतर्गत विभागवार राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मत्स्य, उत्पाद, परिवहन, राज्य-कर, नगर परिषद्, विद्युत, नीलाम पत्र एवं जिला सहकारिता विभाग की राजस्व संग्रहण की प्रगति एवं लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण बढ़ाने संबंधी कार्यों की समीक्षा की। इस वित्तीय वर्ष 2023-24 का वार्षिक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए प्राप्त विभागीय लक्ष्य के अनुरूप कार्य कर शत प्रतिशत राजस्व वसूली को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने अंचलवार राजस्व की भी विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने ऑनलाईन दाखित खारिज, ऑनलाईन सीमांकन, ऑनलाईन लगान, अवैध / संदिग्ध जमाबंदी का रद्दीकरण/ नियमितिकरण, आपसी बँटवारा/उत्तराधिकारी बँटवारा, तहसील कचहरी, प्राकृतिक आपदा से संबंधित एवं

नीलाम पत्र सहित अन्य राजस्व से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर ससमय लक्ष्य प्राप्त करने कि दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023- 24 में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अंचलवार अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों का वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य कैसे प्राप्त करें इस दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उपायुक्त ने जिला भु-अर्जन कार्यालय अंतर्गत संचालित योजनाओं का समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के तहत किए गए भूमि अधिग्रहण के लंबित भुगतान, एनएच-143, ठेठईटांगर, बोलबा, केरसई रोड चौड़ीकरण, रंगारी केरसई पथ चौड़ीकरण एवं कुरडेग- किनकेल पथ चौड़ीकरण सहित अन्य पथ निर्माण अंतर्गत संचालित कार्यों, कार्य में आने वाली बाधाओं तथा उसके निष्पादन, भूमि अधिग्रहण के लंबित भुगतान इत्यादि से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा कर पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही मौजावार रैयतों का भूमि का भौतिक सत्यापन करते हुए यथाशीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की दिशा में अंचलाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अलावा कई आवश्यक निर्देश दिये।बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र छोटन उरॉव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सन्दीप भगत, उत्पाद अधीक्षक जितेन्द्र कुमार, मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

सीएम के आगमन के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा की हुई बैठक

सिमडेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला समिति की आवश्यक बैठक मंगलवार को सिमडेगा परिषद सभागार में जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन सफीक खान द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 29 नवंबर को सिमडेगा के लचरागढ़ में आ रहे हैं जिसको लेकर चर्चा किया गया। मौके पर कहा गया कि झामुमो की ओर से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाने का और सभी पंचायतों से भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम के लिए जिले के सभी प्रखण्डों में प्रभारियों का चयन किया गया।मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक वसंत कुमार लोंगा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की,उपाध्यक्ष ऑस्कर डांग, उपाध्यक्ष दीप्तिमान तिर्की, कोषाध्यक्ष नोवस केरकेट्टा, संगठन सचिव कल्याण मिंज, संगठन सचिव विपिन कुल्लू,सह सचिव सिकन्दर बरवा, केन्द्रीय सदस्य फिरोज अली, विरजो कन्डुलना, सेतेंग तोपनो, नारायाण मांझी, संजीव डांग सहित सभी प्रखंड के पदाधिकारी एवं प्रखंड के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छठ पूजा पर बेलकूबा पीडियापोस में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। प्रखंड के बेलकुबा पिडियापोष में छठ पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सोमवार दिन रात आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का,जिला अध्यक्ष मतीयस बागे मुख्य रूप से उपस्थित रहे जहां पर विधिवत रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य लल्लन प्रसाद ,अमन खेस, नोवेल हेरेंज,राजू नांयक, सेंटार ठाकुर, रितेश लकड़ा, रसाल खलखो मौजूद थे। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर संदेश एक्का ने कहा कि लगातार सिमडेगा के विभिन्न क्षेत्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, और गीत संगीत के माध्यम से हमारी विलुप्त सभ्यता संस्कृति को बचाने का काम हो रहा है। यह सराहनीय इसके लिए सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं। आज झारखंड पार्टी विलुप्त होती विरासत को बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और खासकर युवाओं को आवाहन किया जाता है कि आप सभी समाज में फैली अंधविश्वास एवं कुरीतियों को दूर करने के लिए आगे आये। नेतृत्व करते हुए समाज में फैली सभी प्रकार की बुराइयों को दूर करें क्योंकि समाज में बुराइयों के रहने से समाज में कई प्रकार की आपराधिक गतिविधि सहित कई चीज होती है जिसे रोकने के लिए हम सभी को पहल करने की आवश्यकता है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष जगदीश साहू ,सचिव वीरू साहू, कोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह ,सदस्य सुदामा साहू ,सुरेश मोदी, सीताराम साहू ,विजेंद्र साहू ,सतीश शर्मा सहित आयोजन समिति के सभी मौजूद रहे।

गागर में सागर

बानो में दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

बानो। प्रखंड के महबुवांग ओपी क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है ।इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक विशेश्वर नायक को गिरफ्तार करते हुए सिमडेगा जेल भेज दिया ।जानकारी देते हुए ओपी प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता ने बताया कि पीड़िता सुबह अपने घर पर अकेली थी और परिवार वाले खेत में काम करने गए थे इसी दौरान वह कपड़ा सुखाने अपने आंगन में निकली तभी पास के घर से युवक जाकर उसे जबरन पड़कर अंदर ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में परिवार वाले घर पहुंचे तब इसकी सूचना परिवार वालों को दिया गया वहीं परिवार वालों ने लिखित आवेदन देकर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया इसके बाद महबुवांग थाना में थाना कांड संख्या 9/23 धारा 376 के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक को तत्काल गिरफ्तार कर सिमडेगा जेल भेज दिया।

सिमडेगा पुलिस ने हत्याकांड का किया खुलासा, 5 लोगों को भेजा जेल

सिमडेगा। सिमडेगा पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के बिरनीबेड़ा में 18 नवंबर की रात में हुए एक व्यक्ति की हत्या मामला में खुलासा करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए मंगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में सिमडेगा थाना कांड संख्या 147/23 धारा 302 ,201 ,34, 120 बी के तहत मामला दर्ज है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता ने बताया कि 18 नवंबर की रात सदर थाना क्षेत्र के बराबर पानी पंचायत अंतर्गत बिरनीबेड़ा गांव में शराब पीने के दौरान गांव के ही जुलतन बागे नामक व्यक्ति की हत्या कर दिया गया था बाद में रविवार की सुबह पुलिस ने शव बरामद करते हुए छानबीन की थी जिसमें पांच लोगों को गिरफ्तार किया गिरफ्तार लोगों में विल्सन खेस, धर्मदास खेस, महिला जोलजन खेस, हेमंत केरकेट्टा राजेश माझी शामिल है। इसमें दो मां बेटे भी शामिल है ।बताया गया कि शराब पीने के दौरान कहां सुनी हुई जिसके बाद तीन लोगों के द्वारा मिलकर उसकी हत्या कर दी गई ,और बाद में दो अन्य लोगों के द्वारा उसके शव को गांव के पास ही बाजार के समीप खेत में फेंक दिया गया था। इधर पुलिस ने पांचो को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

कमरे में मिला युवक का शव

कोडरमा। मरकच्चो थाना क्षेत्र के बरवाडीह में पुलिस ने युवक का शव उसके घर के ही कमरे से बरामद किया है. मृतक की पहचान बरवाडीह निवासी रवि कुमार सिंह (34वर्ष) के रूप में हुई है. युवक की मौत का कारण अत्यधिक शराब का सेवन बताया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार युवक अत्यधिक शराब का सेवन किया करता था. सोमवार की रात भी वो शराब पीकर अपने घर आया और अपने कमरे मे सो गया. मंगलवार की सुबह जब परिजन उसे उठाने गए तो युवक को उसके बिस्तर पर मृत पाया. युवक की मौत की सूचना मरकच्चो पुलिस को दी गई.

14वें प्रधानाचार्य के रूप में लचरागढ़ शिशु मंदिर में राजेंद्र साहू ने संभाला पदभार

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। मंगलवार को विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ के चौदहवें प्रधानाचार्य के रूप में राजेंद्र साहू ने कार्यभार संभाला।समिति के गणमान्य पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। प्राचार्य राजेंद्र साहू ने वंदना सभा को संबोधित किया।उन्होंने विद्यालय में गुणवत्ता युक्त शिक्षा और संस्कार देने की बात कही ।साथ ही 1 वर्ष के अंतराल में विवेकानन्द शिशु/ विद्या मंदिर लचरागढ़ को सिमडेगा जिले का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनाने की बात कही। कार्यभार संभालने के साथ ही विद्यालय में दो नवीन छात्रों का नामांकन भी हुआ। प्राचार्य के नेतृत्व में अभिभावक संपर्क भी प्रारंभ हुआ। इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव राजेश अग्रवाल, सह सचिव रिकी अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष आनंद जैन एवम सभी आचार्य आचार्या और छात्र छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने मिलकर नवीन प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू का स्वागत एवम अभिनंदन किया।

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। बोलबा मुख्यालय एवं मालसाडा राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रखंड प्रशासन की ओर से हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ऊषा मिंज द्वारा शपथ दिया गया। इसके बाद सभी योजनाओं की जानकारी दिया गया। सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगा कर ग्रामीणो को जानकारी उपलब्ध करायी गयी। बैंक ऑफ इन्डिया के मैनेजर ने अटल पेंशन योजना एवम जीवन ज्योति जीवन बीमा योजना के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गयी। वही जिया ईन्डेन गैस एजेन्सी के द्वारा गैस से संबंधित जानकारी ग्रामीणो को उपलब्ध करायी गयी। जिस ग्रामीण को गैस कनेक्शन नही मिला है ।उसे आधार नंबर और मोबाइल नंबर देने को कहा गया। वही झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के दवारा महिलाओं को दिए जाने वाले सुविधाओं की भी

जानकारी दी गयी।स्वास्थ्य विभाग के द्वारा भी ग्रामीणो के स्वास्थ्य की जांच की गयी साथ ही दवा दी गयी। मनरेगा के तहत मिलने वाले लाभ की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने सभी स्टॉल मे लगे सभी विभागों का निरीक्षण किया गया। कल्याण पदाधिकारी रामायण सिंह बिसेन ने सहकारिता एवं कल्याण विभाग के दवारा दी जानेवाली सुविधाओं के बारे जानकारी उपलब्ध करायी गयी। वही बोलबा मे गंझू मैदान मे 2:00 बजे से हमारा संकल्प विकसित भारत का आयोजन किया गया जिसमे सुरजन बडाईक ने ग्रामीणो को ज्यादा से ज्यादा संख्या मे आकर योजनाओं के बारे मे जानकारी लेने की बात कही गयी। विकसित भारत को लेकर शपथ भी दिलाया गया।इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूवात स्वागत गीत महिलाओ के द्वारा गाकर किया गया। मौके पर सीआई अनिल टूटी, मुखिया बिनोद बडाईक, राहुल बडाईक, चंदन कुमार,डॉ देवतोष कुटिया आदि के अलावा भारी संख्या में ग्रामीणो की उपस्थिति रही।

दिये निर्देश आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए डीसी ने की बैठक

'योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं'

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। राज्य सरकार के निर्देश पर जिला में आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय शिविर आयोजन होना है शिविर का आयोजन 24 नवंबर से 26 दिसंबर के बीच सिमडेगा जिले के 94 पंचायतों में आयोजन किया जाएगी। आयोजन सफल बनाने के लिए मंगलवार को सिमडेगा समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय नामित वरीय पदाधिकारीयों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में तृतीय चरण की आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार आयोजित किया जाना है।उन्होंने सभी प्रखंड स्तरीय नामित वरीय पदाधिकारीयों को कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा- निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने पंचायत स्तरीय शिविरों में ज्यादा से ज्यादा लाभुकों से आवेदन प्राप्त करते हुए लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिविर में लगाए गए स्टॉल में कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सेवा और कंप्यूटर ऑपरेटर आवश्यक रूप से हो। सभी कैंप में एक हेल्प डेस्क बना कर ग्रामीणों का आवेदन पत्र लिखने में मदद करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, जन्म-मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। राजस्व से जुड़े मामले जैसे म्यूटेशन, भू-मापी, लगान रसीद तथा ऑनलाइन रिकॉर्ड में त्रुटियों को दूर करने, सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे। सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सीएम पशुधन योजना के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे। श्रम विभाग के श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑन द स्पॉट परिसम्पतियों, सरकारी लाभ का वितरण ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

अवैध लकड़ी लदा पिकअप वैन जब्त, वन विभाग ने की कार्रवाई

बानो। वन विभाग बानो द्वारा उकौली पंचायत के बुरुहोंजर पथ में अवैध लकड़ी लगा हुआ पिकअप वैन को मंगलवार को जप्त किया है ।मिली जानकारी के अनुसार उकौली बुरुहोंजर पथ जाने वाली पथ बीती रात एक पिकअप वैन पर सखुआ बोटा लादकर ला रहा था। संभवतः चढ़ान पर गाड़ी चढ़ नही पाया जिसके कारण पिकअप वैन पलट गई।इसकी सूचना मिलने पर प्रभारी वनपाल विवेक कुमार वर्मा व लखिन्द्र कुमार सिंह घटना स्थल जा कर वाहन व लकड़ी जब्त कर बानो ले आई। पिकवैन के गाड़ी नम्बर पर ऊपर से एक और नम्बर लगाया गया है। जिसे फर्जी नम्बर बताया जा रहा है। इधर वन विभाग की टीम ने लकड़ी को ट्रेक्टर के माध्यम से अपने कब्जे में लेकर आगे कार्रवाई में जुट चुकी है। उन्होंने बताया कि जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गागर में सागर

केतार मुखिया ने 500 छठ व्रतियों के बीच किया पूजन सामग्री का वितरण

केतार। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के दिन केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने 500 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। वहीं मुखिया प्रमोद कुमार ने केतार, केतरी, नारायण वन छठ घाट का भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया और छठ घाट पर कमेटी को सहयोग प्रदान किया। मुखिया ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का महान पर्व है। इस महापर्व में भिक्षाटन कर व्रत करने की परंपरा है। छठी मैया सभी व्रतियों की मनोकामना पूरी करती है। मुखिया ने समस्त प्रखंडवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। मौके पर उप मुखिया संजय पाल, जितेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

छठ महापर्व के दौरान चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने दर्ज कराई प्राथमिकी

भवनाथपुर। भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी धनगर डीहा गांव में छठ पर्व की रात्रि हुई चोरी की घटना को लेकर पीड़ित गोरी शंकर यादव ने थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध दो लाख दस हजार की कीमत के गहने व नकदी चुराने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने कहा है कि छठ की रात्रि उसके व दो भाई रविंद्र यादव व उपेंद्र यादव के परिवार छठ घाट पर गए थे। मैं अकेला घर में सोया था कि रात्रि में अज्ञात चोरों ने चहारदीवारी फांद कर घर में घुस गए व सभी लोगों का बक्शा, अलमीरा तोड़ कर कीमती सामान और नकदी चुरा लिए।

पलामू में बस-बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो की मौत

पलामू। रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर सतबरवा थाना क्षेत्र के कंचना ढाबा के सामने मंगलवार को पलामू किला मेला देखने आ रहे बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बस से बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो जाने के कारण यह घटना हुई। हालांकि, हादसे के बाद दोनों युवकों को नवजीवन अस्पताल तुम्बागड़ा ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। डालटनगंज से हजारीबाग जा रही दीप ज्योति बस और रांची की ओर से डालटनगंज की ओर आ रही एक बाइक में टक्कर हुई। सीधी टक्कर लगने के बाद बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी होकर कंचन ढाबा के पास सड़क पर गिर गए। उनकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना के बाद एएसआई बसंत कुमार दुबे ग्रामीणों के सहयोग से बाइक सवार घायल युवकों को इलाज के लिए नवजीवन अस्पताल तुम्बागड़ा ले गए, जहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बस और बाइक को सतबरवा पुलिस ने जब्त कर लिया तथा दोनों शव को डालटनगंज के एमएमसीएच में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दोनों युवकों की पहचान सतबरवा थाना क्षेत्र के तुम्बागड़ा के 22 वर्षीय मनीष कुमार और 20 वर्षीय परदेसी कुमार के रूप में हुई है। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बाइक और बस में भिड़ंत होने की पुष्टि की। कई घंटे के बाद शव की पहचान होने की बात कही।

डीएलएसए के तत्वाधान में लोगों को योजनाओं को लेकर किया गया जागरूक

सिमरिया (चतरा)। नालसा नई दिल्ली, झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा बाजपेई के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के शिला में संचालित संत थॉमस स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन कर विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में प्रभात फेरी निकालकर विशेष कर महिला, बच्चे और दिव्यांगों को मिलने वाले सरकार की जनकल्याण जानकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

सीबीएसई राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में पदक जीतने वाला पहला खिलाड़ी बना पवल किशोर पासवान

गढ़वा के युवा मुक्केबाज ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में रचा इतिहास

पवल की उपलब्धि पर सूबे के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, उप सचिव पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद निदेशालय श्री राज महेश्वरम, गढ़वा जिला बॉक्सिंग संघ के संरक्षक मुमताज राही, अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनंद पांडे आदि ने दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
महेंद्रगढ़, हरियाणा में 17 से 19 नवंबर 2023 तक आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गढ़वा के मुक्केबाज ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। अभी तक सीबीएसई राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में किसी भी खेल में जिले के किसी खिलाड़ी ने पदक नहीं जीता था। पवल किशोर पासवान एकमात्र खिलाड़ी है जिसने पदक जीतकर अपना नाम सुनहरे अक्षरों में अंकित किया है। पवल ने अंडर 17 में 38-42 किलो भारवर्ग में पदक अपने नाम किया। पवल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देने वाले सूबे के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, उप सचिव पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद निदेशालय श्री राज महेश्वरम, गढ़वा जिला बॉक्सिंग संघ के संरक्षक मुमताज राही, अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनंद पांडे, वरीय उपाध्यक्ष, लव कुमार दुबे, सचिव रामप्रवेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन तिवारी, सह सचिव पुनीत जायसवाल, जीएन कॉन्वेंट स्कूल के प्राचार्य मदन प्रसाद केशरी, गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, गढ़वा जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, विधायक प्रतिनिधि खेल कूद ओमप्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, राजेश चंद्रवंशी, संतोष कुमार, राजन कुमार आदि ने बधाई दी है।

खरौंधी, डंडई और रमना प्रखंड को मिले नए बीडीओ, अधिसूचना जारी

खरौंधी में रविंद्र कुमार की पदस्थापना, सुदेश कुमार डंडई व संजय कुमार रमना के बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी/डंडई/रमना
राज्य सरकार ने गढ़वा जिले के खरौंधी, डंडई और रमना प्रखंड में नए प्रखंड विकास पदाधिकारी की पदस्थापना की है। इस संबंध में मंगलवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इस पर तीनों प्रखंड के लोगों ने खुशी काइजहार किया है।

खरौधी प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित बीडीओ गणेश महतो के खूंटी के अड़की स्थानांतरित हो जाने से प्रखंड रिक्त हो गया था। बीडीओ के चले जाने से ब्लॉक का संचालन अंचलाधिकारी सुनील कुमार के प्रभार के भरोसे चल रही था, जिससे आम अवाम को काफी परेशानी होती। खरौंधी प्रखंड में बीडीओ की पदस्थापना नहीं की गई थी, परंतु राज्य सरकार ने मंगलवार को बीडीओ की पोस्टिंग का नोटिफिकेशन जारी किया, जिसमें रविंद्र कुमार को खरौंधी प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है। उनकी पोस्टिंग से जनता में उम्मीद जग गयी है। वहीं बीडीओ गणेश महतो का कई दिनों पहले खूंटी के अड़की प्रखंड में पदस्थापना हो गयी थी। लेकिन खरौंधी में बीडीओ की पोस्टिंग नहीं की गई थी। खरौंधी में सीओ सुनील कुमार की पोस्टिंग कुछ दिन पहले हुई थी। उन्हीं के द्वारा प्रखंड की विकास योजनाओं का संचालन किया जा रहा था, लेकिन विकास योजनाओं को गति नहीं मिल पा रही थी। बीडीओ की पोस्टिंग होने से खरौंधी में विकास की गति तेज होगी। बीडीओ की पदस्थापना होने पर नेताओं ने राज्य सरकार को बधाई दी है। इसमें झामुमो नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, प्रमुख आभा रानी, कांग्रेसी नेता राहुल दुबे, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, झामुमो कार्यसमिति सदस्य बिनोद यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हिफाजत अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, शशि पासवान, सतेंद्र बैठा, अरविंद पासवान, जाकिर हुसैन, रामसुभाग राम, विष्णु बैठा, देवबश गुप्ता, अजित यादव आदि शामिल हैं।

डंडई प्रखंड में बीडीओ की स्थायी पोस्टिंग हुई

डंडई/रमना। डंडई ब्लॉक के लिए मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से बीडीओ की स्थायी पोस्टिंग कर दी गई है। सुदेश कुमार गृह जिला देवघर को ब्लॉक का नया बीडीओ बनाया गया है। राज्य सरकार की चिट्ठी में उनका नाम क्रमांक सातवें नंबर पर दर्ज है। मालूम हो कि ब्लॉक के तात्कालिक बीडीओ सोमा उरांव के तबादला के बाद ब्लॉक के लिए राज्य सरकार की ओर से स्थायी बीडीओ की पोस्टिंग नहीं की गई थी। उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा राहुल कुमार सानू को बीडीओ के रूप में प्रतिनियुक्त कर उन्हें डंडई ब्लॉक भेजा गया था। राहुल कुमार सानू को प्रखंड में बतौर बीडीओ के पद पर सेवा देते दो महीने भी नहीं हुए कि राज्य सरकार की ओर से मंगलवार को प्रखंड के लिए नये बीडीओ की पोस्टिंग कर दी गई। प्रखंड को स्थायी बीडीओ मिलने से ग्रामीणों के बीच हर्ष का माहौल है। वहीं संजय कुमार को रमना प्रखंड विकास पदाधिकारी बनाया गया है।

कैलान में दो सप्लायरों में जमकर चले लाठी डंडे, चार लोग घायल

भवनाथपुर सीएचसी से दो घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल किया गया रेफर

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
थाना क्षेत्र के कैलान गांव में लेबर सप्लाई को लेकर हुए विवाद में दो सप्लायरों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों पक्ष से चार लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां एमपी डब्लू गुप्तेश्वर प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है। इस मामले को लेकर अभी तक दोनों पक्षों के द्वारा थाना में लिखित शिकायत नहीं की गई है।

घटना के बारे में बताया जाता है कि कैलान गांव निवासी मथुरा साह का पुत्र ओमप्रकाश साह गांव में किसी काम से अपनी बाइक से जा रहा था। इसी बीच गांव के ही पिंकू साह का ओमप्रकाश से विवाद हो गया। उसके साथ मारपीट की गई। शोरगुल करने पर पिता मथुरा साह अपने पुत्र को बचाने पहुंचा था कि पिंकू साह व उसके भाई प्रमोद साह, मां सुरजी देवी ने लाठी टांगी से वार कर दिया। इसमें एक पक्ष से मथुरा साह एवं पुत्र ओमप्रकाश व दूसरे पक्ष से पिंकू साह व मां सुरजी देवी घायल हो गए। मथुरा साह व सुरजी देवी को बेहतर इलाज के लिए गढवा रेफर कर दिया गया।

बता दें कि इन दिनों भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से दिहाड़ी मजदूरों को ज्यादा पैसा का लालच देकर बिचौलियों के द्वारा कमीशन पर बाहर कार्य हेतु अवैध रूप से भेजा जा रहा है, जहां मजदूरों को बिचोलिया द्वारा छह माह या एक साल तक का एडवांस पैसा देकर बाहर ले जाया जा रहा है। इसमें कुछ मजदूरों द्वारा दो तीन बिचौलिया से पैसा एडवांस के तौर पर ले लिया जा रहा है जो विवाद का कारण है। इस तरह के मामले में मानव तस्करी की तरह कार्य किया जा रहा है। नियमतः मजदूरों के बाहर कार्य करने के लिए जाने पर सरकार के द्वारा निबंधन कराना है ताकि किसी भी अप्रिय घटना घटने पर मजदूर को उचित लाभ मिल सके।

चोरी की बाइक के साथ एक को किया गिरफ्तार

एक वर्ष पूर्व हुई घटना का हुआ खुलासा

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शहर में सक्रिय बाइक चोरों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की बाइक के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए चोर दीपक कुमार दास उर्फ राहुल दास चतरा शहर के नगवां मुहल्ले का रहने वाला है। गिरफ्तार चोर ने पुलिस पूछताछ के दौरान एक वर्ष पूर्व हुए मोबाइल छिनतई मामले का खुलासा करते हुए मोबाइल चोरी की घटना में शामिल होने की बात को स्वीकार किया है। साथ ही अपने साथ छिनतई और चोरी की घटना में शामिल दो अन्य दोस्तों के शामिल होने की बात भी बताई है। पुलिस ने गिरफ्तार चोर की निशानदेही पर एक वर्ष पूर्व छिने गये जियो कम्पनी के कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया है। वहीं गिरफ्तार चोर के पास से चोरी की एक होंडा मोटरसाइकल बरामद की है। मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चोर का आपराधिक इतिहास है

रनपुरा में एक ही रात दो खलिहानों में लगी आग

70 बोझा धान और तीन ट्रैक्टर पुआल जलकर राख, पीड़ितों को हुआ भारी नुकसान

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
थाना क्षेत्र के रणपुरा गांव में सोमवार रात अज्ञात लोगों ने दो किसानों के खलिहान में रखे धान के बोझे व पुआल में आग लगाकर भारी छती पहुंचाई है। जानकारी के अनुसार सबसे पहले अज्ञात लोगों द्वारा रात करीब 9:30 बजे रनपूरा गांव निवासी करमचंद शाह के खलिहान में रखे हुए तीन ट्रैक्टर पुआल को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे किसान करमचंद शाह को भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने बताया कि अज्ञात लोगों ने इस तरह का कायरना हरकत कर हमें भारी क्षति पहुंचाई गई है। अब हमें पूरा साल अपने पशुओं को चारा खिलाने के लिए सोचना पड़ेगा। वहीं रणपुरा गांव निवासी उपेंद्र सिंह पिता धर्मेंद्र सिंह के खलिहान में रखे लगभग 70 बोझा धान को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे लगभग 10 क्विंटल धान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया है। भूक्तभोगी किसान ने बताया कि रात करीब 11:00 बजे अज्ञात लोगों द्वारा हमारे खलिहान में रखे धान को आग के हवाले कर दिया गया। इससे हमें भारी नुकसान हुआ है। वहीं एक ही रात में दो किसानों के खलिहानों में आग लगाने की घटना से गांव के लोग भी हतप्रभ है।

आक्रोश तेतरिया कोल माइंस परिसर में विभिन्न मुद्दों को लेकर हुई बैठक

तय भाड़ा नहीं मिलने पर ट्रक ऑनरों ने जताई नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
रजहरा एरिया के तेतरिया कोल माइंस परिसर में मंगलवार को ट्रक ऑनर एवं डीओ होल्डर की विस्थापित नेता बिहारी यादव की अध्यक्षता में बैठक की हुई। इसमें मुख्य रूप से कमेटी द्वारा निर्धारित भाड़ा एवं डीओ धारक का कोयले का उठाव एवं माइंस में सीरियल नंबर से गाड़ी के प्रवेश को लेकर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान यादव ने बताया कि सीसीएल का पावर सेक्टर का कोयला जो माइंस से बालूमाथ कोल साइडिंग तक परिवहन किया जा रहा है उस पर बसिया कमेटी की ओर से भाड़ा 576 रुपये/टन तय किया गया था, लेकिन इसके बजाय मात्र 400 रुपये/टन दिया जा रहा है। मौके पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि अगर कमेटी द्वारा तय भाड़ा के अनुसार डीओ धारक द्वारा भाड़ा नहीं दिया जाता है, तो ट्रक ऑनर इसका विरोध करते हैं और आगे ऑनरों ने कम भाड़ा में कोयला ढुलाई नहीं करने का निर्णय लिया है। मौके पर गाड़ियों का सीरियल नंबर से माइनस में प्रवेश कराने आदि नियमों को लेकर आवाज बुलंद की गई। कार्यक्रम का संचालन विस्थापित गंगेश्वर यादव ने किया।

मौके पर काली यादव, सुरेश यादव, राजेंद्र यादव, दिलीप यादव, सुरेंद्र साव, प्रकाश यादव, राजन यादव, राहुल यादव, तिवारी यादव, मुनेश्वर यादव, रवि यादव, राजेश तुरी, मनोज साव, रवींद्र साव, रवि यादव, मंटू साहू आदि उपस्थित थे।

चबूतरा के निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार नहीं हो रहा कार्य, आक्रोश

ग्रामीणों की शिकायत पर मुखिया ने की जांच, निर्माण कार्य रोका

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
बनसानी पंचायत के माईधिया टोला में 15वें वित्त से निमार्णाधीन चबूतरा में संवेदक द्वारा प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं कराये जाने से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। चबूतरा का निर्माण कार्य पंचायत निधि मद की राशि 1 लाख 15 हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है।

ग्रामीण मुकेश यादव, अनुराग यादव, अरविंद यादव, विमलेश यादव, विवेक यादव, संदेश यादव आदि ने बताया कि संवेदक सह वार्ड सदस्य विजय यादव द्वारा चबूतरा निर्माण में घटिया किस्म के बालू से ईंट की जोड़ाई कराये जाने के साथ ही निर्माण कार्य में दोयम दर्जे का मैटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। कहा कि जब चबूतरा का निर्माण सड़क से कुछ दुरी पीछे बनाये जाने की बात ग्रामीणों ने कही तो संवेदक द्वारा मनमाना रवैया अपनाते हुए ठीक मुख्य पथ से सटकर चबूतरा बनवाया जा रहा है। संवेदक द्वारा प्राक्कलन एवं निर्धारित मानक के अनुसार चबूतरा का निर्माण नहीं कराये जाने से यह कभी भी ध्वस्त हो सकता है। इस मामले में पंचायत के मुखिया पति राजेश्वर पासवान ने बताया कि चबूतरा में संवेदक द्वारा अनियमितता बरते जाने तथा घटिया बालू का उपयोग किये जाने संबंधी ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कर उक्त निर्माण कार्य रोक दिया गया है।

गुनहगार को सजा मिले..

साल 1999 में प्रख्यात लेखिका महाश्वेता देवी पलामू आयी थी। उन्होंने पलामू को समीप से देखा। उनकी पुस्तकों में आदिवासी जीवन शैली की प्रधानता देखने को मिलती है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था कि आदिवासी समाज से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। इनके संरक्षण में समाज के साथ प्रकृति भी सुरक्षित है। दुखद पहलू यह कि यह समाज आज भी उपेक्षा की जिन्दगी बसर करने को मजबूर है। साथ ही इस समाज के साथ अत्याचार और अनाचार की घटनायें बदस्तूर जारी है। अभी दो दिन पहले झारखंड के चंदवा में एक किशोरी की हत्या गैंगरेप के बाद कर दी गई। चार माह पहले भी इस तरह की घटना घट चुकी है। यह सब सुनकर किसी का भी मन दुखी हो जाता है कि आज का आदमी कितना बर्बर और क्रूर हो चुका है। आठवीं कक्षा की छात्रा छठ घाट घुमने आयी थी। उस मासूम को यह नहीं पता था कि मौत उसका इंतजार कर रही है। बताया जाता है कि उसकी हत्या लव जेहाद के कारण हुई। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में उबाल है। थाने का घेराव किया गया। बाद में सब कुछ शांत है। ऐसे में सवाल उठता है कि आदिवासी समाज में किसी लड़की का पैदा होना गुनाह है क्या? हालांकि ऐसी भी बात नहीं है कि इस तरह की घटना आदिवासी समाज के साथ घटती है। लेकिन देखा जाये तो ज्यादा घटनायें इसी समाज के साथ घटती है। आखिर इसके क्या कारण है। आदिवासी समाज एक ऐसा समाज है जिसने भारत की मूल सनातन पहचान की रक्षा के लिए,प्रकृति के प्रति आस्था रखकर पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वस्व न्यौछावर करके अपना अहम योगदान दिया है। बहरहाल यह देखा जाता है कि बड़ी संख्या में राज्य की आदिवासी बच्चियां काम करने के लिए जाती हैं बाहर,दलालों के चंगुल में कई बार शोषण का शिकार हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार ने घरेलू सहायिका का काम करने के लिए बाहर जाने वाली बच्चियों की सुरक्षा को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। यह कदम स्वागत योग्य है। इन बच्चियों की सुरक्षा के लिए एक एप के माध्यम से एक रिकार्ड रखने की योजना बनायी है। ताकि मुसीबत के वक्त उसकी सहायता की जा सके। इसके अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल पर विकसित किये जा रहे इस एप के जरिये इन बच्चियों की पहचान की जायेगी। उनके पुनर्वास की व्यवस्था करने की योजना है। सूचना,तकनीक विभाग इस एप को डेवलप कर रहा है। अभी तक महिला हेल्पलाइन 181 के जरिये इन बच्चियों की मदद की जा रही थी। नया एप विकसित हो जाने के बाद एक अतिरिक्त सुविधा इन बच्चियों को मिलने से उन्हें मदद मिलने की संभावना है। पलायन प्रभावित जिलों में सरकार स्पेशल ड्राइव के जरिये ऐसे दलालों की पहचान और आपराधिक कृत्य को रोकने के लिए काम कर रही है। इस अभियान को तेजी से चलाने की आवश्यकता है। साथ ही आदिवासी बच्ची को सुरक्षा देने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आने की जरूरत है। ऐसी घटनायें किसी भी सभ्य समाज में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। आपराधिक कृत्य करने वाला कितना भी शक्तिशाली हो,उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

दुखद पहलू यह कि यह समाज आज भी उपेक्षा की जिन्दगी बसर करने को मजबूर है। साथ ही इस समाज के साथ अत्याचार और अनाचार की घटनायें बदस्तूर जारी है। अभी दो दिन पहले झारखंड के चंदवा में एक किशोरी की हत्या गैंगरेप के बाद कर दी गई। चार माह पहले भी इस तरह की घटना घट चुकी है।

राजस्थान विधान सभा चुनाव में लड़खड़ाता तीसरा मोर्चा

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर पहुंच गया है। मतदान 25 नवम्बर को है। सभी राजनीतिक दलों के बड़े नेता व स्टार प्रचारक लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री व बड़े नेता लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। जहां कांग्रेस व भाजपा पूरे जोशखरोश के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, तीसरी ताकत बनकर चुनाव परिणाम बदलने का दावा करने वाले तीसरे मोर्चे के दलों की स्थिति कमजोर लग रही है। विधानसभा चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे के नेता बड़े-बड़े दावे कर सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने की बात कह रहे थे। मगर मौजूदा चुनावी परिदृश्य को देखकर तो लगता है कि तीसरे मोर्चे के दल अपनी उपस्थिति दर्ज करवा पाने में ही नाकाम लग रहे हैं। तीसरे मोर्चे में शामिल बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, एमआईएमआईएम, वामपंथी दल, हरियाणा की जननायक जनता पार्टी, भारतीय ट्राइबल पार्टी व भारत आदिवासी पार्टी ने चुनाव से पूर्व अधिकांश सीटों पर चुनाव लड़ने के बड़े-बड़े दावे किये थे। मगर चुनावी मैदान में इनमें से कोई भी पार्टी सभी सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतर पाई है। पिछले चार चुनावों से प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही बहुजन समाज पार्टी ने भी 175 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। इस पार्टी के कई प्रत्याशियों ने तो कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में अपने नाम वापस ले लिए या फिर उनको अपना समर्थन दे दिया है। वही तिजारा से पार्टी ने इमरान खान को प्रत्याशी बनाया था। जिसने अंतिम समय में कांग्रेस से टिकट लेकर चुनाव मैदान में उतर गये। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा पार्टी की जीत के बड़े-बड़े दावे तो कर रहे हैं मगर कैसे जीतेंगे इस बात का उनके पास कोई जवाब नहीं है। बसपा सुप्रीमो मायावती भी चुनावी प्रचार में उतर चुकी है। उन्होंने पूर्वी राजस्थान के अलवर, भरतपुर, झुंझुनू जिलों की कई विधानसभा सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं भी की है। बसपा के सामने सबसे बड़ा संकट पार्टी कि साख को लेकर है। बसपा से 2008 व 2018 में 6-6 विधायक चुने गये थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में शामिल होकर पार्टी को धत्ता बता दिया था। इसलिए लोगों का मानना है कि यदि बसपा के प्रत्याशियों को जीता भी दिया तो वह पार्टी में रहेंगे इस बात की क्या गारंटी है। पिछली बार के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को 6 सीट व 4.03 प्रतिशत मत मिले थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी जहां पिछली बार 142 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। वहीं, इस बार सिर्फ 88 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चुनाव से पहले तो अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान राजस्थान में कई बड़ी जनसभाओं को संबोधित किया था। मगर चुनावी अभियान के दौरान दोनों ही नेता अभी तक राजस्थान नहीं आये हैं। पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी के सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। आप को को सिर्फ 68051 वोट मिले थे। नागौर सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे कर रहे थे। मगर चुनाव में उन्होंने सिर्फ 78 सीटों पर ही प्रत्याशी उतारे है और उत्तर प्रदेश की आजाद समाज पार्टी कांशीराम के साथ गठबंधन किया है। जिसके अध्यक्ष चंद्रशेखर रावण स्वयं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सीट से चुनाव में बुरी तरह हार चुके हैं। उन्हे मात्र 7640 वोट ही मिले थे। हनुमान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई बड़े नेताओं के सामने प्रत्याशी नहीं उतारे हैं। यहां तक कि पिछले साल सरदार शहर उपचुनाव में 46000 वोट लेने के उपरांत भी उन्होंने वहां से अपने प्रत्याशी का नामांकन फॉर्म वापस करवा दिया। पिछले विधानसभा चुनाव में बेनीवाल की पार्टी से 58 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। जिनमें तीन जीतने में सफल रहे थे वहीं 48 उम्मीदवारों की जमानत जप्त हो गई थी। बेनीवाल की पार्टी को 856038 यानी 2.40 प्रतिशत मत मिले थे। इस बार बेनीवाल सांसद रहते स्वयं खीवसर से अपने भाई नारायण बेनीवाल के स्थान पर चुनाव लड़ रहे हैं। आदिवासी बेल्ट में पिछली बार भारतीय ट्राइबल पार्टी नामक नई पार्टी ने 11 सीटों पर चुनाव लड़कर दो सीट जीती थी। उनके आठ प्रत्याशियों के जमानत जब्त हो गई थी। तब पार्टी ने 255100 यानी 0.72 प्रतिशत मत प्राप्त किये थे। इस बार भारतीय ट्राइबल पार्टी का विभाजन हो गया और इससे टूटकर बनी भारत आदिवासी पार्टी ने 27 व भारतीय ट्राइबल पार्टी ने 17 प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एमआईएमआईएम पार्टी के सिर्फ दस प्रत्याशी ही खड़े हुए हैं। जबकि चुनाव से पहले ओवैसी 40 से 50 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रहे थे। चर्चा है कि ओवैसी को 10 सीटों पर भी मुश्किल से ही प्रत्याशी मिल पाये हैं। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। दांतारामगढ़ सीट पर कांग्रेस के मौजूदा विधायक वीरेंद्र चौधरी के सामने उनकी पत्नी रीटा चौधरी जननायक जनता पार्टी से खड़ी होकर चुनावी मुकाबले को रोचक बना दिया है। राजस्थान में वामपंथी दलों की स्थिति भी कोई ज्यादा अच्छी नहीं है। पिछली बार दो सीटों पर जीतने वाली माकपा 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में माकपा ने 28 व भाकपा ने 16 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। जिनमें माकपा के दो प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल रहे थे। मगर इस बार माकपा व भाकपा के प्रत्याशियों की स्थिति ज्यादा सुदृढ़ नजर नहीं आ रही है। राजस्थान में कांग्रेस व भाजपा के अलावा अन्य सभी दलों के नेता अपने आप को तीसरा मोर्चा कलवाना पसंद करते हैं। हालांकि तीसरा मोर्चा के दलों में भी आपस में सामंजस्य नहीं है। वे एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव से पहले यह प्रदेश में सत्ता बनाने के बड़े-बड़े दावे करते रहे हैं। चुनावी मैदान में उनकी स्थिति को देखकर उस लंगड़े घोड़े की याद आती है जो रेस में तो शामिल हो जाता है मगर कभी जीत नहीं पता है।

विधानसभा चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे के नेता बड़े-बड़े दावे कर सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने की बात कह रहे थे। मगर मौजूदा चुनावी परिदृश्य को देखकर तो लगता है कि तीसरे मोर्चे के दल अपनी उपस्थिति दर्ज करवा पाने में ही नाकाम लग रहे हैं।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुने ऋषि वशिष्ठ की कहानी

भारद्वाज ऋषि राजा भरत के कुल पुरोहित थे दुष्यंत पुत्र राजा भरत ने अपना राजपाट इन्हीं भारद्वाज को सौंपा तथा खुद जंगल में जाकर रहने लगे।

भारद्वाज ऋषि का जन्म

भारद्वाज बृहस्पति और ममता के पुत्र थे लेकिन कालांतर में यह राजा भरत के दत्तक पुत्र हुए थे। इसके बाद कश्यप और अदिति के पुत्रों ने इनका पालन-पोषण किया था। जब भरत का वंश खत्म होने लगा तब उन्हें दत्तक रूप में प्रदान किया। शास्त्रों में भी इसका वर्णन है कहते हैं, जब सम्राट भरत का वंश खत्म होने लगा तब उन्होंने संतान पाने के लिए मरुथम नामक यज्ञ किया इससे मरुद गणों ने प्रसन्न होकर भरत को भारद्वाज नाम का पुत्र दिया था। इनके पिता बृहस्पति और माता का नाम ममता था लेकिन पैदा होते ही माता-पिता में इस बात को लेकर विवाद हो गया कि इनका पालन-पोषण कौन करें। दोनों ने एक दूसरे से कहा था तुम इसे संभालो उसी समय से इनका नाम भारद्वाज पड़ा था इसके बाद इन्होंने अपनी तपस्या के बलबूते पर इस नाम को अमर कर दिया।

तीन जन्मों का वरदान

राज ऋषि ने अपनी तपस्या से इंद्र देव को प्रसन्न कर उनसे 100 -100 वर्षों के तीन जन्मों का वरदान मांगा था। दरअसल भारद्वाज वेदों का अध्ययन करना चाहते थे पर समय की कमी के कारण ना हो सका। भारद्वाज ऋषि 3 जन्मों के बाद भी वेदों का पूरी तरह से ज्ञान प्राप्त नहीं कर सके। इसके बाद इन्होंने इंद्रदेव से चौथा जन्म मांगा तो उन्होंने इन्हें एक उपाय बताया और कहा कि तुम 'सबित्र अग्नि जयन' यज्ञ करो। इन्होंने ऐसा ही किया और तब जाकर इनकी जिज्ञासा पूर्ण हुई थी

(क्रमशः)

डीपफेक सबसे बड़े खतरों में से एक

किशन भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर आधुनिक प्रौद्योगिकी आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग, मशीन लर्निंग और डिजिटाइजेशन की पैर पसारती प्रगति ने जहां एक और अति सुख सुविधा समृद्धि उपलब्ध कराई है तो दूसरी ओर इसके अनेकों निष्ठुर, दुराचारी, आर्थिक कमरतोड़ और समाज जाति में बढ़ती अश्लीलता को प्रोत्साहित कर रहे हैं। बीते कुछ समय से डीपफेक मामलों के बढ़ते दुरुपयोग की गति से भारत सहित पूरी दुनियां चिंताजनक है। इसके बढ़ते दुरुपयोग से माननीय प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय आईटी मंत्री ने संज्ञान लिया है। इसका दुरुपयोग करने वाले को आईपीसी अधिनियम के अंतर्गत सटीक कार्यवाही और जुर्मानेट की बात कही गई है। चूंकि इस कृत्य से समाज में दूषित वातावरण पनपता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम डीपफेक को समझने की करें तो किसी रियल वीडियो में दूसरे के चेहरे को फिट कर देने को डीपफेक नाम दिया गया है, जिसे हम लोग यकीन मान लें। डीपफेक से वीडियो और फोटो को बनाया जाता है। इसमें मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया जाता है। इसमें वीडियो और ऑडियो को टेक्नोलॉजी और सॉफ्टवेयर की मदद बनाया जाता है। इसी डीपफेक से वीडियो बनाया जाता है। साधारण शब्दों में समझें, तो इस टेक्नोलॉजी कोडर और डिकोडर टेक्नोलॉजी की मदद ली जाती है। डिकोडर सबसे पहले किसी इंसान के चेहरे को हावभाव और बनावट की गहन जांच करता है। इसके बाद किसी फर्जी फेस पर इसे लगाया जाता है, जिससे हुबहू फर्जी वीडियो और फोटो को बनाया जा सकता है। हालांकि इसे बनाने में काफी टेक्नोलॉजी की जरूरत होती है, ऐसे में आम लोग डीपफेक वीडियो नहीं बना सकते हैं। लेकिन इन दिनों डीपफेक बनाने से जुड़े ऐप मार्केट में मौजूद हैं, जिनकी मदद से आसानी से डीफफेक वीडियो को बनाया जा सकता है। बहुत ही आसान भाषा में कहें तो डीपफेक एक एडिटेड वीडियो होता है जिसमें किसी अन्य के चेहरे को किसी अन्य के चेहरे से बदल दिया जाता है। डीपफेक वीडियोज इतने सटीक होते हैं कि हम इन्हें आसानी से पहचान नहीं सकते। ताजा उदाहरण के लिए हम रश्मि का मंदाना के वीडियो को देख सकते हैं। यदि जारा पटेल का असली वीडियो सामने नहीं आता तो कोई भी यकीन कर लेता है कि यह वीडियो रश्मिका का ही है। किसी भी इंसान का डीपफेक वीडियो बनाया जा सकता है। साथियों बात अगर हम डीपफेक वीडियो बनाने की सजा की करें तो, यदि हम मजाक में किसी का डीपफेक वीडियोज बनाते हैं और शेयर करते हैं तो हमारे खिलाफ आईपीसी की धारा के तहत कार्रवाई हो सकती है। भारी जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इसके अलावा यदि किसी की छवि खराब होती है तो आपके खिलाफ मानहानी का भी मामला बनेगा। इस मामले में सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ भी आईटी नियमों के तहत कार्रवाई हो सकती है। शिकायत के बाद 36 घंटे के अंदर सोशल मीडिया कंपनियों को अपने प्लेटफॉर्म से इस तरह के कंटेंट को हटाना होगा। सरकार भी डीपफेक को लेकर सतर्क है। सरकार की तरफ से सोशल मीडियाप्लेटफॉर्म से डीपफेक से जुड़े फोटो और वीडियो को हटाने का निर्देश दिया है। सरकार के निर्देश के मुताबिक सभी प्लेटपऑर्म से 36 घंटों में डीपफेक से जुड़े फोटो और वीडियो को हटाने का निर्देश दिया गया है। डीपफेक वीडियो को फेशियल एक्सप्रेशन से पहचाना जा सकता है। फोटो और वीडियो के आईब्रो, लिप्स को देखकर और उसके मूवमेंट से भी पहचान की जा सकती है। साथियों बात कर हम डीपफेक के संबंध में माननीय पीएम के विचारों की करें तो, उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल 'डीप फेक' बनाने के लिए किया जाना चिंताजनक है। साथ ही उन्होंने मीडिया से इसके दुरुपयोग और प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया था।

बीते कुछ समय से डीपफेक मामलों के बढ़ते दुरुपयोग की गति से भारत सहित पूरी दुनियां चिंताजनक है। इसके बढ़ते दुरुपयोग से माननीय प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय आईटी मंत्री ने संज्ञान लिया है।

सावधानी

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



इजरायल-हमास टकराव में युद्ध का मैदान बनता अस्पताल

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

मानव इतिहास में शायद यह पहला उदाहरण होगा जब हॉस्पिटल युद्ध का मैदान बना हो। इजरायल-हमास युद्ध में यही हो रहा है। आज गाजा पट्टी का अल-शिफा हॉस्पिटल रणक्षेत्र बन गया है। इसके लिए अकेले इजरायल को दोष देना किसी भी दृष्टि से सही नहीं है, वहीं हॉस्पिटल को युद्ध का मैदान बनाना भी किसी भी तरह से उचित नहीं माना जा सकता। जो परिस्थितियां सामने आ रही हैं उसने हालात ही ऐसे बना दिये हैं। इजरायल दावा कर रहा है कि अस्पताल परिसर में आतंकवादी गतिविधियों के बुनियादी ढांचे के संकेत मिले हैं। इजरायल का दावा है कि अस्पताल के नीचे हमास का मुख्यालय और कमांड सेंटर है और यहां से आतंकवादी गतिविधियों का संचालन हो रहा है। वहां से भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा भी मिला है। दूसरी ओर निर्दोष नागरिक जान गंवा रहे हैं। इजरायल के सामने दोहरा संकट है। एक और तो निर्दोष नागरिकों को बचाना है तो दूसरी ओर आतंकवादी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करना भी है। दुनिया के देश दो खेमों में बट चुके हैं। एक तरफ हॉस्पिटल क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई के लिए इजरायल को दोषी ठहराया जा रहा है तो दूसरी तरफ हमास की आतंकवादी गतिविधियों को दोषी ठहराया जा रहा है। दरअसल 7 अक्टूबर को हमास ने जिस तरह से इजरायल पर मात्र 20 मिनट में पांच हजार से ज्यादा राकेट दाग कर इजरायल सहित सारी दुनिया को सकते में ला दिया था। जिस तरह से हमास का हमला हुआ उससे इजरायल ही नहीं अपितु सारी दुनिया सकते में आ गई। इसका कारण भी है। इजरायल की सुरक्षा व्यवस्था, सूचना तंत्र, प्रतिरक्षा, और सैन्य व्यवस्था की सारी दुनिया लोहा मानती रही है। हमास द्वारा अचानक एक साथ पांच हजार राकेट दागना और उसके बाद लगातार एक दूसरे में युद्ध जारी रहना इजरायल के सामने बड़ी चुनौती के रूप में उभरे हालात है। इजरायल सीधे-सीधे इसे अपनी तौहीन समझ रहा है तो उसकी प्रतिष्ठा पर दुनिया के देशों के सामने आंच आई है। जानकारों की मानें तो हमास के इस हमले में ईरान का हाथ है। ईरान नहीं चाहता कि इजरायल और सउदी अरब के बीच आपसी सुलह हो जबकि अमेरिका दोनों देशों के बीच सुलह या यों कहें कि सहमति करवाना चाहता है। एक तरह से ईरान अमेरिकी प्रयासों को विफल करने में जुटा है। दरअसल हमास फिलिस्तीनी राजनीतिक व सैन्य संगठन है। यह भी कहा जा सकता है कि यह फिलिस्तीन का चरमपंथी सैन्य संगठन है। 1987 के बाद यह संगठन अस्तित्व में आया है और यह अपने आप में एक शक्तिशाली चरमपंथी संगठन के रूप में विकसित हो चुका है। गाजा पट्टी जानकारों की मानें तो इस क्षेत्र में हमास ने सुरंगों का जाल बिछा रखा है। कौन-सा मेन होल या दरवाजा किस सुरंग का रास्ता है यह पता करना आसान नहीं है। वहीं सुरंगों का यह जाल पूरे क्षेत्र में फैला हुआ है। अनजाने में यहां प्रवेश करना घातक इस मायने में है कि कब कहां विस्फोट हो जाए अंदाज भी नहीं लगाया जा सकता। जानकारों की मानें तो गाजापट्टी क्षेत्र में चारों तरफ सुरंगों का नेटवर्क फैला हुआ है और यहां से चरमपंथी गतिविधियों के साथ ही रणनीति तैयार करने से लेकर उसे अंजाम देने का नेटवर्क संचालित हो रहा है। माना जा रहा था कि इजरायल के आगे हमास अधिक दिनों तक संघर्ष नहीं कर पायेगा पर इसके उलट लगभग 40 दिन से अधिक होने के बाद भी जंग कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। हमास की ताकत को भी कमतर आंकने की गलती इस मायने में नहीं की जा सकती कि 40 दिनों से संघर्ष करते हुए अभी पीछे हटने को तैयार नहीं है तो दूसरी और इजरायल ने भी अब हमास को पूरी तरह तहस नहस करने का मन बना लिया है। एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्यवाही हो रही है। 40 दिनों में दोनों तरफ से 13 हजार से अधिक लोगों के मरने के समाचार है।

इजरायल के सामने दोहरा संकट है। एक और तो निर्दोष नागरिकों को बचाना है तो दूसरी ओर आतंकवादी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करना भी है। दुनिया के देश दो खेमों में बट चुके हैं।

युद्ध

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनिल सिंह बादल*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

फिटनेस में है रुचि तो न्यूट्रिशन बन चमकाएं अपना कॅरियर

न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। ऐसे में आप इस क्षेत्र में अपना कॅरियर चमका सकते हैं। किस व्यक्ति को किस तरह की डाइट लेनी चाहिए, किस खाने में कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। किसी तरह की बीमारी होने पर डाइट में किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। ऐसे बहुत से सवालों के जवाब यदि आपको पता हैं, या आप इन सवालों के जवाब देने में रुचि लेते है। डायटीशियन या न्यूट्रीशनिस्ट के तौर पर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं। न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। या फिर व्यक्ति की जरूरत के अनुसार, डाइट लेना सजेस्ट करते हैं। साथ ही यह वजन बढ़ाने से लेकर कम करने तक में मदद करते हैं।

क्या हैं फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स : यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। या ऐसा भी कहा जा सकता है कि बदलते वक्त के साथ इसकी डिमांड भी बढ़ती जा रही है। लोग जैसे-जैसे अपनी हेल्थ और वेट को लेकर जागरुक हो रहे हैं। वैसे-वैसे न्यूट्रीशनिस्ट भी डिमांड में आते जा रहे हैं। वेलनेस सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ सेंटर, ब्यूटी सेंटर, क्लीनिक से लेकर फिटनेस सेंटर्स तक पर इनकी जरूरत पड़ती है।

कोर्स : इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाने के लिए कैंडिडट का साइंस बैकग्राउंड होना जरूरी है। 12वीं पास करने के बाद छात्र फूड एंड न्यूट्रीशन में इयू और टयू कोर्स किए जा सकते हैं। हायर स्टडीज के लिए आप इस फील्ड में पीएचडी भी कर सकते हैं। कई यूनिवर्सिटी में यह कोर्सेज ऑफर किए जाते हैं। इनमें सेलेक्शन लेने के लिए छात्रों को सामान्य तौर पर प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

इन फील्ड में कर सकते हैं काम : इस कोर्स को करने के बाद अपने स्पेशलाइजेशन और रुचि के अनुसार, आप हेल्थ कोच, हेल्थ एजुकेटर एंड कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर, पिडियाट्रिक न्यूट्रीशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट, क्लिनिकल डायटीशियन, होलिस्टिक न्यूट्रीशनिस्ट, स्पोर्ट्स न्यूट्रीशनिस्ट, कंसल्टेंट न्यूट्रीशनिस्ट आदि के तौर पर प्राइवेट और सरकारी विभागों में काम कर सकते हैं।

कितनी मिलेगी सैलरी : इस फील्ड में सैलरी अनुभव और पद के अनुसार मिलती है। ऐसे बताया जाए तो गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन में आपको 2.50 से 3.50 लाख रुपये तक आप कमा सकते हैं। वहीं प्राइवेट ऑर्गेनाइजेशन में साल के 3 से 5 लाख रुपये तक कमा सकते हैं। वहीं अनुभव बढ़ने के साथ ही आपकी सैलरी 8 लाख रुपए तक पहुंच सकती है।

जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट का 7 जनवरी को होगा एग्जाम

एक्सैट 2024 परीक्षा के लिए जो भी युवा आवेदन करना चाहते हैं, वह 30 नवंबर 2023 तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए आपको जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की ऑफिशियल वेबसाइट xatonline.in. पर जाना होगा। जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में जो भी युवा एमबीए कोर्स में एडमिशन लेने के लिए इस परीक्षा का फॉर्म भरना चाहते हों, वह इसकी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर आवेदन कर सकते हैं। इस एग्जाम के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के लिए आपको जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की ऑफिशियल वेबसाइट xatonline.in. पर जाना होगा।

फीस : XAT 2024 के लिए आवेदन करने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 2100 रुपए है। जो भी युवा एक्सएलआरआई के प्रोग्राम में एडमिशन लेने में इंट्रेस्टेड हैं, तो उनको 200 रुपए एडिशनल फीस देनी होगी। वहीं जीमैट/जीआरई परीक्षा के जरिए PGDM (जीएम) कोर्स में एडमिशन लेने वाले एप्लीकेंट्स को 2500 रुपए फीस देनी होगी। इसके अलावा NRI/फॉरेन कैंडिडेट्स के लिए जीमैट की एप्लीकेशन फीस 5000 रुपये देने होंगे।

इस डेट में होगा एग्जाम : XAT 2024 एग्जाम का आयोजन 07 जनवरी 2024 को किया जाएगा। इस दिन दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच आयोजित की जाएगी।

क्या है लास्ट डेट : एक्सैट 2024 परीक्षा के लिए जो भी युवा आवेदन करना चाहते हैं, वह 30 नवंबर 2023 तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। वहीं एक्सएलआरआई के प्रोग्राम में एडमिशन के लिए जीमैट/जीआरई के जरिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर 2023 है। आवेदन करने वाले छात्रों के पास बैचलर्स की डिग्री होना जरूरी है। वहीं आयु कम से कम 21 साल होनी चाहिए।

ऐसे करें तैयारी

एग्जाम पैटर्न और सिलेबस : बता दें कि हर एग्जाम का एक अलग सिलेबस और अलग पैटर्न होता है। इसी के आधार पर एग्जाम की तैयारी की जाती है। वहीं टॉपिक्स की तैयारी सिलेबस के आधार पर की जाती है। सिलेबस से बाहर के टॉपिक्स को पढ़ना समय की बबार्दी करना है। इसलिए सबसे पहले सिलेबस और एग्जाम के पैटर्न को अच्छे से समझें और फिर तैयारी करना शुरू करें।

मॉक टेस्ट : आपको ऑनलाइन आसानी से एक्सैट एग्जाम का मॉक टेस्ट मिल जाएगा। कई वेबसाइट्स पर इस परीक्षा का मॉक टेस्ट फ्री में भी उपलब्ध है। मॉक टेस्ट के जरिए प्रैक्टिस करने से आप अच्छी तरह से तैयारी कर पाएंगे। इससे आपको कॉन्फिडेंस मिलेगा।

डिसीजन मेकिंग सेक्शन : डिसीजन मेकिंग सेक्शन एक ऐसा सेक्शन है, जहां पर आप अच्छे अंक पा सकते हैं। क्योंकि यह सेक्शन पूरी तरह से आपकी सोच-समझ पर निर्भर करता है। इस सेक्शन को तैयार करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप इसके पुराने सवालों को हल करें।

दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए फॉलो करें ये स्टेप

विदेश में पढ़ाई करने की चाह रखने वाले छात्रों के मन में सैकड़ों सवाल रहते हैं। ऐसे में आज हम आपको विदेश के कुछ टॉप कॉलेजों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि विदेश में पढ़ाई के लिए आप किस तरह से एडमिशन ले सकते हैं। विदेश में पढ़ाई करने के ख्याल से छात्रों का मन रोमांच से भर जाता है। लेकिन इसके अगले पल ही विदेश में पढ़ाई के लिए आने वाली चुनौतियां और मुश्किलें सोचकर ही पसीना आने लगता है। विदेश में पढ़ाई के लिए कैसे अप्लाई किया जाए, किस कॉलेज में एडमिशन लें, किस कोर्स में एडमिशन लें और फीस कितनी होगी। विदेश में पढ़ाई करने की चाह रखने वाले छात्रों के मन में ऐसे सैकड़ों सवाल रहते हैं। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए विदेश के कुछ टॉप कॉलेजों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि विदेश में पढ़ाई के लिए आप किस तरह से एडमिशन ले सकते हैं।

कोर्स और यूनिवर्सिटी

अगर आपका भी विदेश में पढ़ाई का सपना है, तो सबसे पहले कोर्स तय करें। कई ऐसे कोर्स होते हैं, जिनकी काफी ज्यादा डिमांड होती है। यह कोर्स करने से आप अपने कॅरियर को नई ग्रोथ दे सकते हैं। ऐसे में इन कोर्सेज को करने से आपको फौरन नौकरी मिल सकती है। इन सारी बातों का ख्याल करते हुए एक कोर्स सेलेक्ट कर लें। कोर्स तय करने के बाद अच्छी सी यूनिवर्सिटी देख लें। जैसे कौन सी यूनिवर्सिटी अच्छी है और किस देश में स्कॉलरशिप मिल सकती है। उस यूनिवर्सिटी का प्लेसमेंट रिकॉर्ड कैसा है। इन सभी चीजों के बारे में अच्छे से जानकारी हासिल कर लें।

पढ़ाई का खर्च कैलकुलेट करें

आमतौर पर विदेश में पढ़ाई करना काफी ज्यादा महंगा होता है। इसलिए आप किसी भी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने से पहले एक बजट बनाएं। इसके बाद देखें कि आप यूनिवर्सिटी के प्रोग्राम की फीस और वहां पर रखने आदि का खर्चा फिट बैठ रहा है या नहीं। साथ ही यह भी चेक कर लें कि कितना स्टूडेंट लोन मिल पाएगा। बता दें कि कई विदेशी यूनिवर्सिटीज 100 फीसदी तक स्कॉलरशिप देती हैं।

पार्ट टाइम जॉब का स्कोप

विदेश की किसी भी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेते समय यह देखना ना भूलें कि विदेश में पढ़ाई के साथ ही आप कितने घंटे पार्ट टाइम में काम कर सकते हैं। क्योंकि कई छात्र पढ़ाई के साथ पार्ट टाइम जॉब भी करते हैं और अपना खर्च निकाल सकते हैं। इसलिए ऐसी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लें, जहां पर काम करने की छूट मिलती है।

डॉक्यूमेंट्स इकट्ठा करें

जब आपने कोर्स और यूनिवर्सिटी सेलेक्ट कर ली। पढ़ाई का खर्चा भी कैलकुलेट कर लिया तो अब आप अपने डॉक्यूमेंट्स एकत्र कर लें। डॉक्यूमेंट्स में आप अपना पासपोर्ट, आईडी, मोटिवेशन लेटर, एग्जाम स्कोर कार्ड, रिकमेंडेशन लेटर और स्टूडेंट वीजा आदि एकत्र कर लें। विदेश में पढ़ने की चाह रखने वाले छात्रों को एडमिशन से करीब 10-12 महीने पहले यूनिवर्सिटी और कोर्स फाइनल कर लेना चाहिए। इस दौरान अपना सीवी, बायोडाटा, एसओपी और रिकमेंडेशन लेटर आदि तैयार कर लें।

एंट्रेंस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन

अगर आपके द्वारा सेलेक्ट किए गए कोर्सेज में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम होता है, तो उसके लिए अप्लाई कर दें। विदेश में पढ़ाई करने के लिए SAT, GMAT, GRE जैसे कई एप्टीट्यूड टेस्ट के अलावा लैंग्वेज प्रोफिसिएंसी के लिए भी IELTS, TOEFL, PTE जैसी परीक्षाएं पास करनी होती हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

टॉप कॉलेज लिस्ट

- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड
- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, कैम्ब्रिज
- कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- इंपीरियल कॉलेज लंदन
- यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन
- शिकागो यूनिवर्सिटी

आत्माराम का भूत

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(जवाहरलाल नेहरु बाल साहित्य अकादमी, राजस्थान सरकार से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)

हैदराबाद के हलचल भरे शहर में वह एक अंधेरी, नीरस शाम थी। सड़कें दैनिक जीवन की हलचल से भरी हुई थीं क्योंकि लोग अपनी स्वार्थी इच्छाओं से ग्रस्त होकर इधर-उधर भाग रहे थे। एक समय जीवंत शहर मानवीय मूल्यों के पतन का प्रजनन स्थल सा लगता है, जहां लालच और महत्वाकांक्षा का बोलबाला चरम पर होता है। शहर के मध्य में, धनी और प्रभावशाली आत्माराम साहब का एक बड़ा बंगला था। वह बहुत धनवान और शक्तिशाली व्यक्ति था, लेकिन उसका दिल शहर की सड़कों पर चलने वाली सर्दियों की हवा की तरह सर्द और संवेदनाहीन था। उसने संदिग्ध व्यापारिक लेनदारियों और परिचितों को लूट पाटकर अपनी तिजोरी में पैसे के नाम पर लोगों की बद्दुआएं अर्जित की थी। यही कारण था कि अपने से कम भाग्यशाली लोगों के प्रति उसका तिरस्कार पूरे शहर में चर्चा का विषय था।

एक अशुभ घड़ी में, जब आत्माराम अपने मंद रोशनी वाले अध्ययन कक्ष में अकेले बैठे अपने गोरख धंधों से कमाई नोटों की गड्डियों की गिनती कर रहे था। तभी उसके पुराने व्यापारिक मित्र धनीराम उससे मिलने आया। धनीराम एक मनहूस और पीड़ित किस्म का व्यक्ति था, जो जीवन में अपने लालच और स्वार्थ की सजा के रूप में अनंत काल तक पृथ्वी पर भटकने के लिए अभिशप्त था। आत्माराम को देखते हुए धनीराम ने कराहते हुए कहा, 'मैं आपको उस चेष्टा के बारे में चेतावनी देने आया हूं जो नैतिक पतन के इस रास्ते पर जारी रहने पर आपका इंतजार कर रहा है। धन और शक्ति के लिए आपकी अतृप्त भूख ने आपको अपने आस-पास के लोगों की पीड़ा के प्रति अंधा कर दिया है, और यदि आप अपने तरीके नहीं बदलेंगे, तो आपको इसका भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।' आत्माराम ने धनीराम की चेतावनी का उपहास उड़ाया, और इसे अपने ही दोषी विवेक द्वारा लाया गया मात्र मतिभ्रम कहकर खारिज कर दिया। लेकिन जैसे-जैसे रात बीतती गई, उसके पास अलौकिक भूतों की एक श्रृंखला आई, जिन्होंने उसे उनके तरीकों की त्रुटि और उनके कार्यों के परिणाम दिखाए। पहला भूत अहंकार, आत्माराम को उसके अपने इतिहास की यात्रा पर ले गया, और उसे अपने जीवन के उन क्षणों को दिखाया जहां एक बार उसके पास एक दयालु और उदार भावना थी। लेकिन जैसे-जैसे साल बीतते गए, उसका दिल कठोर होता गया और लोभ से भस्म हो गया, जिससे उसके जीवन से सभी खुशी और करुणा दूर हो गई। दूसरे भूत क्रूरता ने आत्माराम को उन लोगों की पीड़ा दिखाई, जिनका उसने अपने लाभ के लिए बेरहमी से शोषण किया था। उसने परिवारों को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करते देखा, बच्चों को खतरनाक कारखानों में काम करने के लिए मजबूर किया, और बुजुर्गों को एक ऐसी दुनिया में खुद की देखभाल करने के लिए छोड़ दिया जिसने उससे मुंह मोड़ लिया था। अंतिम और तीसरा भूत लूटमपाट आत्माराम को एक गंभीर और उजाड़ भविष्य में ले गया, जहाँ उसने अपने लालच और क्रूरता का विनाशकारी प्रभाव देखा। उसने अपनी समाधि का पत्थर देखा, जिसे उपेक्षित और भुला दिया गया था, जो उन लोगों के तिरस्कार से घिरा हुआ था जिनके साथ उसने जीवन में अन्याय किया था। अफसोस और निराशा से अभिभूत होकर आत्माराम ने अपने तरीके बदलने और अपने द्वारा उत्पन्न दर्द और पीड़ा के लिए संशोधन करने की कसम खाई। उसने अपना दिल और अपनी तिजोरी जरूरतमंदों के लिए खोल दिए, वह जहां भी गया खुशी फैलाने लगा। उसका परिवर्तन किसी चमत्कार से कम नहीं था, और शहर के लोग उसकी नई उदारता और करुणा से प्रभावित हुए। जैसे-जैसे साल बीतते गए, शहर की सड़कें एक बार फिर सद्भावना और भाईचारे की भावना से भर गईं, क्योंकि जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग छुट्टियों के मौसम की खुशी का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए। आत्माराम मुक्ति और आशा का प्रतीक बन गया। इतना ही नहीं सबसे गहरे मानवीय आवेगों पर भी काबू पाने के लिए प्रेम और दया की शक्ति का प्रमाण बन गया। और इस प्रकार, शहर मे नष्ट हो रहे मानवीय मूल्यों को बहाल किया गया। शहर लालच और स्वार्थ पर मानवीय भावना की विजय का एक चमकदार उदाहरण बन गया। और जहां तक आत्माराम की बात है, उसे एक कंजूस बूढ़े व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि उस दुनिया में प्रकाश की किरण के रूप में याद किया जाने लगा जो कभी अंधकार से घिरी हुई थी।

सूडोकु नवताल- 6891

★★★★☆ मध्यम

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6890 का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7

दैनिक पंचांग

22 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृश्चिक में	धनु	08.14 बजे से
चंद्र	कुंभ में	मकर	10.19 बजे से
मंगल	वृश्चिक में	कुंभ	12.06 बजे से
बुध	वृश्चिक में	मीन	13.38 बजे से
गुरु	मेष में	मेष	15.09 बजे से
शुक्र	कन्या में	वृष	16.49 बजे से
शनि	कुंभ में	मिथुन	18.47 बजे से
राहु	मीन में	कर्क	21.00 बजे से
केतु	कन्या में	सिंह	23.17 बजे से
राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक		कन्या	01.29 बजे से
		तुला	03.39 बजे से
		वृश्चिक	05.54 ब.से

बुधवार 2023 वर्ष का 326 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास कार्तिक **पक्ष** शुक्ल
तिथि दशमी 23.05 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाभाद्रपदा 18.37 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 14.46 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 12.07 बजे तदनन्तर गर 23.05 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 08.6 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 20° 01'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1871805
जूलियन दिन 2460270.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना जमादि उलावल **तारीख** 07
विशेष कंश वध, वीर दुगार्दास राठौर पुण्यतिथि।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54 से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44 बजे तक
काल	08.15 से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47 बजे तक	चर	10.16 से	11.47 बजे तक
रोग	11.47 से	01.16 बजे तक	रोग	11.47 से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44 बजे तक	काल	01.19 से	02.51 बजे तक
चर	02.44 से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7953



बाएँ से दाएँ

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी -3,2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

ऊपर से नीचे

1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर, नशा, गरुर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाईन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

शब्द पहेली -7952 का हल

ह	ज	र	त		क	र	त	ब
र	न		र	म	ल		था	ह
द			ल		म	त		ला
म	हा	न		म	ना	क	र	ना
		र		ना		रा		
हा	थ	मा	र	ना		र	स	द
स		ई	ख		र			ल
नि	त		वा	द	क		क	द
क	र	ब	ला		म	ल	म	ल

आज का राशिफल

मेष राशि : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

वृष राशि : अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

मिथुन राशि : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

कर्क राशि : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

सिंह राशि : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

कन्या राशि : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें।

तुला राशि : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा।

वृश्चिक राशि : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

धनु राशि : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर राशि : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

कुंभ राशि : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

मीन राशि : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है।

राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 34 सदस्यीय महिला हॉकी टीम घोषित

पांच देशों के टूर्नामेंट में लेना है हिस्सा

एजेंसी। नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने सोमवार को वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर के बीच होने वाले 5 देशों के टूर्नामेंट से पहले बेंगलुरु के साई सेंटर में 22 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की है।

भारत, आयरलैंड, जर्मनी, बेल्जियम और मेजबान स्पेन वालेंसिया में पांच देशों के टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह 13 जनवरी 2023 से शुरू होने वाले सभी महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की तैयारियों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस महीने की शुरूआत में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद कैंप में लौटने पर भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी आत्मविश्वास महसूस करेंगी। भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत इस टूर्नामेंट में अजेय रहा। टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड ने भी भाग लिया था।

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने शिविर को लेकर कहा, एशियाई खेलों में कांस्य पदक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक के साथ हम पिछले कुछ महीनों में अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी गति बरकरार रखें और यह सुनिश्चित करें कि हम अगले साल महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए सही मानसिक स्थिति में बने रहें। हमारी नजरें पेरिस ओलंपिक पर टिकी हैं और एक स्थान सुनिश्चित करने के लिए हमें एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पांच देशों का टूर्नामेंट हमारे लिए यूरोपीय टीमों के खिलाफ खुद को परखने और अपनी रणनीतियों की योजना बनाने और जरूरत पड़ने पर संशोधन करने का एक अच्छा मौका है। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर हमें एक बार फिर से संगठित होने और उन क्षेत्रों पर काम करने की अनुमति देगा, जहां हमें अभी भी सुधार करने की जरूरत है और हमें एक रोडमैप प्रदान करेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम अपने तत्काल लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।

संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं

- **गोलकीपर :** सविता, रजनी इतिमारपु, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी
- **डिफेंडर :** दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी
- **मिडफील्डर :** निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, अजमीना कुजूर
- **फॉरवर्ड :** लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग

ब्लाइंड क्रिकेट में भारत, ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय शृंखला की संभावना

एजेंसी। नई दिल्ली

क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) के अधिकारियों ने सोमवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स से मुलाकात की। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप का फाइनल मैच देखने के लिए भारत आए थे। सीएबीआई के अध्यक्ष महंतेश जी किवदासनवर और महासचिव शैलेन्द्र यादव ने रिचर्ड मार्ल्स के साथ बातचीत की और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में एक ब्लाइंड क्रिकेट गेंद भेंट की। डॉ. महंतेश जीके और शैलेन्द्र यादव ने उप-प्रधानमंत्री को सराहना के तौर पर एक ब्लाइंड क्रिकेट गेंद भेंट की, जो नेत्रहीन क्रिकेट खिलाड़ियों की भावना और कौशल का प्रतीक है। ऑस्ट्रेलिया उपप्रधानमंत्री ने इस अनूठी गेंद को प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और सीएबीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ब्लाइंड क्रिकेट की अवधारणा से उनका पहला परिचय था। अधिकारियों के अनुसार, सीएबीआई और ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने भारत और ऑस्ट्रेलिया की दृष्टिबाधित क्रिकेट टीमों के बीच द्विपक्षीय शृंखला आयोजित करने की संभावनाओं पर चर्चा की। सीएबीआई के महासचिव शैलेन्द्र यादव ने इस अवसर के लिए आभार व्यक्त किया और नेत्रहीन क्रिकेट के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग के बारे में अपना आशावाद साझा किया।

एआईएफएफ ने किया ओडिशा सरकार के साथ समझौता

एजेंसी। भुवनेश्वर

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और ओडिशा सरकार ने मंगलवार को भुवनेश्वर में ओडिशा फुटबॉल अकादमी में एआईएफएफ-फीफा टैलेंट अकादमी स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर फीफा के वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख आर्सेन वेंगर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

समझौता ज्ञापन पर एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे और ओडिशा सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव आर. विनील कृष्णा ने हस्ताक्षर किए। ओडिशा के खेल मंत्री तुषार कांति बेहरा उपस्थित थे।

समारोह में, चौबे ने कहा, मैं भारतीय फुटबॉल को हरसंभव तरीके से समर्थन देने के लिए ओडिशा सरकार और फीफा अध्यक्ष को धन्यवाद देता हूं। उसी का परिणाम है कि आज भारत में महान आर्सेन वेंगर की उपस्थिति है।

उनका मार्गदर्शन, नेतृत्व, तकनीकी योजना और रणनीति भारत को सपने देखने में मदद करेगी। आइए एक छोटा कदम उठाएं और योग्यता के आधार पर फीफा अंडर-17 विश्व कप और जल्द ही सीनियर फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करें। मुझे एआईएफएफ-फीफा के माध्यम से बहुत उम्मीदें हैं।" उन्होंने टैलेंट एकेडमी से कहा कि हमें आने वाले तीन वर्षों में अपनी सर्वश्रेष्ठ अंडर-17 टीम मिलेगी।"

वेंगर ने कहा, मैं अपनी टीम के साथ भारत आकर खुश हूं। मैंने यहां ओडिशा में सुविधाएं और बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता देखी है। हमने महसूस किया है कि 211 देशों में से अधिकांश में वास्तविक युवा शिक्षा नहीं है। सबसे अच्छे देशों में छोटे बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा व्यवस्था है, इसलिए कई बच्चों को मौका ही नहीं मिल पाता।

वेंगर ने कहा, दुनिया की हर प्रतिभा को एक मौका देना ही हमारा कार्यक्रम है। भारत में प्रतिभा की पहचान करने के लिए, महान खिलाड़ी बनाने के लिए अच्छी शिक्षा और अच्छे स्तर की प्रतिस्पर्धा दें। इसमें कितना समय लग सकता है, हम नहीं जानते, लेकिन शिक्षा के बिना, हम वहीं रहेंगे जहां हम हैं। हमारा लक्ष्य भारत को मानचित्र पर वापस लाना है। किसी भी देश के पास शीर्ष पर रहने के लिए किसी अन्य देश से अधिक अधिकार नहीं हैं। हमारा बड़ा प्रयास बच्चों को शिक्षित करना है ताकि वे अपने जैसे अच्छे बन सकें हो सकता है। आप 15 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू नहीं कर सकते, आपको पांच या छह साल की उम्र में शुरूआत करनी होगी।

प्रो-कबड्डी देखकर कीवी क्रिकेटर इस गेम में हाथ आजमाने को तैयार

मुंबई। न्यूजीलैंड के स्टार तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने खेल जगत में एक नई चर्चा तेज कर दी है। उन्होंने अपने साथियों डेरिल मिचेल और टिम साउदी के साथ मिलकर कबड्डी खेलने का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि इस खेल के लिए मजबूत पैरों की जरूरत होती है। न्यूजीलैंड के क्रिकेटर बोल्ट, मिचेल सेंटनर और टॉम लाथम को कबड्डी का खेल दिलचस्प लगा जब उन्हें आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत में रहने के दौरान प्रो कबड्डी लीग की कुछ झलकियां दिखाई गई। इस बीच, बोल्ट ने अपने साथियों मिचेल और साउदी को कबड्डी में हाथ आजमाने का समर्थन करते हुए कहा, मैंने इसे कई बार देखा है। मुझे लगता है कि इस खेल के लिए आपको मजबूत पैरों की जरूरत है। मैं इस खेल के लिए डेरिल मिचेल और टिम साउदी का नाम लूंगा। इसके अलावा, सैंटनर ने ग्लेन फिलिप्स को कबड्डी में देखने की संभावना के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मुझमें शायद खेल के लिए फुर्ती है, लेकिन ताकत नहीं है। आपको कबड्डी के लिए चुस्त और मजबूत होने की जरूरत है। लॉकी फर्ग्यूसन अच्छा खेल सकते हैं। उनके पास मजबूत कोर और बड़े पैर हैं। खेल के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, विकेटकीपर-बल्लेबाज लाथम ने कहा, यह एक सुंदर शारीरिक खेल जैसा दिखता है।

एचएस प्रणय, चिराग शेट्टी और सात्विक की जोड़ी दूसरे दौर में

एजेंसी। शेन्जेन (चीन)

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय और पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मंगलवार को यहां सीधे गेम में जीत दर्ज करके चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए। एचएस प्रणय ने चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को 50 मिनट में 21-18, 22-20 से हराया। ताइपे शटलर ने पिछले हफ्ते कुमामोटो मास्टर्स जापान के दूसरे दौर में प्रणय को हराया था। भारतीय खिलाड़ी की शुरूआत धीमी रही और वह शुरूआती गेम में 6-9 से पिछड़ गए लेकिन ब्रेक तक वो 11-10 की बढ़त के साथ आगे बढ़े। फिर, उन्होंने 17-13 पर चार अंकों की बढ़त बना ली और 21-18 से विपक्षी की चुनौती को समाप्त कर दिया। दूसरा गेम कड़ा मुकाबला था, जिसमें दोनों खिलाड़ी पूरी जान झोंक रहे थे। पूरे गेम के दौरान कोई भी खिलाड़ी दो अंक से अधिक की बढ़त हासिल करने में सफल नहीं हो सका। गेम के मध्य ब्रेक के तुरंत बाद चेन प्रणय से थोड़ा आगे निकल गए और 18-16 की मामूली बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, प्रणय ने इसे 18-ऑल कर दिया और अपने दूसरे मैच प्वाइंट अवसर पर मुकाबले को सील कर दिया। पुरुष युगल में दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने इंग्लिश जोड़ी बेन लेन और सीन वेंडी पर केवल 37 मिनट में 21-13, 21-10 से आसान जीत दर्ज की। महिला एकल में आकर्षि कश्यप दुनिया की 17वें नंबर की स्थानीय शटलर झांग यी मैन से 33 मिनट में 12-21, 14-21 से हार गईं। आकर्षि बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर 2023 सीजन में नियमित रही हैं, लेकिन अभी तक दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। अन्य भारतीय लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत बुधवार को पुरुष एकल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। चाइना मास्टर्स के नतीजे पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की क्वालीफाइंग रैंकिंग में गिने जाएंगे। बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो इस साल 1 मई को शुरू हुआ और अप्रैल 2024 में समाप्त होगा।

होंडा रेसिंग इंडिया के रक्षित दवे एशिया टैलेंट कप 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

एजेंसी। गुरुग्राम

चेन्नई के 15 वर्षीय राइडर रक्षित श्रीहरि दवे ने वैश्विक रेसिंग की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है और प्रतिष्ठित एशिया टैलेंट कप 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चयन कार्यक्रम मलेशिया के प्रतिष्ठित सेपांग सर्किट में शुरू हुआ, जहां 89 सवारों का एक समूह इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में अपना स्थान अर्जित करने के लिए यात्रा पर निकला। उनमें से, केवल 41 सवारों ने उल्लेखनीय कौशल, दृढ़ संकल्प और वादे का प्रदर्शन किया जो उन्हें प्रतियोगिता के अंतिम चरण तक ले गया।

मोटरसाइकिल रेसिंग की दुनिया के प्रति अपनी अविश्वसनीय प्रतिभा और प्रतिबद्धता के प्रमाण में, रक्षित डेव ने विभिन्न एशिया-ओसनिया देशों के 10 अन्य सवारों के साथ एशिया टैलेंट कप 2024 में अपना स्थान अर्जित किया। आईएटीसी के 2024 सीजन में दस देशों: ऑस्ट्रेलिया, चीन, चीनी ताइपे, भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड और वियतनाम से 20 पूर्णकालिक राइडर्स दौड़ के लिए तैयार हैं।

आईसीसी का चौकाने वाला फैसला

अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2024 का मेजबान बना श्रीलंका

एजेंसी। नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट बोर्ड ने जनवरी में आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2024 के 15वें संस्करण के लिए एक नए मेजबान देश की घोषणा कर दी है। जनवरी में शुरू होने वाले टूर्नामेंट में 41 मैच होंगे और फाइनल फरवरी में होगा। पहले यह विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में करवाया जाना था लेकिन अब आईसीसी ने इसे श्रीलंका में कराने का फैसला लिया है। आईसीसी का यह फैसला चौकाने वाला है क्योंकि वह पहले ही श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को सरकारी हस्तक्षेप के बिना प्रबंधित करने में विफल रहने के लिए भंग कर चुका है। बोर्ड की बैठक के बाद यह पता चला कि श्रीलंका द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी दोनों प्रतियोगिताओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा जारी रख सकता है, हालांकि एसएलसी को मिलने वाली फंडिंग को आईसीसी द्वारा नियंत्रित किया जाएगा और परिणामस्वरूप, अंडर-19 प्रतियोगिता को उसी देश में स्थानांतरित कर दिया गया है जिसने इस साल की शुरूआत में महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप की मेजबानी की थी। भारत 5 बार यह खिताब जीता है।

4 ग्रुपों में बांटी हैं टीमें

- **ग्रुप ए :** भारत, बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका
- **ग्रुप बी :** इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड
- **ग्रुप सी :** ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और नामीबिया
- **ग्रुप डी :** अफगानिस्तान, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और नेपाल

वेंकटेश अय्यर की हुई सगाई

इंस्टाग्राम पर दिखाई खूबसूरत मंगेतर की फोटोज

एजेंसी। नई दिल्ली

कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने श्रुति रघुनाथन के साथ सगाई कर ली है। अय्यर ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर श्रुति के साथ अपनी सगाई की तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आने पर क्रिकेट जगत और प्रशंसकों ने 28 वर्षीय क्रिकेटर को सोशल मीडिया पर बधाई दी। वेंकटेश अय्यर की सगाई की तस्वीरों की बात करें तो इस जोड़े ने एक-दूसरे की आंखों में देखा। वेंकटेश को हल्के हरे रंग का कुर्ता पहने देखा गया, जबकि श्रुति ने शुभ अवसर पर प्रिंटेड साड़ी चुनी।

कौन हैं अय्यर की मंगेतर श्रुति रघुनाथन?

अपनी सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए वेंकटेश ने अपनी तस्वीरों में श्रुति रघुनाथन को टैग किया। हालांकि, श्रुति रघुनाथन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को प्राइवेट रखा है। परिणामस्वरूप, श्रुति रघुनाथन के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। हालांकि, रिपोर्ट्स की मानें तो श्रुति रघुनाथन पेशे से एक फैशन डिजाइनर हैं। बताया जा रहा है कि श्रुति ने पीएसजी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस से बी.कॉम पूरा किया है और निफ्ट, भारत से फैशन मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री हासिल की है। श्रुति वर्तमान में बेंगलुरु, कर्नाटक में लाइफस्टाइल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड में मर्चेंडाइज प्लानर के रूप में काम कर रही हैं। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, श्रुति को गायन में भी रुचि है।

विश्व कप 2023 | क्रिकेट के दर्शकों ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

फाइनल में पहुंचे 12.5 लाख दर्शक

एजेंसी। अहमदाबाद

भारत में हाल में संपन्न हुए वनडे विश्व कप के मैचों को 12 लाख 50 हजार दर्शकों ने स्टेडियम में जाकर देखा जो हर 4 साल में होने वाली इस प्रतियोगिता का नया रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में भारत को 6 विकेट से हराकर छह सप्ताह तक चलने वाली यह प्रतियोगिता जीती जो उसका छठा खिताब है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को बताया कि इस टूर्नामेंट को कुल 1,250,307 दर्शकों ने स्टेडियम में जाकर देखा। टूर्नामेंट में जब छह मैच बचे थे तभी दर्शकों का आंकड़ा 10 लाख की जादुई संख्या को पार कर चुका था। विश्व कप में दर्शकों का यह आंकड़ा नया रिकॉर्ड है। उसने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2015 में खेले गए विश्व कप के आंकड़े को पीछे छोड़ा, जिसमें कुल 10,16,420 दर्शक आए थे।

इंग्लैंड और वेल्स में 2019 में खेले गए विश्व कप को 7,52,000 दर्शकों ने स्टेडियम में जाकर देखा था। भारत में खेले गए विश्व कप में कुल 10 टीम ने हिस्सा लिया था जिन्होंने राउंड रोबिन आधार पर एक दूसरे से मैच खेले। सेमीफाइनल और फाइनल सहित टूर्नामेंट में कुल 48 मैच खेले गए और इस तरह से प्रति मैच दर्शकों की संख्या लगभग 26,000 रही।

ब्राजील अंडर17 फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में

जकार्ता। एस्टेवाओ विलियन के दो और लुइघी हनरी के एक गोल की बदौलत ब्राजील ने यहां इक्वाडोर को 3-1 से हराकर अंडर-17 फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य जावा प्रांत के मनाहन स्टेडियम में ब्राजील के खिलाड़ियों ने इक्वाडोर के 15 की तुलना में 21 शॉट लगाए। पहले हाफ के दौरान इक्वाडोर के लिए माइकल बरमूडेज ने एक गोल किया। ब्राजील के उत्साहित कप्तान विटोर रीस ने अंतिम सीटी बजने पर कहा, हम जानते थे कि यह आसान नहीं होगा। डिफेंडर ने कहा, हमने उनके खिलाफ चार मैच खेले हैं और चार सीधे ड्रॉ रहे हैं। वे सभी बहुत कठिन खेल रहे हैं। हमने आज मौकों का फायदा उठाया और मुस्कुराते हुए चले आये।

गागर में सागर

अमेजन का 'द ब्यूटी सेल' 24 से 26 नवंबर तक

रांची। आगामी 24 से 26 नवंबर तक अमेजॅन ब्यूटी पर पावर्ड बाई मेबेलिन अमेजॅन की द ब्यूटी सेल लोरियल प्रोफेशनल के सहयोग से शुरू होने जा रही है। इस सेल में अपने पसंदीदा ब्यूटी प्रोडक्ट पर 60% और लक्जरी ब्यूटी प्रोडक्ट पर 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इस साल की 'द ब्यूटी सेल' को सौंदर्य प्रेमियों की विविध जरुरतों और पसंदों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। किसी भी प्रीमियम ब्यूटी प्रोडक्ट की शानदार लाइनअप, के-ब्यूटी से लेकर बाबीकोर लुक तक ट्रेंडिंग जेन जेड पसंदीदा प्रोडक्ट, सस्टेनेबल ब्यूटी ब्रांड, मल्टीपर्पज प्रोडक्ट की एक विविध श्रृंखला और नवीनतम ब्यूटी डिवाइस में से अपना पसंदीदा प्रोडक्ट चुनिये। मेबेलिन, लोरियल प्रोफेशनल, बायोटिक, कामा आयुर्वेद, स्विस ब्यूटी, लैक्मे, रैनी कॉस्मेटिक्स, मायग्लैम, कलरबार कॉस्मेटिक्स, पाउला चॉइस समेत अन्य के 300 से अधिक ब्रांड पर आकर्षक 8000+ डील्स का आनंद उठाएं। जेबा खान, डायरेक्टर ब्यूटी, पर्सनल केयर और लक्जरी ब्यूटी, अमेजन इंडिया,ने कहा कि 'द ब्यूटी सेल' में प्रीमियम स्किनकेयर, मेकअप और लक्जरी प्रोडक्ट शामिल हैं।

लगातार गिर रहा है भारतीय करेंसी का भाव

नई दिल्ली। भारतीय करेंसी रुपये के भाव में लगातार गिरावट देखी जा रही है। सोमवार को एक बार फिर से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये के भाव में गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही भारतीय करेंसी अपने लाइफटाइम लो लेवल तक गिर गई। यह गिरावट ऐसे समय आई है, जब सोमवार के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार में भी गिरावट देखी गई है। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विगत सोमवार के कारोबार में रुपये के भाव में 7 पैसे की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ भारतीय करेंसी डॉलर के मुकाबले 83.34 रुपये पर आ गई। यानी अब एक डॉलर का भाव 83.34 रुपये के बराबर हो गया। एक दिन पहले यानी पिछले सप्ताह के शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 83.27 पर रहा था। इस तरह सोमवार के कारोबार में भाव में 0।08 फीसदी की गिरावट आई। आज के कारोबार में गिरावट भले ही मामूली रही, लेकिन इसके साथ ही भारतीय करेंसी का भाव अपने ऑल टाइम लो लेवल यानी इतिहास के सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे पहले 10 नवंबर को भी रुपया इसी स्तर पर बंद हुआ था। 10 नवंबर के कारोबार के दौरान रुपया और नीचे तक गिरा था। उस दिन के कारोबार में एक समय भाव 83.42 तक डाउन हुआ था। रुपये में इस गिरावट के लिए डॉलर की तेजी जिम्मेदार नहीं है।

कोर्ट ने रेलवे पर लगाया 15 हजार का जुर्माना

नई दिल्ली। कोर्ट ने रेलवे पर लापरवाही के आरोप में 15 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। एक यात्री ने शिकायत की थी कि यात्रा के दौरान गरीब रथ ट्रेन में न तो एसी चल रहे थे और न ही पंखे। इसके चलते डिब्बे में हवा की कमी हो गई थी। उसे दमघोंटू माहौल में यात्रा करने की असुविधा झेलनी पड़ी। इस केस में कोर्ट ने साउथ सेंट्रल रेलवे के खिलाफ फैसला सुनाया और जुर्माना लगा दिया। टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, याचिकाकर्ता केवीएस अप्पा राव ने आरोप लगाया था कि एसी और पंखे न चलने की जानकारी उसने रेलवे के अधिकारियों को दी थी। साथ ही मुआवजे के लिए पत्र भी लिखा था। मगर, कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर जिला उपभोक्ता फोरम ने कहा कि यह साफ तौर पर लापरवाही और सेवाओं में कमी का मामला है। दक्षिण मध्य रेलवे इलेक्ट्रिक समस्या का समाधान नहीं निकाल पाई। इसकी वजह से यात्री को असुविधा हुई। इसलिए रेलवे याचिकाकर्ता को 15 हजार रुपये हर्जाने के तौर पर दे।

टाटा के टाइटन शेयर ने रचा इतिहास निवेशकों की चांदी

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन ने मंगलवार को एक नया मुकाम हासिल किया है। यह 3 ट्रिलियन रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) क्लब में शामिल होने वाली टाटा समूह की दूसरी कंपनी बन गई। इस कंपनी के शेयर मंगलवार के इंट्रा-डे कारोबार में बीएसई पर लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,400 रुपये की नई ऊंचाई पर पहुंच गए। बता दें कि टाटा ग्रुप की दूसरी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज है। यह कंपनी 12.95 लाख करोड़ रुपये मार्केट कैप के साथ दूसरे नंबर पर है। टाइटन कंपनी की अगले पांच साल में इंजीनियरिंग, डिजाइन, लक्जरी, डिजिटल, डेटा विश्लेषण, विपणन और बिक्री सहित अन्य क्षेत्रों में 3,000 से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति की योजना है। कंपनी को डेटा विश्लेषण, साइबर सुरक्षा, उत्पाद प्रबंधन, डिजिटल मार्केटिंग और अन्य नए जमाने के कौशल जैसे क्षेत्रों के लिए कुशल पेशेवरों की तलाश है।

शेयर बाजार में शुरूआत से ही दिखी तेजी

सेंसेक्स 65860 पर खुला

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में तेजी लौट आई है और लगातार दो दिन गिरने के बाद आज मंगलवार को स्टॉक मार्केट की मंगल शुरूआत हुई है। कल अमेरिकी बाजारों की जोरदार रैली का असर आज घरेलू शेयर बाजार पर दिख रहा है और वहां से सपोर्ट मिलने के बाद इंडियन स्टॉक मार्केट भी ऊपरी लेवल पर जाने में कामयाब रहा है। आज बाजार के हैवीवेट्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी की बढ़त से बाजार को सपोर्ट मिल रहा है और ये ऊपरी लेवल के साथ ओपन हुआ है। घरेलू शेयर बाजार की ओपनिंग में आज बीएसई का 30 शेयरों वाला बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 205.31 अंक या 0.31 फीसदी की उछाल के साथ 65,860 के लेवल पर खुला है। एनएसई का 50 शेयरों वाला बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 76.90 अंक या 0.39 फीसदी की उछाल के साथ 19,770 के स्तर पर ओपन हुआ है।

सेंसेक्स का कैसा है हाल : सेंसेक्स के शेयरों की बात करें तो इसके 30 में से 23 शेयरों में उछाल देखा जा रहा है और केवल 7 शेयर गिरावट के लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। सबसे ज्यादा चढ़ने वाले स्टॉक्स में जेएसडब्ल्यू स्टील 1.16 फीसदी चढ़ा है। टाटा स्टील 1.08 फीसदी ऊपर है और एचडीएफसी बैंक 0.80 फीसदी की मजबूती दिखा रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.69 फीसदी की उछाल है और इंफोसिस 0.67 फीसदी की बढ़त पर है। एचसीएल टेक में 0.62 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। निफ्टी के 30 में से 37 शेयरों में उछाल के साथ कारोबार देखा जा रहा है और 13 शेयरों में गिरावट बनी हुई है। टॉप गेनर्स में अडानी एंटरप्राइजेज सबसे ज्यादा 2 फीसदी उछला है। हिंडाल्को 1.85 फीसदी की बढ़त पर है और जेएसडब्ल्यू स्टील 1.32 फीसदी की ऊंचाई के साथ कारोबार कर रहा है। टाटा स्टील 1.21 फीसदी की उछाल पर है और बजाज फाइनेंस में 1.02 फीसदी की तेजी बनी हुई है।

बैंक निफ्टी भी आज चढ़ा : बैंक निफ्टी में आज मजबूती देखी जा रही है और ये 157 अंक चढ़कर 43,742 के लेवल पर ट्रेड कर रहा है। एचडीएफसी बैंक की सपोर्ट से बैंक निफ्टी को मजबूती मिल रही है।

प्री-ओपनिंग में कैसा रहा बाजार : स्टॉक मार्केट की प्री-ओपनिंग में बीएसई का सेंसेक्स 235.12 अंक या 0.36 फीसदी की उछाल के साथ 65890 के लेवल पर दिखाई दे रहा था। वहीं एनएसई का निफ्टी 88.50 अंक या 0.45 फीसदी की जोरदार बढ़त के साथ 19782 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था।

अर्थव्यवस्था के बढ़ने के साथ वाणिज्यिक वाहन उद्योग भी बढ़ेगा : वीईसीवी

नई दिल्ली। घरेलू वाणिज्यिक वाहन उद्योग की बिक्री चालू वित्त वर्ष में 2018-19 के उच्चस्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। वीई कमर्शियल वेहिकल्स (वीईसीवी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद अग्रवाल ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि अगले कुछ साल के दौरान वाणिज्यिक वाहन उद्योग की वृद्धि कुल अर्थव्यवस्था की वृद्धि के साथ चलेगी। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह (अप्रैल-अक्टूबर) में हेवी ड्यूटी ट्रक खंड में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अग्रवाल ने कहा, "हम उम्मीद कर रहे हैं कि इस साल उद्योग या तो शिखर के बहुत करीब होगा या यह वित्त वर्ष 2018-19 के उच्चस्तर को भी पार कर सकता है।" उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था 5,000 अरब डॉलर को पार कर जाएगी। इसके साथ ही उद्योग भी आगे बढ़ेगा। अग्रवाल ने कहा, ह्यह्यअगले कुछ वर्षों में इस वृद्धि के कुछ बुनियादी कारण हैं। अगर हम अर्थव्यवस्था को देखें, तो फिलहाल हम अब लगभग 4,000 अरब डॉलर के आंकड़े पर हैं और जिस तरह से यह आगे बढ़ रही है, यह 5,000 से 7,000 अरब डॉलर तक पहुंचने वाली है।

वेडिंग सीजन से ठीक पहले सोना पहुंचा 61,000 के पास, चांदी में भी आई तेजी

एजेंसी। नई दिल्ली

शादियों के सीजन की भारत में शुरूआत होने वाली है। ऐसे में लोग जमकर सोने की खरीदारी करते हैं। अगर आपके घर में भी शादी है और आप गोल्ड और सिल्वर की ज्वैलरी खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो आपकी जेब पर आज बोझ बढ़ने वाला है। मंगलवार यानी 21 नवंबर 2023 को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना और चांदी दोनों हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं। सोने की बात करें तो यह वायदा बाजार में 60,805 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है। इसके बाद इसकी कीमत और बढ़त देखी गई है और यह कल के मुकाबले आज सुबह 380 रुपये यानी 0.63 फीसदी की जबरदस्त उछाल के साथ 61,037 रुपये प्रति ग्राम पर कारोबार कर रहा है। कल मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 60,657 रुपये पर देखा गया था।

चांदी के दाम में आया 600 रुपये से ज्यादा का उछाल : सोने के अलावा मंगलवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी भी जबरदस्त उछाल के साथ कारोबार कर रही है। चांदी 72,644 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर खुली थी। इसके बाद इसकी कीमत और तेजी देखी गई है और यह कल के मुकाबले फिलहाल 617 रुपये यानी 0।85 फीसदी तेजी के साथ 73,261 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया है। सोमवार को चांदी 72,644 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बंद हुई थी।

सोने का आयात न करते तो बहुत पहले जीडीपी 5,000 अरब डॉलर होता : नीलेश शाह

मुंबई। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएम-ईएसी) के अस्थायी सदस्य नीलेश शाह ने सोमवार को कहा कि सोने के आयात की आदत नहीं होती तो भारत 5,000 अरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लक्ष्य को बहुत पहले' ही हासिल कर लिया होता। म्यूचुअल फंड उद्योग के दिग्गज शाह ने कहा कि पिछले 21 वर्षों में भारतीय लोगों ने अकेले सोने के आयात पर लगभग 500 अरब डॉलर खर्च कर दिए हैं। शाह ने कहा, हम 5,000 अरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का प्रधानमंत्री का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं लेकिन हम सिर्फ एक आदत से दूर रहकर बहुत पहले ही 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गए होते। हमने शायद सही वित्तीय निवेश न करके भारत की जीडीपी का एक-तिहाई हिस्सा गंवा दिया है। भारतीयों ने पिछले 21 वर्षों में शुद्ध आधार पर सोने के आयात पर 375 अरब डॉलर खर्च किए हैं।

यूएन में उठा इजराइल-हमास जंग का मुद्दा

वाशिंगटन। भारत ने जारी इजराइल-हमास संघर्ष के बीच मानवीय आधार पर युद्ध विराम के प्रयासों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय के उन प्रयासों की भी सराहना की है जिनका उद्देश्य तनाव कम करना और फलस्तीन के लोगों को तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करना है। गाजा पट्टी में मानवीय दशा को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में पूर्ण सत्र की अनौपचारिक बैठक में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सोमवार को जोर देकर कहा कि भारतीय नेतृत्व का संदेश स्पष्ट और सुसंगत" रहा है। कंबोज ने कहा, भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय के उन सभी प्रयासों का स्वागत करता है जो संघर्ष को कम करने के लिए हैं और फलस्तीन के लोगों को तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करने को सक्षम बनाते हैं।

विदेश

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकवादी ढेर, एक सैनिक की भी मौत

एजेंसी। पेशावर

पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए दो अभियान के दौरान कम से कम तीन आतंकवादियों को मार गिराया जबकि आईईडी विस्फोट में एक सैनिक की भी मौत हो गई। सेना ने यह जानकारी दी। डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची इलाके में सोमवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई जबरदस्त गोलीबारी में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। पाकिस्तान सेना की सूचना शाखा ने एक बयान में कहा कि दक्षिण वजीरिस्तान जिले के कोट आजम क्षेत्र में चलाए गए एक अलग अभियान में गोली लगने से एक आतंकवादी मारा गया। विभाग ने कहा कि सुरक्षा बलों ने मारे गए तीनों आतंकवादियों के पास से हथियार एवं गोलाबारूद बरामद किए

जो सुरक्षा बलों एवं आम नागरिकों के खिलाफ कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।उत्तर वजीरिस्तान जिले के घरयूम क्षेत्र में एक अन्य घटना में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के विस्फोट में एक सैनिक की भी मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने इलाके में किसी भी आतंकवादी की मौजूदगी को खत्म करने के लिए इन इलाकों में अभियान शुरू किया है। सेना ने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पहल भारत ने हमेशा आजाद फिलिस्तीन बनाने का किया समर्थन

हम जंग रुकवाने की कोशिश में, जल्द होगा सीजफायर : हमास चीफ

एजेंसी। तेल अवीव

इजराइली सेना ने दावा किया है कि वो 72 घंटों में गाजा के जैतून इलाके पर कब्जा कर लेगी। इजराइली सेना ने दावा किया है कि वो 72 घंटों में गाजा के जैतून इलाके पर कब्जा कर लेगी। संयुक्त राष्ट्र संघ यानी यूएन में गाजा के मानवीय हालातों पर चर्चा हुई। इस दौरान यूएन में भारत की राजदूत रुचिरा कम्बोज ने कहा कि भारत हमेशा से आजाद फिलिस्तीन बनाने का समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा है कि भारत दुनिया में हो रही हर उस कोशिश के साथ हैं, जिससे जंग की वजह से गाजा में बने मानवीय हालात सुधर सकें। वहीं, हमास चीफ इस्माइल हानिये ने कहा है कि वो सीजफायर को लेकर होने वाली डील के काफी करीब पहुंच चुके हैं। एएफपी के मुताबिक हानिये ने कहा है कि डील को लेकर हम अपने जवाब कतर और मध्यस्थता

कर रहे बाकी पार्टियों को भी बता चुके हैं। अमेरिका और कतर के अधिकारियों ने भी होस्टेज डील होने की बात स्वीकार की है। हमास की कैद में सभी बंधकों के परिजन विगत सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिले। हमास की कैद में सभी बंधकों के परिजन सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिले। गाजा में ग्राउंड ऑपरेशन चला रही इजराइली सेना के अब तक 66 सैनिक मारे जा चुके हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक काफी मामले ऐसे हैं जिसमें इजराइली सैनिक अपने ही साथियों की गोलियों से मर रहे हैं। इसे फ्रेंडली-फायरिंग यानी गलती से की गई फायरिंग कहा जाता है। इस तरह के मामलों में सैनिक जंग के दौरान दुश्मन पर गोली चलाते हैं पर वो गलती से उन्हीं के साथी को लग जाती है। सिर्फ इजराइल ही नहीं हर जंग के दौरान फ्रेंडली फायरिंग के

गाजा में ग्राउंड ऑपरेशन चला रही इजराइली सेना के अब तक 66 सैनिक मारे जा चुके हैं। इजराइल के मुताबिक काफी मामले ऐसे हैं जिसमें इजराइली सैनिक अपने ही साथियों की गोलियों से मर रहे हैं

मामले सामने आते हैं, अफगान जंग के दौरान 9 जून 2014 को एक ही दिन में 5 अमेरिकी सैनिक फ्रेंडली फायर का शिकार हो गए थे। इजराली सेना ने कहा है कि वो फ्रेंडली फायर के मामलों की जांच कर रही है, ताकि आगे इन्हें होने से रोका जा सके। वहीं, आईडीएफ ने कहा है कि अब तक 300 हमास और इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों से पूछताछ की गई है। ये लोग इजराइल को हमास की टनल और हथियारों के ठिकानों के बारे में जानकारियां दे रहे हैं।

पेज एक के शेष

आदिवासी भाई-बहनों के...

ने केंद्र सरकार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रेल सहित हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। यह तभी संभव है, जब सबका साथ व सबका विश्वास हो। राष्ट्रपति ने कहा कि मयूरभंज अंचल के सर्वांगीण विकास को लेकर मैंने जो सपना देखा था, वह आज पूरा हो रहा है। नई ट्रेनों के परिचालन होने से न सिर्फ मयूरभंज अंचल झारखंड और पश्चिम बंगाल से सीधे जुड़ेगा, बल्कि व्यापार के नए रास्ते भी खुलेंगे। इसके साथ ही यात्री सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी भाई-बहनों के विकास के लिए काफी काम कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में की जा रही पहल इसका उदाहरण है। मयूरभंज अंचल को तीन नई ट्रेन देने के लिए उन्होंने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव सहित केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राष्ट्रपति बदामपहाड़ से ट्रेन में बैठकर अपने गृह क्षेत्र मयूरभंज जिला स्थित रायरंगपुर स्टेशन पहुंचीं। राष्ट्रपति ने अमृत भारत योजना के अंतर्गत बदामपहाड़ स्टेशन के 12 करोड़ की लागत से पुनर्विकास योजना का शिलान्यास, रायरंगपुर डाक विभाग के नए कार्यालय का उदघाटन व डाक विभाग के स्मारक विशेष आवरण का विमोचन भी किया। इस अवसर पर ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जलशक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री विश्वेश्वर टुडू समेत कई बड़े नेता उपस्थित थे।

परिस्थितियां चाहे...

सहयोगी बनाएं और स्वस्थ वातावरण में रहें। इससे निश्चित तौर पर बच्चे मानसिक रूप से मजबूत होंगे तथा किसी भी परिस्थिति और किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद और अन्य क्रिएटिविटी भी काफी जरूरी है। इससे बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है और उसको निखारने के मौके मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि खेल के माध्यम से भी बच्चे अपना भविष्य बना रहे हैं। आप भी खेल से जुड़े और इसमें सरकार की ओर से आपको सभी सहयोग दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री को यूनिसेफ की ओर से बताया गया कि रांची और पश्चिम सिंहभूम जिले में लगभग 10 हजार बाल पत्रकार हैं। ये सभी बाल पत्रकार विभिन्न विद्यालयों से जुड़े हुए हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी बच्चों को राज्य के बाहर के भी अच्छे और बेहतर संस्थानों और अन्य संस्थाओं का चरणबद्ध तरीके से भ्रमण कराएं। इन्हें बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनी और मेला में भी ले जाएं। इससे बच्चों को एक्स्पोजर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार की ओर से भी सहयोग किया जाएगा। मौके पर मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव, यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनीनिका मित्रा, कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट आस्था अलंग, कंसलटेंट राजेश कुमार झा और देवांजलि मंडल तथा एनबीजेके के सुष्मिता भट्टाचार्जी, विवेक कुमार, सरिता देवी और दिवाकर प्रसाद मौजूद थे।

चोरी या गुम ...

बेबसाइट पर मौजूद हैं सभी आप्शन : ceir.gov.in ये सीईआईआर की आधिकारिक वेबसाइट है। वेबसाइट को ओपन करने पर आपको लॉस्ट योर मोबाइल ,ब्लॉक स्टोलेन एंड लोस्ट मोबाइल, अनब्लॉक एंड फाउंड मोबाइल के ऑप्शन मिलेंगे। अगर आपका मोबाइल चोरी हो गया है तो आप स्टोलेन ऑप्शन पर जाएं ,अगर आपका मोबाइल गुम हुआ है तो आप लोस्ट मोबाइल के ऑप्शन पर जाएं। इसके लिए आपको जरूरी कागजात अपने साथ रखने होंगे जैसे गुमशुदगी के लिए दर्ज किया गया सनहा का स्कैन कॉपी, अपने मोबाइल का आईएमआई नम्बर, फोन नम्बर, ऑनर का नाम और कुछ अन्य जानकारियां। सभी जानकारियां देने के बाद आपके मोबाइल पर एक ओटीपी नंबर आएगा जिसे इंगित करते ही आपका मोबाइल ब्लॉक कर दिया जाएगा। अगर पुलिस के द्वारा या फिर खुद से ही आपका मोबाइल बरामद हो जाता है तो आप फिर उसी पोर्टल में जाकर अपने मोबाइल को अनब्लॉक भी कर सकते हैं।

5 दिन बाद भी आरोपी...

प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त किया गया था उसके आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा नही लगा हुआ है। गांव में एक जगह सीसीटीवी कैमरा लगा भी हुआ है लेकिन उसका फुटेज पुलिस के किसी काम नहीं आया। इस केस में पुलिस पूरी तरह से ह्यूमन इंटेलिजेंस पर ही आश्रित है। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरसा ने बताया कि 16 नवंबर की रात धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ की गई थी जिसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे और उन्होंने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया था। तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए सीसीआर डीएसपी के नेतृत्व में एक सीट का गठन किया गया है जिसमें पांच थाना प्रभारी भी शामिल है। उम्मीद है कि जल्दी इस कांड में शामिल आरोपी धर दबोचे जाएंगे।

गांव वालों का भरोसा जीत रही पुलिस : वहीं दूसरी तरफ एक साथ पांच धार्मिक स्थलों पर हुए तोड़फोड़ की वजह से पूरा मांडर अंदर ही अंदर से लग रहा है। गांव में लगातार बैठके की जा रही है। सूचना यह भी है कि अगर जल्द इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो एक बार फिर से ग्रामीण सड़क पर उतर सकते हैं। हालांकि दूसरी तरफ मांडर और चान्हो थाना प्रभारी लगातार ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनका विश्वास जीतने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें यह भरोसा दिलाया जा रहा है कि पुलिस अपना काम कर रही है जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।

गांव मे रात में गश्त : तनाव को देखते हुए मुड़मा गांव में पुलिस गस्त तेज कर दी गई है। रांची डीआईजी ने बताया कि मुड़मा में पुलिस की चहल कदमी बढ़ा दी गई है। पुलिस लगातार आसपास के गांव में भी नजर रख रही है।

झारखंड लोस के ...

पायी है, पश्चिमी सिहंभूम और राजमहल से पार्टी के नए चेहरे सामने आ सकते हैं। कुछ उम्मीदवार बढ़ती उम्र के कारण दोबारा चुनाव मैदान में नहीं उतारे जाएं, उनकी जगह पर भी नए चेहरे सामने आ सकते हैं। वैसे सासंद जिनका अब तक का कामकाज बहुत अच्छा, अच्छा या बहुत संतोषजनक रहा, उनको छोड़कर शेष सांसदों के बारे में भी पार्टी उनकी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कोई भी फैसला ले सकती है।

संभावनाएं अनंत पर ...

पर्यटन उद्योग से जुड़े लोग यह बताते हैं कि झारखंड बनने के बाद इसके आधारभूत संरचना में काफी सुधार हुआ पर अभी भी पर्यटन की मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। पर्यटन को उद्योग मानने वाले राज्यों में टूरिस्ट पुलिस है जो विनम्र और शालीन व्यवहार के साथ पर्यटकों को ठगे जाने बचाव करती है मॉनिटरिंग करती है और किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहती है। हिमाचल में पर्यटन को बढ़ावा देने में इनका बहुत बड़ा योगदान है जबकि झारखंड में मनमाने रेट और स्थानीय लोगों का दुर्व्यवहार पर रोक्क या मॉनिटरिंग की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे कुछ दुखी पर्यटक हजारों को भड़का देते हैं जिनकी भूमिका इसे बढ़ावा देने की हो सकती थी। पर्यटन को जिन राज्यों में बढ़ावा मिला है उनमें होटलों का सर्वे कराकर मापदंड तय किए गए हैं जिसके आधार पर उनका किराया तय कर उन्हें पर्यटन विभाग से मान्यता दी गई है जबकि झारखंड में ऐसा कुछ भी नहीं है। झारखंड के पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जिस दक्षता से होनी चाहिए थी नहीं हुई। भ्रष्टाचार और लालफीताशाही के आरोप भी लगते रहे। सरकार को चाहिए व्यापारी, होटल और टूर-ट्रैवल संचालकों के साथ मीडिया और समाज के प्रबुद्ध लोगों से एक मंच पर वार्ता करे उनकी बातें सुनें और अपने धरोहरों या पर्यटन स्थलों के साथ जनजातीय-क्षेत्रीय सांस्कृतिक परंपरा को इसमें शामिल करे। विश्व प्रसिद्ध छौ, करम-सरहुल और सोहराई जैसे त्योहार झारखंड की पहचान बन सकते हैं । सबसे बड़ी बात लाखों लोगों को अपने गांव या घर ले पास हो रोजगार मिलेगा जिससे माओवाद और पलायन पर रोक लग सकती बशर्ते प्रयास ईमानदारी से हो।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

गागर में सागर

प्रधानमंत्री और उप्र के सीएम को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस की टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपित को चूनाभट्टी इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पहचान कामरान खान (29) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार सोमवार रात को कामरान खान ने मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में फोन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद उसने जेजे अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी। उसके बाद फोन रख दिया। इस फोन की जानकारी कंट्रोल रूम ने वरिष्ठ अधिकारियों को दी, जिसके बाद मामले की छानबीन शुरू कर दी गई। पुलिस ने धमकी देने वाले के फोन नंबर तलाशने का प्रयास शुरू किया और चूनाभट्टी इलाके से कामरान खान को गिरफ्तार कर लिया।

शंकर नेत्रालय के संस्थापक डॉ. एसएस बद्रीनाथ का निधन

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े धर्मार्थ नेत्र अस्पताल शंकर नेत्रालय के संस्थापक डॉ. एसएस बद्रीनाथ का मंगलवार को चेन्नै में निधन हो गया। उनके उल्लेखनीय सेवाकार्यों के लिए उन्हें पद्म भूषण पद्मश्री और डॉ. बीसी रॉय पुरस्कार जैसे कई सम्मान हासिल हुए। तमिलनाडु कांग्रेस के उपाध्यक्ष राम सुगंथन ने डॉ. बद्रीनाथ के निधन की जानकारी एक्स पर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। 83 वर्षीय डॉ. सेंगामेदु श्रीनिवास बद्रीनाथ ने विदेश में पढ़ाई और गहन शोध के बाद 1978 में परोपकारियों के एक समूह के साथ मिलकर मद्रास में मेडिकल एंड विजन रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की।

बिहार : मधुबनी में डीएम की गाड़ी ने तीन को रौंदा, सभी की मौत

पटना। मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र में मधेपुरा के जिलाधिकारी की गाड़ी से मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हुआ, जिसमें तीन की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सुबह करीब 8.30 बजे एनएच 57 पर फुलपरास थाना क्षेत्र में दरभंगा से मधेपुरा की ओर जा रही डीएम की गाड़ी ने फुलपरास पुरवारी टोला के पास एक महिला और उसके बच्चे को कुचल दिया। इसके बाद एनएच किनारे काम कर रहे मजदूर को भी कुचल दिया। मृतक महिला का नाम गुड़िया देवी (28) और उसकी सात वर्षीय बच्ची है। वहीं, एक अन्य मृतक मजदूर की पहचान अभी नहीं हुई है।

भ्रष्टाचार, वंशवाद व तुष्टीकरण भारत को विकसित राष्ट्र बनने में बाधक : मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला किया और कहा कि ये तीन बुराइयां भारत को विकसित राष्ट्र बनने से रोक रही हैं। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को राजस्थान के बारां में भाजपा की विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि देश के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है, लेकिन राजस्थान को विकसित बनाए बिना भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य अधूरा है। मोदी ने कहा, जब तक भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण नाम के देश के तीन दुश्मन हमारे बीच हैं, तब तक ये संकल्प पूरा होना मुश्किल है। कांग्रेस इन तीन बुराइयों की सबसे बड़ी

प्रतीक है। मोदी ने राजस्थान की राजनीति में चर्चा का केंद्र बनी लाल डायरी को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को घेरते हुए कहा कि आजकल लाल डायरी की सबसे अधिक चर्चा है। इस लाल डायरी के पन्ने जैसे-जैसे खुल रहे हैं, वैसे-वैसे जादूगर जी के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही हैं। इस डायरी में साफ-साफ लिखा है कि कांग्रेस सरकार ने 5 वर्षों में आपके जल, जंगल और जमीन को कैसे बेचा है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के तार किससे जुड़ रहे हैं, ये किसी से छिपा नहीं है। मैंने कहीं पढ़ा कि कांग्रेस के विधायक ने यहां के मंत्री के लिए कहा है - भाया रे भाया खूब खाया, एक गांव तो पूरा ही खाया।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस में मंत्री हों, विधायक हों सब बेलगाम हैं और जनता त्रस्त है। कांग्रेस ने राजस्थान की जनता को लुटेरों, दंगाइयों, अत्याचारियों और अपराधियों के हवाले कर दिया है। इसलिए आज राजस्थान का बच्चा-बच्चा कह रहा है - गहलोत जी कोनी मिले वोट जी। महिला सुरक्षा को लेकर गहलोत सरकार को घेरते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दंगाइयों के साथ-साथ यहां कांग्रेस सरकार के मंत्री बहनों-बेटियों पर अत्याचार करने वालों के साथ भी खड़े रहते हैं। जो कांग्रेस सरकार जान-माल और सम्मान की सुरक्षा तक नहीं कर सकती, उस सरकार को एक भी पल रहने का हक नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जन-जन का कल्याण ही भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भाजपा सेवा, सुशासन, विकास, गरीब कल्याण और महिला सशक्तीकरण की पर्याय है। महिला सुरक्षा और महिला कल्याण भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। कांग्रेस की नीतियों के कारण आज राजस्थान उन राज्यों में से एक है जहां बेरोजगारी और महंगाई सबसे अधिक है। राजस्थान में भाजपा सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर टैक्स कम किया था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने टैक्स वापस बढ़ाकर लोगों की जेब काट ली है।

मिसाइल-गोला बारूद से लैस नौसेना के बार्ज नौका का जलावतरण

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के बेड़े में मिसाइल व गोला बारूद से लैस, बार्ज नौका शामिल की गई है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक मिसाइल और गोला बारूद से लैस नौका 'बार्ज एलएसएएम 10 (यार्ड 78)' का जलावतरण 20 नवंबर को किया गया। इस नौका का इस्तेमाल गोला-बारूद लाने, ले जाने में किया जाएगा। इस नौका की विशेषताओं के बारे में बताते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 'बार्ज एलएसएएम 10 (यार्ड 78)' की उपलब्धता भारतीय नौसेना को समुद्री घाटों व बाहरी बंदरगाहों पर सामान तथा गोला-बारूद को लाने-ले जाने और उतारने की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही यह भारतीय नौसेना की परिचालन प्रतिबद्धताओं को गति भी प्रदान करेगी। बार्ज, एलएसएएम 10 (यार्ड 78) का जलावतरण 20 नवंबर को आंध्र प्रदेश में गुट्टेनादेवी, पूर्वी गोदावरी से किया गया। इस मौके पर कमोडोर शनमुगम सबेसन, सीआरओ (पूर्व) मौजूद रहे। मिसाइल और गोला बारूद से लैस बार्ज नौकाओं के निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय और मेसर्स सेकॉन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम के बीच 19 फरवरी 2021 को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इन बार्ज नौकाओं की उपलब्धता परिवहन, आवश्यक सामान को लाने-ले जाने और चढ़ाने-उतारने की सुविधा प्रदान करके भारतीय नौसेना की परिचालन गतिविधियों को तेजी प्रदान करेगी।

स्कूली पुस्तकों में शामिल हो सकते हैं रामायण-महाभारत

एजेंसी। नई दिल्ली

एनसीईआरटी जल्द ही स्कूली पुस्तकों में रामायण और महाभारत से जुड़े चैप्टर्स को शामिल कर सकती है। रामायण और महाभारत से जुड़े अध्याय एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में शामिल किए जाने की योजना है। जानकारी के मुताबिक एनसीईआरटी के एक उच्च स्तरीय पैनल ने इसकी शिफारिश की है। एनसीईआरटी के पैनल ने अपनी सिफारिश में कहा है कि 'शास्त्रीय काल' के इतिहास के हिस्से के रूप में रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य स्कूली पुस्तकों में शामिल किए जाने चाहिए। हालांकि अभी तक एनसीईआरटी ने इस विषय पर कोई आधिकारिक सहमति या जानकारी साझा नहीं की है। जानकारी के मुताबिक उच्च-स्तरीय पैनल ने कक्षाओं की दीवारों पर संविधान की प्रस्तावना स्थानीय भाषाओं में लिखे जाने की सिफारिश भी की है। पैनल ने पाठ्यपुस्तकों में भारतीय ज्ञान प्रणाली, वेदों और आयुर्वेद को शामिल करने का सुझाव दिया। गौरतलब है कि अभी इन सभी सुझावों पर एनसीईआरटी की स्वीकृति आना बाकी है। इसके अलावा एनसीईआरटी की स्कूली पाठ्य पुस्तकों में इंडिया की जगह भारत लिखा जा सकता है। एनसीईआरटी की उच्च स्तरीय समिति ने इंडिया के स्थान पर भारत लिखे जाने की सिफारिश भी की है। वहीं, पाठ्यपुस्तकों में इंडिया का नाम बदलकर भारत करने पर एनसीईआरटी का कहना है कि, इन खबरों पर किसी भी प्रकार कि टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी। एनसीईआरटी का कहना है कि नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकें विकास की प्रक्रिया में है। इस उद्देश्य के लिए एनसीईआरटी द्वारा संबंधित विषय विशेषज्ञों के विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्र समूहों को अधिसूचित किया जा रहा है।

राजस्थान चिरंजीवी योजना भारत की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना होगी : राहुल

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। इसमें राज्य सरकार के स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम की राशि को 25 लाख रुपये से दोगुना कर 50 लाख रुपये करने का वादा किया गया है। घोषणा पत्र जारी होने के कुछ घंटे बाद पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना भारत का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम बन जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब या मध्यमवर्गीय परिवार को इलाज के लिए अपने गहने गिरवी रखने या घर बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, "मैंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी से कहा कि राजस्थान की क्रांतिकारी चिरंजीवी योजना के तहत मुफ्त इलाज की राशि को मौजूदा 25 लाख रुपये से और बढ़ाया जाना चाहिए। आज, इसे बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया है। मुफ्त इलाज, इसे भारत की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना बनाता है। केरल

के वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने कहा, अब, राजस्थान में गरीब या मध्यम वर्ग के परिवारों को सबसे अच्छा इलाज मिल सकता है। उन्हें अपना घर नहीं बेचना पड़ेगा या कर्ज नहीं लेना पड़ेगा, कोई आभूषण गिरवी नहीं रखना पड़ेगा। यह कांग्रेस की गारंटी है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, "राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है जहां लोगों को चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा था। अब इस योजना के तहत 50 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। वास्तव में राजस्थान के लोगों के लिए चिरंजीवी है। कांग्रेस ने फिर से पूरे दिल से काम किया। यह टिप्पणी कांग्रेस के मंगलवार को अपने घोषणापत्र में चिरंजीवी बीमा की राशि 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने की घोषणा के बाद आई है।

यूपी के चित्रकूट में बस व कार की टक्कर में पांच की मौत

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के जनपद चित्रकूट में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर को रोडवेज जनरथ बस और कार की आमने-सामने टक्कर हुई। हादसे एक मासूम बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस मृतकों की शिनाख्त का प्रयास कर रही है। अधिकांश घायल और मृतक मध्य प्रदेश के निवासी बताए जा रहे है। मुख्यमंत्री योगी ने जनपद में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

सीएम नीतीश कुमार हो गए अहंकारी

कहते हैं 'जो पिएगा वो मरेगा' : प्रशांत किशोर

एजेंसी। पटना

बिहार के सीतामढ़ी और गोपालगंज में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से हुई लोगों की मौत के बाद सियासत शुरू हो गई है। इसी बीच चर्चित चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मंगलवार को कहा कि सीएम नीतीश कुमार को इस बात का अहंकार हो गया है कि हम यहां से हट ही नहीं सकते। उन्होंने कहा कि शराब से लोगों के घर उजड़ रहे हैं और सीएम कहते हैं कि जो पिएगा वो मरेगा। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि ऐसे आदमी को बिहार के लोग अगर वोट देते हैं, तो गलती नीतीश कुमार की नहीं है, बिहार की जनता की है। प्रशांत किशोर ने बिहार के लोगों से सवालिया लहजे में कहा कि आखिर ऐसे लोगों को वोट देते है तो इसका सबसे बड़ा गुनाहगार यहां की जनता है। नेता तो अपनी कुर्सी के लिए वोट मांग रहा है, जनता की क्या मजबूरी है। बिहार धरती में मात्र ऐसा राज्य है, जहां 10 लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हो जाए और राज्य का मुखिया नीतीश कुमार इतना अहंकारी है कि देखने तक नहीं गए।

10वें दिन सुरंग में पहुंचा एंडोस्कोपिक कैमरा, दिखे भीतर फंसे हुए 41 मजदूर

एजेंसी। उत्तरकाशी

कैमरे के सुरंग में भेजे जाने को लेकर सीएम धामी ने भी ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने लिखा 'सिल्क्यारा, उत्तरकाशी में निमार्णाधीन टनल में फंसे श्रमिकों की पहली बार तस्वीर प्राप्त हुई है। सभी श्रमिक भाई पूरी तरह सुरक्षित हैं, हम उन्हें शीघ्र सकुशल बाहर निकालने हेतु पूरी ताकत के साथ प्रयासरत हैं।' सोमवार को मजदूरों की स्थिति देखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था, पर अंदर धूल होने से तस्वीरें साफ नहीं आ पाईं। अब दिल्ली से एंडोस्कोपिक कैमरे

मंगाए गए थे जिन्हें मंगलवार को पाइप से भीतर पहुंचाया गया। इस दौरान कैमरे से टनल के भीतर फंसे हुए सभी 41 मजदूर दिखाई दिए। सभी सुरक्षित हैं।

रेस्क्यू में ये संगठन जुटे : भारतीय सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बीआरओ, एनएचआईडीसीएल, उत्तराखंड पुलिस, एसजेवीएनएल, आरवीएनएल, लार्सन एंड टूब्रो, टीएचडीसी, आपदा प्रबंधन विभाग, जिला प्रशासन, ओएनजीसी, आईटीबीपी, राज्य लोनिवि, डीआरडीओ, परिवहन मंत्रालय, होमगार्ड्स आदि।

आईसीएमआर ने जारी अध्ययन रिपोर्ट में बताया

हार्ट अटैक का वैक्सीन से कोई संबंध नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अध्ययन के मुताबिक युवाओं में दिल का दौरा पड़ने की घटनाओं का कोरोना वैक्सीन से कोई संबंध नहीं है। कोरोना टीकाकरण के कारण युवाओं में अचानक मृत्यु की घटनाएं नहीं बढ़ी हैं, बल्कि उनके पारिवारिक स्वास्थ्य इतिहास और जीवन शैली इसके लिए जिम्मेदार हो सकती है।

मंगलवार को आईसीएमआर ने जारी अध्ययन रिपोर्ट में बताया कि देश में युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु की आशंका कोरोना के बाद अस्पताल में भर्ती होने, मृत्यु का पारिवारिक स्वास्थ्य इतिहास और जीवन शैली इसके कारण हो सकते हैं। आईसीएमआर ने इस अध्ययन में 47 अस्पतालों को शामिल

किया था, जिसमें 18-45 वर्ष के आयु के बीच के मरीजों को शामिल किया गया था, जिन्हें कोई दिल से संबंधित बीमारी या दूसरी गंभीर बीमारी नहीं थी लेकिन कोरोना के बाद उनकी अचानक मौत हो गई। आईसीएमआर ने साल 2021 से 2023 के दौरान अस्पष्ट कारणों से हुई मौत को शामिल कर उनके कारणों पर अध्ययन किया।

अध्ययन में यह भी कहा गया है कि मौजूदा प्रदूषण की स्थिति, धूम्रपान, शराब की लत या बहुत ज्यादा शारीरिक व्यायाम भी अचानक हुए मौत के कारण हो सकते हैं। इसके साथ ज्यादा शराब के सेवन से भी अचानक मौत का खतरा बढ़ता है। हालांकि पिछले दो सालों में अचानक हुई मौतों के पीछे स्पष्ट कारण अलग अलग हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जीबी पंत अस्पताल द्वारा एक रिसर्च में भी कोरोना वैक्सीन और हार्ट अटैक के जोखिम बढ़ने के बीच कोई संबंध नहीं मिला है। इस स्टडी में कुल 1578 लोगों को शामिल किया गया था। अध्ययन में कोरोना का टीका लेने के बाद दिल का दौरा पड़ने के कोई वैज्ञानिक सबूत नहीं मिले हैं।

FILMY हलचल

टाइगर फ्रैंचाइजी मेरे सबसे पसंदीदा ब्रांडों में से एक : सलमान खान

हिंदी सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक सलमान खान अपनी

फिल्म टाइगर-3 के साथ एक और सफलता की कहानी लिखकर खुश हैं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म दुनियाभर में चार सौ करोड़ की कमाई करने और हिंदी सिनेमा के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी दिवाली हिट दर्ज की है। इस संबंध में सलमान कहते हैं, 'तीन टाइगर फिल्में, तीन सफलता की कहानियां। टाइगर फ्रेंचाइजी मेरे दिल में बसती है और मुझे खुशी है कि इसने दर्शकों के दिलों में भी अपनी जगह बना ली है। टाइगर फ्रैंचाइज मेरे सबसे पसंदीदा ब्रांडों में से एक है और निश्चित रूप से एक विरासत ब्रांड है, जो हमेशा मेरी फिल्मोग्राफी को चमकदार बनाए रखेगा। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनकी पहली टाइगर फिल्म न केवल एक ब्लॉकबस्टर टाइगर फ्रैंचाइजी के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि प्रसिद्ध वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के लिए भी आधारशिला बनाएगी, जिसने केवल हिट फिल्में दी हैं। सलमान कहते हैं, ह्यजब 'मैं एक था टाइगर' कर रहा था, तो मुझे नहीं पता था कि हमारा सीक्वल बनेगा, इस तथ्य को भूल जाइए कि अब हमारे पास 'टाइगर-3' में थ्रीक्वल है।

वीर दास ने बेस्ट कॉमेडी के लिए जीता इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड

कॉमेडियन वीर दास ने अपने कॉमेडी स्पेशल 'वीर दास - लैंडिंग' के लिए बेस्ट कॉमेडी कैटेगिरी में इंटरनेशनल एमी जीतकर भारत को गौरवान्वित किया और लोकप्रिय ब्रिटिश किशोर सिटकॉम 'डेरी गर्ल्स' सीजन-3 के साथ अवॉर्ड शेयर किया। 51वां इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स समारोह सोमवार देर रात न्यूयॉर्क शहर के न्यूयॉर्क हिल्टन मिडटाउन में आयोजित किया गया। वीर ने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ उनके काम की मान्यता नहीं है बल्कि भारत की विविध कहानियों और आवाजों का जश्न है।

फिल्म 'विवाह-3' को बिहार में मिल रहा बढ़िया रिस्पांस

महापर्व छठ पर रिलीज निमार्ता निशांत उज्ज्वल, प्रदीप पांडेय चिंटू और आम्रपाली दुबे की फिल्म "विवाह-3" को बिहार में शानदार ओपनिंग मिली है। खबरों के अनुसार, फिल्म "विवाह-3" को बिहार के सभी सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। यह फिल्म भी पहले और दूसरे पार्ट की तरह बॉक्स ऑफिस पर अब तक शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म देखकर सिनेमाघरों से बाहर आ रहे दर्शकों का कहना है कि फिल्म बेहद खूबसूरत बनी है और इसे हर वर्ग के लोगों को देखना



चाहिए। इस फिल्म ने एक बार फिर से महिला दर्शकों को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित किया है। ये कहना है फिल्म के निमार्ता निशांत उज्ज्वल का। निशांत ने बताया कि फिल्म "विवाह-3" को 24 नवम्बर को सम्पूर्ण भारत में रिलीज होना है, लेकिन उससे पहले यह फिल्म बिहार में जिस तरह का रिस्पोंस हासिल कर रही है, उससे हम सभी को उम्मीद है कि यह साल की सबसे बड़ी फिल्म बनकर उभरेगी। निशांत ने कहा कि हमने फिल्म को बड़ी शिद्दत से बनाया है और अब दर्शकों का जो प्यार मिल रहा है, उसके लिए आभार। मैं सभी से अपील करूंगा कि जिन लोगों ने अभी तक फिल्म नहीं देखी है, वे जरुर अपने पूरे परिवार के साथ जाकर फिल्म देखें वहीं, फिल्म पंडितों का मानना है कि छठ पूजा की छुट्टियों का फिल्म को बेहद फायदा मिल रहा है।